राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com




# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 142, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली गुरुवार 07 दिसंबर 2023, मूल्य : 2 /-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

**मुख्य अपडेट**

एबीवीपी का 69वां राष्ट्रीय अधिवेशन होने जा रहा है राजधानी दिल्ली में .... पेज 03

महामानव थे बाबा साहब, उनके आदर्शों से लें प्रेरणा, विभाजनकारी ताकतों से रहें .... पेज 05

एचएआर और घुम्मनहेड़ा राइजर, सैल्यूट, मार्कंडेश्वर और नामधारी इलेवन अपने मुकाबले जीते .... पेज 07

## बिहार : आरा के एक्सिस बैंक में साढ़े 16 लाख की डकैती

### एसपी समेत 150 पुलिसकर्मी राइफल-पिस्टल लेकर सरेंडर-सरेंडर चिल्लाते रहे, लुटेरे भाग चुके थे



भोजपुर। बिहार के आरा शहर के एक्सिस बैंक में बुधवार को 14 मिनट में साढ़े 16 लाख की डकैती हुई है। बैंक लूटे जाने की खबर मिलने पर पुलिस ने बैंक की इमारत को घेर लिया। करीब आधे घंटे तक सरेंडर-सरेंडर चिल्लाती रही। लेकिन बदमाश पुलिस के पहुंचने से पहले ही भाग चुके थे। आरा के बजाज मोड़ स्थित एक्सिस बैंक में सुबह करीब 10 बजकर 15 मिनट पर 5 अपराधी कस्टमर बनकर बैंक में घुसे। बैंक का शटर अंदर से गिरा दिया। बैंक के 12 स्टाफ को बंधक बनाया। उनके मोबाइल छीने। मारपीट कर 10 कर्मचारियों को कैंटीन में बंद कर दिया। इस दौरान एक कस्टमर बैंक से भाग निकला। अपराधी डर गए और लॉकर नहीं लूट पाए। काउंटर पर रखे 16.50 लाख रुपए लेकर भाग निकले। सभी अपराधियों की उम्र 18 से 20 साल के बीच है। कैंटीन में बंद एक कर्मचारी ने, जिसने अपना मोबाइल छिपा लिया था, पुलिस को फोन करके लूट की जानकारी दी। 15 मिनट (10.30 बजे) बाद एसपी प्रमोद कुमार समेत 150 से ज्यादा पुलिसकर्मी मौके पर पहुंच गए। भोजपुर पुलिस की स्पेशल टीम को भी बुला लिया गया। पुलिस ने बैंक को चारों ओर से घेर लिया। कुछ पुलिसकर्मी राइफल-पिस्टल लेकर छत पर तैनात हो गए। 30 मिनट तक पुलिस वाले सरेंडर करने के लिए बैंक के बाहर से अनाउंसमेंट करते रहे। पुलिस की एक टीम बैंक के शटर पर लगे ताले को तोड़कर अंदर घुसी। गेट से चार फीट की दूरी पर कैंटीन थी। वहां से कर्मचारियों को रेस्क्यू किया। बैंक से बाहर आए कर्मचारी मिराज ने बताया कि अंदर 7 से 8 की संख्या में अपराधी हैं। सभी के पास हथियार हैं। हमारे 2 स्टाफ अभी अंदर फंसे हैं।

पुलिस के जवान बुलेट प्रूफ जैकेट पहनकर बैंक के अंदर गए। एक-एक रूम की तलाशी ली, लेकिन बदमाश कहीं नहीं मिले। पुलिस को चैंबर में बंद बैंक मैनेजर और बाथरूम में गार्ड मिला।

## विस चुनाव जीतने वाले 10 सांसदों ने लोकसभा से दिया इस्तीफ़ा



नयी दिल्ली। मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ से विधानसभा चुनाव जीतने वाले भारतीय जनता पार्टी के 10 सांसदों ने लोकसभा से इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफ़ा देने वालों में मध्य प्रदेश के पांच सांसद हैं, जिनमे नरेंद्र सिंह तोमर, प्रहलाद सिंह पटेल, रीति पाठक, राव उदय प्रताप सिंह और राकेश सिंह शामिल है। इसके अलावा राजस्थान के सांसद दीया कुमारी, राज्यवर्धन राठौड़ और किरोड़ी लाल मीणा ने भी इस्तीफा दे दिया है, जबकि छत्तीसगढ़ के सांसदों में अरुण साव, गोमती साईं ने भी इस्तीफा दिया है।

## तूफान मिचौंग से चेन्नई में तबाही

### 72 घंटे से बिजली नहीं, इंटरनेट बंद; वायु सेना के हेलिकॉप्टर से खाना पहुंचाया जा रहा



चेन्नई। बंगाल की खाड़ी से 2 दिसंबर को उठा साइक्लोन मिचौंग 5 दिसंबर को आंध्र प्रदेश तट से टकराया। उससे पहले तूफान ने चेन्नई में काफी तबाही मचाई। यहां एक दिन में सबसे ज्यादा 50 सेमी बारिश हुई।

बारिश के चलते कई इलाके पिछले दो दिनों से बाढ़ में डूबे हैं। कई इलाकों में 72 घंटे से बिजली नहीं आ रही, इंटरनेट बंद है। भारतीय वायु सेना के हेलिकॉप्टर से बाढ़ में फंसे लोगों तक खाना पहुंचाया जा रहा है।

तमिलनाडु में तूफान की वजह से राज्य में 2 दिनों में 3 महीने की बारिश हुई। चेन्नई शहर पानी में डूब गया, जिससे 20 लोगों की मौत हो गई।

सीएम एमके स्टालिन ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर 5060 करोड़ रुपए की मदद मांगी। डीएमके सांसद टीआर बालू ने इसे राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग की।

राज्य के चेन्नई, चेंगलपट्टू, तिरुवल्लूर और कांचीपुरम जिलों में स्कूलों में होने वाली छमाही परिक्षाएं पोस्टपोन कर दी गईं।

पीएम मोदी ने एक्स (पहले ट्विटर) पर चक्रवात के चलते जान गंवाने वाले लोगों के प्रति संवेदना जताई।

आईएमडी के महानिदेशक ने बुधवार को कहा- तूफान मिचौंग कमजोर हो गया है।

### मेरी संवेदनाएं मिचौंग में प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के साथ: मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि उनकी संवेदनाएं उन लोगों के साथ है जिन्होंने इस प्राकृतिक आपदा में अपने प्रियजनों को खो दिया है। प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और पुडुचेरी में चक्रवात से प्रभावित सभी लोगों के लिए प्रार्थना भी की। मोदी ने कहा कि उनकी प्रार्थना घायल या प्रभावित लोगों के साथ हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी प्रभावित लोगों की सहायता के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं और स्थिति पूरी तरह सामान्य होने तक वे अपना काम जारी रखेंगे। मोदी ने कहा मेरी संवेदनाएं उन लोगों के साथ हैं जिन्होंने चक्रवात मिचौंग के कारण अपने प्रियजनों को खो दिया है, विशेष रूप से तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और पुडुचेरी में।

## कश्मीरी पंडितों को आरक्षित सीटें, जम्मू का बढ़ेगा कोटा

### लोकसभा में जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन संशोधन विधेयक और आरक्षण संशोधन विधेयक पास



नई दिल्ली। लोकसभा में जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन संशोधन विधेयक और आरक्षण संशोधन विधेयक पास हो गया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इसे पेश किया था। उन्होंने इस पर भाषण देते हुए बताया कि इन विधेयकों को मंजूरी मिलने से जम्मू-कश्मीर की विधानसभा में विस्थापित कश्मीरी पंडितों को आरक्षण मिलेगा। उन्होंने कहा कि तीन सीटों पर विधायक मनोनीत होंगे। दो सीटें विस्थापित कश्मीरी पंडितों के लिए होंगी और एक सीट पीओके से आए विस्थापितों के लिए होगी। कश्मीरी पंडितों के लिए तय दो सीटों में से एक महिला के लिए होगी।

अमित शाह इस दौरान आक्रामक अंदाज में नजर आए। उन्होंने कहा कि कश्मीर में जब आतंकवाद चालू हुआ तो किसी ने आज तक कुछ नहीं किया था। लेकिन उन पीड़ितों के लिए आज पीएम नरेंद्र मोदी ने न्याय करने की कोशिश की है। उन लोगों की पीड़ा की हम कल्पना नहीं कर सकते, जिनका कश्मीर से पलायन हुआ और करोड़ों की संपत्ति छोड़कर वे बेंगलुरु, दिल्ली और हैदराबाद तक जाकर बसे। उनकी संपत्तियों पर कब्जे हो गए। इसे छुड़ाने के लिए हमने कानून बनाया ताकि उन्हें वापस अपनी संपत्ति मिल सके। विधानसभा में आरक्षण की जानकारी देते हुए अमित शाह ने कहा कि जम्मू में पहले 37 सीटें थीं और अब उन्हें बढ़ाकर 43 कर दिया है।

### जम्मू की बढ़ गई सीटें, पंडितों के लिए आरक्षण लागू

इसके अलावा कश्मीर में पहले 46 थीं, जो अब 47 हो गई हैं। इसके अलावा पीओके की 24 सीटों को भी आरक्षित रखा गया है। अमित शाह ने कहा कि यह सब इसलिए हो सका है कि हमने आर्टिकल 370 को हटा दिया। अमित शाह ने कहा कि कई लोगों ने पूछा कि विस्थापितों को आरक्षण देने से क्या होगा ? उन्होंने कहा कि इससे उनकी आवाज सुनी जाएगी और वे विधानसभा में अपनी बात रख सकेंगे। अमित शाह ने कहा कि सीटों का यह परिसीमन आबादी और क्षेत्र के आधार पर होगा। अब जम्मू-कश्मीर विधानसभा में कुल सीटें 114 होंगी, इनमें से 90 पर चुनाव होगा। अन्य 24 सीटें पीओके के लिए होंगी।

### तीन जंगों में विस्थापित लाखों लोगों को मिली मदद

2019 में आर्टिकल 370 हटने के बाद से अब तक हुए बदलावों की जानकारी भी अमित शाह ने दी। उन्होंने कहा कि 1.6 लाख लोगों को कश्मीर में स्थायी निवास प्रमाण पत्र भी हमने दिया। इन लोगों के पास राज्य में दशकों से रहने के बाद भी नागरिकता नहीं मिली थी। उन्होंने इस दौरान राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि इंग्लैंड में छुट्टी मनाकर आप कश्मीर के हालात नहीं जान सकते।

## महादेव सट्टा ऐप केस, आरोपी के पिता ने किया सुसाइड

### ईडी ने दुर्ग से बेटे असीम दास को 5 करोड़ के साथ पकड़ा था

रायपुर/दुर्ग। महादेव सट्टा ऐप मामले में गिरफ्तार कोरियर असीम दास के पिता सुशील दास (65) ने आत्महत्या कर ली है। दुर्ग पुलिस ने सुशील दास का शव मंगलवार को गांव के ही कुएं से बरामद किया है। बताया जा रहा है कि बेटे की गिरफ्तारी के बाद से सुशील दास काफी परेशान चल रहा था। मामला अंडा थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक सुशील दास 5 साल से अछोटी में चौकीदार था और रूपेश गौतम के फॉर्म हाउस में काम करता था। ड्यूटी के बाद जब वह अपने कमरे में नहीं मिला और घर नहीं लौटा तो उसकी तलाश शुरू की गई। इस पर फॉर्म हाउस में बने कुएं में ही उसका शव बरामद हुआ।

अंडा थाना प्रभारी आनंद शुक्ला ने बताया कि कुएं से एक डेड बॉडी मिली है, जिसकी पहचान 62 वर्षीय सुशील दास के रुप में की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

2 नवंबर को ईडी ने रायपुर के ट्रायटॉन होटल में और भिलाई के एक मकान में छापेमारी की थी। इस दौरान 5 करोड़ से ज्यादा की रकम बरामद हुई। ड्राइवर असीम दास और पुलिस कॉन्स्टेबल भीम सिंह यादव को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी असीम दास ने करोड़ों रुपए कांग्रेस नेताओं को पहुंचाने की जानकारी दी थी । दोनों आरोपी फिलहाल जेल में हैं।

## साल 2022 में शत्रुता को बढ़ावा देने वाले अपराधों में 31 प्रतिशत का हुआ इजाफा

National Crime Records Bureau

एजेंसी

नई दिल्ली। एनसीआरबी के अनुसार, 2022 में पूरे भारत में आईपीसी की धारा 153ए के तहत 1,500 से अधिक मामले दर्ज किए गए, जो नफरत भरे भाषण के अपराधों सहित विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देता है। इन मामलों में 2021 से 31.25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, लेकिन 2020 से 15.57 प्रतिशत की गिरावट आई है। डेटा से पता चला कि पिछले साल, इनमें से सबसे अधिक 1,523 मामले उत्तर प्रदेश (217) में दर्ज किए गए थे, इसके बाद राजस्थान (191), महाराष्ट्र (178), तमिलनाडु (146), तेलंगाना (119), आंध्र प्रदेश (109), और मध्य प्रदेश ( 108) से हैं। साल 2020 में, ऐसे सात राज्य थे जिनमें प्रत्येक में 100 से अधिक ऐसे मामले थे - आंध्र प्रदेश, असम, कर्नाटक, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश। एनसीआरबी के इसी वर्ष के आंकड़ों से पता चलता है कि 2020 में तमिलनाडु में सबसे अधिक 303 मामले दर्ज किए गए।

### मध्य प्रदेश में अपराधों की संख्या लगभग तीन गुना बढ़ी

वहीं अगर साल 2022 की बात करें तो मध्य प्रदेश में ऐसे अपराधों की संख्या लगभग तीन गुना बढ़कर 108 हो गई, जो 2021 में 38 थी। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, राज्य में 2020 में ऐसे 73 मामले दर्ज किए गए थे।कुछ राज्यों में तो आंकड़े 2021 से बढ़कर 2022 में दोगुने से भी ज्यादा हो गए, जैसे उत्तर प्रदेश (217 और 108), महाराष्ट्र (178 और 75), राजस्थान (191 और 83), गुजरात (40 और 11)।

## गोमूत्र विवाद पर बढ़े बवाल के बाद बैकफुट पर विपक्ष

### डीएमके सांसद सेंथिलकुमार ने संसद में मांगी माफी



नई दिल्ली। हिंदी भाषी राज्यों को गोमूत्र बेल्ट कहने वाले डीएमके सांसद एस. सेंथिलकुमार ने बुधवार को सदन में माफी मांग ली और अपने बयान पर खेद जताया। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही इस पर जमकर हंगामा हुआ था और भाजपा सांसदों ने डीएमके सांसद के खिलाफ नारेबाजी की थी। सेंथिल तीन हिंदी भाषी राज्यों में भाजपा की जीत का जिक्र पर तंज कसते हुए कहा था कि उसने गोमूत्र वाले राज्यों में जीत हासिल की है। इस मसले पर दक्षिण बनाम उत्तर की जंग छिड़ती दिख रही थी और भाजपा ने तो इसे लेकर कांग्रेस तक पर हमला बोल दिया था। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने इसे देश और सनातन के खिलाफ बताते हुए माफी की मांग की। इसके चलते लोकसभा की कार्यवाही भी 12 बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी।

फिर जब दोपहर 12 बजे के बाद सदन दोबारा शुरू हो तो सेंथिलकुमार ने माफी मांग ली। उन्होंने कहा कि मैं अपने बयान को लेकर दुख जताता हूं और उसे वापस लेता हूं। उन्होंने कहा कि इसे संसद की कार्यवाही से भी हटा लेना चाहिए। इस पर स्पीकर ने कहा कि यह पहले ही बाहर हो चुका है और आपको माफी मांगनी चाहिए थी, जो आपने मांग ली है। दरअसल यह मसला दक्षिण बनाम उत्तर का रूप लेता जा रहा था। भाजपा ने तो इसे लेकर कांग्रेस को भी घेरना शुरू कर दिया था और कहा था कि यह भारत की संस्कृति, सनातन धर्म और देश का अपमान है।

भाजपा के एक सांसद ने तो इसी बहाने राहुल गांधी पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि अमेठी में हारने के बाद राहुल गांधी ने भी उत्तर और दक्षिण भारत को बांटने वाला बयान दिया था। दरअसल डीएमके के सेंथिलकुमार ने भाजपा की जीत का जिक्र करते हुए संसद में कहा था कि वह हिंदी भाषी राज्यों में ही जीत सकती है, जिन्हें हम गोमूत्र राज्य कहते हैं।

### कांग्रेस पर बचा उत्तर भारत का सिर्फ एक ही राज्य

उनका यह बयान चुनाव नतीजों के बाद उत्तर और दक्षिण में राजनीतिक ट्रेंड को लेकर छिड़ी बहस के बीच आया था। कांग्रेस ने दक्षिण के तेलंगाना में जीत हासिल की है, जबकि भाजपा मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में जीती है। कांग्रेस की बात करें तो उसके पास उत्तर भारत में सिर्फ हिमाचल प्रदेश में ही सरकार है। इसके अलावा दक्षिण के कर्नाटक और तेलंगाना में वह सत्ता में है।

**हत्या-आत्महत्या**

### हथौड़े से किया वार, नशे का इंजेक्शन लगाया, मार्डन रेल कोच के आवासीय परिसर में रहते थे

## रायबरेली में डॉक्टर ने पत्नी, बेटा, बेटी की हत्या करके आत्महत्या की



लालगंज (रायबरेली)। रायबरेली में लालगंज स्थित मॉडर्न रेल कोच फैक्ट्री में तैनात डॉक्टर ने पत्नी, बेटा और बेटी की हत्या करके सुसाइड कर लिया। कोच फैक्ट्री कैंपस में बने सरकारी आवास में चारों के शव बरामद हुए हैं। डॉक्टर का शव फंदे पर लटका हुआ था। हाथ में वीगो लगी थी। जबकि पत्नी, बेटी और बेटे के शव बेड पर थे। पुलिस को कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं बरामद हुआ है।

मामला लालगंज कोतवाली के मॉडर्न रेल कोच फैक्ट्री के आवासीय परिसर का है। जहां के रहने वाले नेत्र चिकित्सक अरुण कुमार ने अपने परिवार को पहले नशीले इंजेक्शन दिए बाद में सभी की हतौड़े से मार कर हत्या कर दी। इसके बाद खुद को धारदार औजार से काटने की कोशिश करते हुए फांसी लगा ली। रेल कोच आवासीय परिसर के भीतर एक साथ चार मौत से हड़कंप मच गया।

आरपीएफ ने मामले की सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस महकमा सन्न रह गया। आनन-फानन में एसपी आलोक प्रियदर्शी, एडिशनल एसपी, सीओ और फोरेंसिक की टीम मौके पर पहुंची। टीम के पहुंचने पर घर का दरवाजा बल पूर्वक तोड़कर टीम अंदर पहुंची। घर के अंदर डॉक्टर का शव लटकता मिला। जबकि अन्य सभी के शव खून से लथपथ बेड पर पड़े मिले।

एसपी आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि डॉक्टर मिर्जापुर के रहने वाले अरुण कुमार डिप्रेशन के मरीज थे। उन्होंने पहले अपने परिवार जनों को नशीला पदार्थ दिया। क्योंकि मौके पर नशीले इंजेक्शन मिले हैं। परिजनों की भारी चीज मार कर हत्या की गई। फिर खुद को घायल किया। इसके साथ फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आखिरी बार इनको रविवार को देखा गया था। तब से नजर नहीं आए। बाकी की चीजे पोस्टमॉर्टम के बाद ही साफ होंगी।

### घटनास्थल पर पहुंचे आईजी तरूण गाबा

रायबरेली के रेल कोच फैक्ट्री में डॉक्टर परिवार की मौत मामले में आईजी तरुण गाबा फैक्ट्री के आवासीय परिसर पहुंचे हैं। आईजी तरुण गाबा के साथ एसपी आलोक प्रियदर्शी व एडिशनल एसपी नवीन सिंह समेत अन्य अधिकारी भी पहुंच कर जांच पड़ताल कर रहे।

रेल कोच फैक्ट्री के नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर अरुण सिंह की परिवार सहित हुई मौत के बाद पूरे परिसर में सन्नाटा पसरा है। कुछ इक्का दुक्का पड़ोसी जो नजर भी आ रहे हैं, वो स्तब्ध हैं। उनके पड़ोस में रहने वाले रेल कोच कर्मी का कहना है कि उनके व्यवहार से कभी ऐसा लगा ही नहीं कि वह आत्महत्या जैसा कोई कदम भी उठा सकते हैं।

रेल कोच फैक्ट्री के नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर अरुण सिंह का शव कल रात्रि उनके आवास से फांसी पर लटकता हुआ मिला। पास में ही बेड पर पत्नी और 12 व 4 वर्षीय बच्चों के शव भी बरामद हुआ।

## गृह मंत्रालय ने साइबर धोखाधड़ी करने वाली 100 वेबसाइटों पर प्रतिबंध लगाया

एजेंसी




नयी दिल्ली। गृह मंत्रालय ने निवेश और नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी करने वाली 100 वेबसाइटों की पहचान कर उन पर प्रतिबंध लगाते हुए उन्हें बंद कर दिया है।

मंत्रालय ने बुधवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि मंत्रालय ने अपने वर्टिकल नेशनल साइबर क्राइम थ्रेट एनालिटिक्स यूनिट (एनसीटीएयू) के माध्यम से पिछले सप्ताह संगठित निवेश अथवा कार्य आधारित पार्ट टाइम नौकरी देने की धोखाधड़ी में शामिल 100 से अधिक वेबसाइटों की पहचान कर उन पर अंकुश लगाने की सिफारिश की थी। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के तहत अधिकार का प्रयोग करते हुए इन वेबसाइटों पर प्रतिबंध लगा दिया है।

इन वेबसाइटों के बारे में पता चला है कि इन्हें डिजिटल विज्ञापन, चैट मैसेंजर और म्यूल और रेन्टिड खातों का प्रयोग करके विदेशी एजेंटों द्वारा संचालित किया गया हैं। यह भी पता चला कि कार्ड नेटवर्क, क्रिप्टो मुद्रा, विदेशी एटीएम निकासियों और अंतरराष्ट्रीय फिनटेक कंपनियों का उपयोग करके आर्थिक धोखाधड़ी से प्राप्त अवैध धन को भारत से बाहर बड़े पैमाने पर वैध करते हुए (मनीलॉन्ड्रिंग) पाया गया है।

मंत्रालय ने कहा है कि इस बारे में 1930 हेल्पलाइन और एनसीआरपी के माध्यम से कई शिकायतें प्राप्त हुई थीं और ये अपराध नागरिकों के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहे थे और इसमें डेटा सुरक्षा संबंधी चिंताएं भी शामिल थीं।

मंत्रालय ने कहा है कि साइबर सुरक्षित भारत का निर्माण करना गृह मंत्रालय की एक सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## शार्ट न्यूज

### हिमाचल में देह व्यापार का पर्दाफाश

सोलन। हिमाचल प्रदेश के प्रवेश द्वार परवाणु में देह व्यापार का पर्दाफाश हुआ है। पुलिस को एक निजी होटल में बड़े स्तर पर जुए व देह व्यापार की गोपनीय सूचना मिली थी। चक्की मोड़-भोजनगर संपर्क मार्ग पर एक निजी होटल में परवाणु पुलिस ने मंगलवार देर रात दबिश दे इस रैकेट का भंडाफोड़ किया। इस दौरान निजी होटल में दिल्ली, हरियाणा, सिक्किम व पंजाब की युवतियां पाई गई। इसमें उजबेकिस्तान व नेपाल की दो युवतियां भी शामिल थी। संदिग्ध हालत में मिली युवतियों की शिनाख्त पहचान पत्रों के माध्यम से की गई। रेड के दौरान होटल में हरियाणा व पंजाब के पुरुष भी पाए गए। तफ्तीश में पाया गया कि होटल मैनेजर द्वारा किसी भी प्रकार की एंट्री रजिस्टर में नहीं की गई थी। जबकि लड़कों व लड़कियों ने कमरे बुक करवाए हुए थे। पुलिस ने बुधवार शाम मामले का खुलासा करते हुए कहा कि छाबनीन जारी है। पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह ने कहा कि सख्त कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा जनपद में तमाम निजी होटलों व रेस्टोरेंटस में कड़ी नजर रखी जा रही है। अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर होटल संचालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### स्कूलों व आंगनबाड़ियों में मध्याह्न भोजन का निरीक्षण

जालंधर। पंजाब राज्य खाद्य आयोग के सदस्य चेतन प्रकाश धालीवाल ने विभिन्न सरकारी स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों में दोपहर के भोजन का निरीक्षण किया। सदस्य ने दल्ला गांव के सरकारी प्राइमरी स्कूल, कोट बादल खान के सरकारी प्राइमरी स्कूल और सरकारी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, राजोवाल के सरकारी हाई स्कूल और सरकारी प्राइमरी स्कूल और बजुहा कलां और मालवाल गांवों के आंगनवाड़ी केंद्रों और विभिन्न डिपो होल्डरों का दौरा किया। चेकिंग के दौरान धालीवाल ने अनाज के भंडारण, साफ-सफाई और अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से मध्याह्न भोजन रसोई में उचित स्वच्छता बनाए रखने को कहा। उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को गुणवत्तापूर्ण भोजन सुनिश्चित करने के लिए भी कहा। उन्होंने अधिकारियों को वर्ष में दो बार विद्यार्थियों की स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने मिड मील स्टाफ से भी बातचीत की और उन्हें नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच कराने को कहा। उन्होंने कर्मचारियों से मध्याह्न भोजन की सरकारी योजनाओं के बैनर भी ठीक से लगाने को कहा।

### आप व अकाली दल के कई नेता भाजपा में शामिल

अमृतसर। आम आदमी पार्टी (आप) और अकाली को बुधवार को उस वक्त करारा झटका लगा जब इन पार्टियों से जुड़े 60 से ज्यादा सक्रिय नेता और कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। पंजाब भाजपा उपाध्यक्ष पूर्व विधायक के.डी. भंडारी और प्रदेश संगठन मंत्री मंथरीश्री निवासुलू ने भाजपा में शामिल हुए नेताओं और कार्यकर्ताओं को पार्टी चिन्ह देकर स्वागत किया। पंजाब के पूर्व भाजपा विधायक के.डी. भंडारी और श्री निवासुलु ने कहा कि पंजाब का युवा नशे की गिरफ्त में है, भ्रष्टाचार व्याप्त है और कानून व्यवस्था की स्थिति इतनी खराब हो गई है कि हर कोई असुरक्षित महसूस कर रहा है। पंजाब सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है, इसलिए व्यापारी और उद्योगपति पंजाब छोड़ रहे हैं। लेकिन पंजाब के मुख्यमंत्री लोगों की इन गंभीर समस्याओं से निपटने के बजाय सिर्फ अरविंद केजरीवाल को खुश करने के लिए पंजाब का खजाना और संसाधन लूट रहे हैं। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी पंजाब और पंजाब के लोगों को उपेक्षित न समझे।

### स्टालिन ने मोदी को चिट्ठी लिख मांगी 5,060 करोड़ रुपये की अंतरिम राहत

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर 5,060 करोड़ रुपये की अंतरिम राहत देने और चक्रवात मिचौंग से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने के लिए एक केंद्रीय टीम भेजने की भेजने की अपील की । मिचौंग तूफान के कारण चेन्नई और उसके तीन पड़ोसी जिलों में भारी बारिश हुई। स्टालिन ने कहा कि राज्य सरकार ने भी चक्रवात से हुए नुकसान का आकलन करना शुरू कर दिया है और एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करेगी तथा केंद्र सरकार से अतिरिक्त धन का अनुरोध करेगी। उन्होंने कहा था कि राज्य सरकार बाढ़ प्रभावित चेन्नई और चेंगलपट्टू, कांचीपुरम और तिरुवल्लूर जिले में राहत उपाय करने के लिए केंद्र से अंतरिम राहत के रूप में 5,000 करोड़ रुपये की मांग करेगी। अब स्टालिन ने इस संबंध में प्रधानमंत्री को पत्र लिख कर तत्काल राहत के रूप में 5,060 करोड़ रुपये की केंद्रीय निधि जारी करने की मांग की है। यहां एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है श्री स्टालिन ने मोदी को बताया कि चक्रवात के कारण चेन्नई, तिरुवल्लुर, कांचीपुरम और चेंगलपट्टू जिलों में अभूतपूर्व भारी बारिश हुई।

### भाई स्टालिन तूफानी आपदा का बहादुरी से सामना कर रहे हैं : ममता बैनर्जी

चेन्नई। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि तमिलनाडु में प्रलयंकारी तूफान मिचौंग की चपेट में आने से अभी तक 16 लोगों की मौत हो गयी है और बड़ा नुकसान हुआ है । इस प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों के लिए उनका हृदय द्रवित है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन इस आपदा से निपटने में पूरी क्षमता से लगे हैं और उन्होंनें तमिलनाडु के मुख्यमंत्री को पूरा समर्थन देने के साथ तमिलनाडु, चेन्नई और आंध्र प्रदेश के लोगो के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। सोशल मीडिया पोस्ट पर बैनर्जी ने कहा तमिलनाडु के आपदा पीड़ितों के प्रति मेरा दिल दुखता है, जहां चक्रवात मिचौंग ने 16 लोगों की जान ले ली है और अन्य जगहों पर भी काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा, मेरे भाई सीएम स्टालिन आपदा प्रबंधन अभियानों का बहादुरी से नेतृत्व कर रहे हैं, और मैं उनके और चेन्नई और तमिलनाडु के संकटग्रस्त लोगों के प्रति अपनी एकजुटता और समर्थन व्यक्त करती हूं।

### सर्राफा व्यापारी की सनसनीखेज हत्या का खुलासा,पिता, पुत्र व भतीजा गिरफ्तार

खटीमा/नैनीताल। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के गृह नगर खटीमा में सर्राफा व्यापारी की हत्या की सनसनीखेज घटना का ऊधमसिंह नगर पुलिस ने बुधवार को खुलासा कर दिया है। पुलिस ने हत्या की साजिश में शामिल पिता, पुत्र और भतीजे को गिरफ्तार कर लिया है। ऊधमसिंह नगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) टीएस मंजूनाथ ने खटीमा कोतवाली में आज इस मामले का खुलासा करते हुए बताया कि मंगलवार शाम को आराधना ज्वैलर्स के मालिक रमेश रस्तोगी की गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी। दो नकाबपोश हथियार लहराते हुए मृतक की दुकान में आये और गोली मारकर फरार हो गये। इस घटना में सर्राफा व्यापारी गंभीर रूप से घायल हो गया। बरेली अस्पताल ले जाते हुए सर्राफा व्यापारी की मौत हो गयी। इस घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। व्यापारियों भय मिश्रित आक्रोश व्याप्त हो गया। पुलिस इस घटना के बाद सकते में आ गयी। मृतक की पत्नी की तहरीर पर तत्काल अभियोग पंजीकृत कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये ऊधमसिंह नगर के एसओजी प्रभारी की अगुवाई में आठ टीमों को लगाया गया।

### नित्यानंद राय ने रेवंत रेड्डी की जातिसूचक टिप्पणी पर जताई नाराजगी

पटना । केंद्रीय गृह राज्य मंत्री एवं बिहार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व अध्यक्ष नित्यानंद राय ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के बिहारियों पर की गई जातिसूचक टिप्पणी पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। राय ने बुधवार को यहां कहा कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के बयानों की जितनी भी निंदा की जाए वह कम है। विधानसभा के चुनावों में मिली करारी हार के बाद से कांग्रेस बंटवारे की राजनीति पर अब उतर गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार के डीएनए पर सवाल उठाने वाले नेता को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव का समर्थन प्राप्त है। भाजपा नेता ने कहा कि मुख्यमंत्री रेड्डी का बयान कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी की राजनीति का हिस्सा है।

# किसानों ने सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय घेरा

## सीएम के नाम दिया ज्ञापन, मिलने का मांगा समय, बोले- अब प्राधिकरण का करेंगे घेराव

**नोएडा।** प्राधिकरण की वादाखिलाफी और मांगों को लेकर बुधवार को किसानों ने सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय का घिराव करते हुए मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में 1976 से 1997 तक के किसानों की समस्या से अवगत कराया गया। सिटी मजिस्ट्रेट ने आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को सीएम तक पहुंचाया जाएगा। हालांकि किसानों ने ये भी कहा कि जल्द ही प्राधिकरण का घिराव भी किया जाएगा। क्योंकि प्राधिकरण सिर्फ लिखित आश्वासन ही देता है।



किसान एकता संघ के चौधरी बाली सिंह, कमल यादव के नेतृत्व में छलेरा, अगाहपुर, मोरना, बरौला, गिझौड़, नयाबास, हरौला, झुंडपुरा सदरपुर आदि के किसानों ने नोएडा स्थित सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय का घेराव किया। इस मौके पर उन्होंने 6 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा साथ ही सीएम के नोएडा आने पर उनसे 21 सदस्य दल की मुलाकात मुख्यमंत्री से कराने का अनुरोध भी किया।

### किसानों की छह सूत्रीय मांग

1997 से पूर्व जिन किसानों की कृषि योग्य भूमि अधिग्रहण की गई थी। उन किसानों को भी उनकी कुल अधिग्रहण भूमिका 10त्न भूमि विकसित कर उनकी आबादी के लिए दी जाए।

साल 1976 से नोएडा प्राधिकरण के गांव की कृषि योग्य भूमि का अधिग्रहण अलग-अलग दर से किया गया। सभी किसानों को 297 रुपए प्रति गज की दर से मुआवजा राशि वितरित की जाए।

भूमिहीन किसान व मजदूर जिनकी आजीविका किसानों के कारण चलती थी, जैसे हरिजन कुमार, नाई, धोबी पाल, लोहार आदि परिवारों के सदस्यों को 50 वर्ग गज का आवासीय प्लाट दिया जाए।

जिन किसानों की कृषि योग्य भूमि का अधिग्रहण रोजगार के नाम पर किया गया था। उनके परिवार के एक-एक सदस्य को नौकरी दी जाए।

प्राइवेट शिक्षण एवं स्वास्थ्य संस्थानों में किसानों एवं गरीबों के लिए कोटा तय किया गया है। लेकिन प्रशासन कोटा के तहत किसानों एवं गरीबों के बच्चों का दाखिला करवाने के बजाय उन्हीं का उत्पीड़न कर रहे हैं। इसकी गोपनीय जांच कराई जाए।

1976 से 1991 तक के नोएडा प्राधिकरण के फाउंडर गांवों में आबादी निस्तारण प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के तहत किया जाए।

# मुर्मू, मोदी, खडगे ने अंबेडकर की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। (पीएमए) राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने बुधवार को डॉ. भीम राव अंबेडकर को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी।

राष्ट्रपति मुर्मू, उपराष्ट्रपति धनखड़, पीएम मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और कई अन्य सांसदों ने संसद परिसर में उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।

पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, %%बाबा साहेब भारतीय संविधान के निर्माता होने के साथ-साथ सामाजिक समरसता के अमर समर्थक थे, जिन्होंने अपना जीवन शोषितों और वंचितों के कल्याण के लिए समर्पित कर दिया। आज उनके महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि।

खडगे ने एक्स पर लिखा, हम सबसे पहले और सबसे आखिरी में भारतीय हैं - बाबासाहेब डॉ. बीआर अंबेडकर। बाबासाहेब स्वतंत्रता, समानता, बंधुत्व और न्याय के लोकतांत्रिक सिद्धांतों के आजीवन समर्थक थे।

खडगे ने कहा, उनके महापरिनिर्वाण दिवस पर हम सामाजिक परिवर्तन और सामाजिक न्याय के उनके विचारों के प्रति गहरा सम्मान व्यक्त करते हैं। हमें सामूहिक रूप से राष्ट्र के लिए उनके बेहतरीन योगदान - भारत के संविधान को संरक्षित करने का संकल्प लेना चाहिए।

अम्बेडकर ने मसौदा समिति के अध्यक्ष के रूप में संविधान का मसौदा तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और जवाहरलाल नेहरू की प्रारंभिक कैबिनेट में कानून और न्याय मंत्री के रूप में भी कार्य किया।

दलित पृष्ठभूमि से आने वाले अम्बेडकर भारतीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण मुकाम हासिल करने में सफल रहे। उन्होंने वंचितों के अधिकारों की वकालत की।

# द्रमुक सांसद की विवादास्पद टिप्पणी की चौतरफा निंदा

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के दो पूर्व मुख्यमंत्रियों उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती ने द्रविड मुनेत्र कषगत (द्रमुक) सांसद डीएनवी सेंथिल कुमार की तीन हिंदी भाषी राज्यों पर की गई विवादास्पद टिप्पणी की कड़ी निंदा की है।

कुमार ने अपने विवादास्पद बयान पर हुई चौतरफा निंदा एवं हमले को देखते हुए पहले ही अपनी विवादित टिप्पणी वापस ले ली।

नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि ऐसे शब्दों का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने दक्षिण कश्मीर में संवाददाताओं से कहा, आप ऐसा कुछ क्यों कहते हैं जिससे लोगों की भावनाएं आहत होती हैं? हो सकता है कि आप इस धर्म को न मानते हों लेकिन इसे मानने वाले लाखों लोग हैं और उनका मज़ाक उड़ाने की क्या वजह है? क्या हमारे तमिल भाई-बहन खुश होते अगर हमने उनके बारे में ऐसा बयान दिया होता? हमें दूसरों के धर्म का सम्मान करना चाहिए।

पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रमुख मुफ्ती ने कहा कि वह इन टिप्पणियों से स्तब्ध हैं।

मुफ्ती ने मंगलवार शाम को एक्स पर एक पोस्ट में कहा,द्रमुक सांसद द्वारा की गई अपमानजनक टिप्पणी से स्तब्ध हूं। लोकतंत्र में सभी को अपनी इच्छानुसार वोट देने का अधिकार है। लेकिन इसके लिए उन्हें अपमानित करना पूरी तरह से अनुचित और अस्वीकार्य है। देश वैसे ही बंटा हुआ है। गौरतलब है कि द्रमुक सांसद ने हिंदी भाषी राज्यों को 'गोमूत्र राज्य' करार दिया जिस पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तीखा हमला किया और 'इंडिया' गठबंधन की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस को रक्षात्मक रुख अपनाने को मजबूर कर दिया।

सदन में जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन संशोधन विधेयक पर चर्चा के दौरान श्री सेंथिल कुमार ने कहा, भाजपा की मुख्य ताकत हिंदी पट्टी के राज्यों में चुनाव जीतने की है। उन राज्यों को हम 'गोमूत्र राज्य' कहते हैं। आप दक्षिण भारत में नहीं आ सकते हैं।

# एसआईटी के दायरे में जमीन अधिग्रहण के 1500 मामले

## सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर तीन सदस्यीय टीम ने डाला प्राधिकरण में डेरा

नोएडा। यूपी सरकार की ओर से प्राधिकरण में मुआवजा वितरण में हुए कथित घोटाले के लिए गठित एसआईटी की जांच के दायरे में 1500 मुख्य फाइलें हैं। सूत्रों के मुताबिक एसआईटी ने अब तक 700 फाइलें खंगाली हैं। इन फाइलों के आधार पर एसआईटी निष्कर्ष पर पहुंचने की कोशिश कर रही है। इनकी सूची भी बनाई जा रही है।

शनिवार से एसआईटी की जांच चल रही है। सोमवार से एसआईटी के प्रमुख और चेयरमैन बोर्ड ऑफ रेवेन्यू हेमंत राव, एडीजी मेरठ राजीव सभरवाल और मेरठ मंडल की कमिश्नर सेल्वा कुमारी जे ने जांच की कमान संभाल रखी है।

सुबह से शाम तक मुआवजा वितरण की फाइलों को खंगाला जा रहा है। फाइलों में अनियमितताएं तलाशी जा रही हैं, ताकि सुप्रीम कोर्ट के सामने जांच रिपोर्ट रखी जा सके। प्रथमदृष्टया 100 करोड़ के घोटाले से परतें हटाने की कोशिश हो रही है। जांच का काम ठीक तरीके से हुआ तो इससे बड़ा घोटाला सामने आ सकता है।

### 2009 से अब तक की फाइलें मंगाई

एसआईटी ने 2009 से लेकर अब तक की फाइलें मंगाई हैं। इसमें दो साल पहले की भी फाइलें हैं। जांच के केंद्र में मुआवजा वितरण में किया गया भुगतान है।

किसे कितना और कब-कब भुगतान किया गया है यह सब कुछ जांच के दायरे में है। प्राधिकरण के मुताबिक, एसआईटी जो भी फाइलें मांग रही है। वह उन्हें मुहैया करा दिया जा रहा है। जांच के बाद के निष्कर्ष की जानकारी एसआईटी नहीं दे रही है। जांच के दौरान किसी को भी बोर्ड रूम में अंदर नहीं आने दिया जा रहा है।

### वित्तीय हानि वाले केस भी रडार पर

नोएडा प्राधिकरण की ओर से मुआवजा वितरण के कई मामलों में कोर्ट में हार का मुंह देखना पड़ा। इसमें यह भी देखा जा रहा है कि कौन-कौन से केस प्राधिकरण हारा है और कितना अतिरिक्त मुआवजा देना पड़ा। डीएलएफ के मामले में विरन्ना रेड्डी को प्राधिकरण ने 295 करोड़ का मुआवजा दिया है।

इस केस को भी उठाया गया। यहां प्राधिकरण का तर्क है कि कोर्ट से रेड्डी ने और भी अधिक मुआवजे का आदेश पारित कराया, लेकिन बाद में प्राधिकरण ने सेटलमेंट किया और करोड़ो रुपये बचाते हुए 295 करोड़ की राशि दी। इसी तरह से कोर्ट के करीब एक हजार से ज्यादा केसों में प्राधिकरण की कार्यशैली की भी जांच हो रही है। संभव है कि प्राधिकरण के अधिकारी इन मामलों में जांच के दायरे में आ जाएं।

### आपसी सहमति से हुए बैनामे भी जांच के दायरे में

सूत्रों का कहना है कि जमीन अधिग्रहण के दौरान किस तरह से काम किया गया।

पेमेंट की फाइलें, कितने अधिग्रहण हुए, कितने बैनामे हुए इन सब फाइलों की मांग एसआईटी ने मांगी। इसमें 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजे की भी जांच एसआईटी कर रही है। सूत्रों के मुताबिक आपसी सहमति के आधार पर खरीदी गई जमीन और दिए गए मुआवजे में भी घालमेल की शिकायतें हैं। इनकी भी जांच चल रही है।

### 12 मामलों को आधार बनाते हुए चल रही जांच

एसआईटी उन 12 मामलों को भी आधार बनाते हुए जांच कर रही है, जिसमें गलत जानकारी देते हुए मुआवजा उठा लिया गया। इसमें प्राधिकरण के तत्कालीन अधिकारियों ने उन्हें मुआवजा उठाने में सहयोग किया।

अमुक किसान और प्राधिकरण के अधिकारियों के बीच साठगांठ के माध्यम से यह सब कुछ हुआ। बाद में जब जांच हुई तो इसका खुलासा हुआ। इन्हीं में से एक मामले में प्राधिकरण के एक अधिकारी को निलंबित करते हुए शासन से बर्खास्तगी की संस्तुति की गई।

# आईएनडीआईए की लाज अब लालू प्रसाद के हाथ में

## कांग्रेस ने नीतीश, ममता व अखिलेश को लाने का जिम्मा राजद सुप्रीमो को सौपा

पटना (पीएमए)। आईएनडीआईए की बुधवार यानी 06 दिसंबर को नई दिल्ली में होने वाली बैठक टल गयी है। अब यह बैठक 17 दिसंबर 2023 को होगी। यह जानकारी राष्ट्रीय जनता दल यानी राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद ने दी। उन्होंने बक्सर में दावा किया कि अगली बैठक में सभी घटक दलों के बड़े नेता शामिल होंगे। उन्होंने 06 दिसंबर की बैठक टलने का कोई कारण नहीं बताया। विधानसभा चुनावों के परिणाम पर भी कोई टिप्पणी नहीं की। समझा जाता है कि पूर्व व्यस्तताओं के नाम पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, तमिलनाडू के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव 06 दिसंबर की बैठक में नहीं जा रहे थे।



सूत्रों के मुताबिक, राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद को कांग्रेस की ओर से यह जवाबदेही दी गयी है कि वे सभी दलों के निर्णायक नेताओं को बैठक में शामिल होने के लिये राजी करें।

माना जा रहा था कि 05 राज्यों के विधानसभा चुनाव में क्षेत्रीय दलों के प्रति कांग्रेस के रुख से आईएनडीआईए गठबंधन के घटक दलों में अप्रसन्नता थी। सपा प्रमुख व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव और टीएमसी प्रमुख व पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इसे प्रकट भी किया था। इससे पूर्व आईएनडीआईए की बैठक में देरी पर बिहार के मुख्यमंत्री व विपक्षी एकता के सूत्रधार नीतीश कुमार ने कांग्रेस नेतृत्व के प्रति अप्रसन्नता व्यक्त की थी।

इसके बाद बीते 05 नवंबर को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने टेलीफोन पर नीतीश कुमार से बातचीत की थी। भरोसा दिया था कि 05 राज्यों के विधानसभा चुनावों के बाद आईएनडीआईए की बैठक बुलाई जायेगी। सूत्रों ने बताया कि चुनाव परिणाम आने के दो दिन पहले ही बैठक के लिये 06 दिसंबर की तिथि निर्धारित की गयी थी। लेकिन, इन नेताओं ने बैठक में शामिल होने के नाम पर किसी ने बीमारी तो किसी ने व्यस्तता बता कर चुप्पी साध रखी है। इसलिये कांग्रेस ने अब राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद को जद(यू.) के कद्दावर नेता व बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, टीएमसी प्रमुख व पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी एवं सपा प्रमुख व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को 17 दिसंबर को नई दिल्ली में आईएनडीआईए की होने वाली बैठक में शिरकत कराने का जिम्मा सौपा है। अब देखना है कि इस बैठक में कौन-कौन दलों के बड़े नेता शामिल होते हैं। यह तो वक्त आने पर ही पता चल सकता है।

## हिमाचल पुलिस के इतिहास में पहली बार 'बिगुल' बजाएंगी तीन लेडी कांस्टेबल

शिमला। वैसे तो बेटियां आसमान तक नाप रही हैं। शायद ही कोई ऐसा क्षेत्र होगा, जहां बेटियों ने काबलियत का डंका नहीं बजाया हो। बावजूद इसके कुछ क्षेत्र ऐसे हैं, जहां बेटियां अब शुरूआत कर रही हैं। हो सकता है, अन्य राज्यों की पुलिस में महिला बिगुलर हों, लेकिन हिमाचल प्रदेश पुलिस के इतिहास में पहली बार तीन महिला बिगुलर शामिल होने जा रही हैं। महिला आरक्षियों को पीटीसी डरोह में प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। प्रशिक्षित होने के बाद गार्ड ऑफ ऑनर या फिर अन्य समारोहों में लेडी कांस्टेबल बिगुल बजाती नजर आएंगी। पांचवी आईआरबी बटालियन बस्सी की शिवानी, श्वेता व निशु बिगुलर कोर्स कर रही हैं। रोचक बात ये है कि तीन महिला आरक्षियों से प्रभावित होकर अन्य भी दिलचस्पी दिखा रही हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि लैंगिक समानता व समावेशिता के प्रति पुलिस विभाग की प्रतिबद्धता में ये कदम एक मील का पत्थर साबित होगा। हिमाचल पुलिस के बिगुलर की भूमिका में पुरुषों का ही आधिपत्य रहा है। चूंकि बिगुल को बजाने के लिए फेफड़ों की शक्ति, गहरी सांस, शारीरिक व मानसिक नियंत्रण की आवश्यकता होती है, यही कारण रहा होगा कि पुरुषों को ही अधिमान मिलता रहा। सेना में भी बिगुल के इस्तेमाल के कई मायने हैं। बिगुल बजाने वाले पुलिस के साथ-साथ सेना में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। परेड व अन्य कार्यक्रमों में बिगुल ही संकेतक के तौर पर माना जाता है। मधुर धुन एक जुड़ाव पैदा करती है। आपको बता दें सूर्योदय व सूर्यास्त के वक्त राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में बिगुल अनिवार्य रहता है। हिमाचल प्रदेश पुलिस ने एक्स पर तस्वीरें साझा की हैं। पुलिस महानिदेशक संजय कुंडू ने कहा कि पुलिस बल में महिला बिगुलर्स को शामिल करना न केवल विविधता, बल्कि लैंगिक रूढ़िवादिता को तोड़ने का भी प्रयास है।

# मिल्क प्लांट के मैनेजर से नकदी, गहने, जायदाद के दस्तावेज़ बरामद

**चंडीगढ़।** पंजाब सतर्कता ब्यूरो ने मिल्क प्लांट मोहाली में तैनात मैनेजर (दूध की खरीद) मनोज कुमार श्रीवास्तव के घर से लाखों की नगदी समेत कई कीमती जायदादें और महँगा समान बरामद किया है, जिसको मंगलवार को 50,000 रुपए की रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया था। मोहाली की अदालत ने बुधवार को आगे जांच के लिए सतर्कता ब्यूरो को उक्त मुलजिम का दो दिन का पुलिस रिमांड भी दे दिया इस सम्बन्धी जानकारी देते हुये सतर्कता ब्यूरो के प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि उक्त मुलजिम के घर की तलाशी के दौरान उसके कब्ज़े में से सात लाख रुपए नकद, आठ सोने की अंगूठियाँ, एक सोने का 'कड़ा', कुछ गहने और 14 महँगी घड़ियाँ बरामद हुई हैं। उन्होंने बताया कि एक घड़ी, जिसकी कीमत 45,000 रुपए है, भी ज़ब्त की है जो कि शिकायतकर्ता ने चंडीगढ़ के बाज़ार से ख़रीद कर इस मैनेजर को दी थी।

प्रवक्ता ने बताया कि सतर्कता ब्यूरो द्वारा बैंक को उसका लॉकर फ़रिज़ करने और दूसरे बैंकों को उसके खातों के सभी विवरण मुहैया करवाने के लिए भी कहा गया है।

ज़िक्रयोग्य है कि सहकारिता विभाग के उक्त कर्मचारी को सुखबीर सिंह की शिकायत पर गिरफ़्तार किया था, जो उक्त मिल्क प्लांट में एक निजी फर्म की तरफ से दूध इकट्ठा करने वाले टैंकरों की देख-रेख करता है।

उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता ने विजीलैंस ब्यूरो के पास पहुँच करके दोष लगाया था कि अलग-अलग स्थानों से दूध इकट्ठा करने के लिए जाते उसके टैंकरों को बढ़िया रूट अलाट करने के बदले राज्य के सहकारिता विभाग का उक्त मुलाज़ीम उससे 50,000 रुपए की रिश्वत माँग रहा है। शिकायतकर्ता ने यह भी दोष लगाया कि उक्त मैनेजर इस काम सम्बन्धी पहले ही उससे 50,000 रुपए ले चुका है।

## मशीनी खनन पर रोक हटाने के लिये हाईकोर्ट ने दिये नरमी के संकेत

नैनीताल। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने प्रदेश भर में मशीनी खनन और निजी कंपनियों के खनन पर लगी रोक को हटाने के मामले में बुधवार को नरमी के संकेत दिये तथा सरकार एवं याचिकाकर्ता से ठोस सुझाव व उपाय सुझाने को कहा है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा की युगलपीठ में आज सरकार की ओर से दायर संशोधन संबंधी (मोडिफिकेशन) प्रार्थना पत्र पर सुनवाई हुई। सरकार की ओर से कहा गया कि उच्च न्यायालय ने 19 दिसंबर, 2022 को गगन पाराशर बनाम राज्य सरकार मामले में अंतरिम आदेश जारी कर पूरे प्रदेश की नदी तटों से मलबा हटाने के लिये ड्रेजिंग के तहत मशीनों के उपयोग के साथ ही निजी कंपनियों के कार्य करने पर रोक लगा दी थी।

# मान ने बैठक कर स्कीमों की प्रगति का लिया जायज़ा

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने बुधवार को अधिकारियों को राज्य सरकार की जनहितैषी और विकास प्रमुख स्कीमों का लाभ हरेक योग्य लाभपात्री तक पहुँचाये जाने को यकीनी बनाने का निर्देश दिया।

मान ने आज यहाँ अलग- अलग विभागों के प्रशासनिक सचिवों की मीटिंग की अध्यक्षता करते हुये कहा कि राज्य सरकार पंजाब के विकास और लोगों की ख़ुशहाली के लिए पूर्ण तौर पर वचनबद्ध है। उन्होंने कहा कि सेहत, शिक्षा, रोज़गार जैसे क्षेत्र राज्य सरकार के प्राथमिकता वाले क्षेत्र हैं और लोगों की सुविधा के लिए इन क्षेत्रों पर अधिक ध्यान दिया जाना चाहिए।



मान ने कहा कि राज्य भर में चल रहे प्रोजेक्टों को तय समय में मुकम्मल किया जाना चाहिए और लोगों की भलाई के लिए नयी स्कीमों की रूप-रेखा बनानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़े लोक हित में नयी भलाई स्कीमों तैयार करके लागू की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि पंजाब हर क्षेत्र में सफलता की नयी इबारत लिख रहा है और देश में प्रथम राज्य के तौर पर उभर रहा है। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि सम्बन्धित विभागों द्वारा निर्धारित बजट को समय पर इस्तेमाल किये जाने को यकीनी बनाने के लिए कहा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के विकास और लोगों की भलाई के लिए सरकार के पास फंडों की कोई कमी नहीं। उन्होंने कहा कि लोगों को साफ़-सुथरा शासन और पारदर्शी प्रशासकीय कामकाज मुहैया करवाना राज्य की प्रमुख प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि इस मीटिंग का मुख्य उद्देश्य यह यकीनी बनाना है कि जमीनी स्तर पर हरेक योग्य लाभपात्री तक इन भलाई स्कीम लाभ पहुँचाया जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज भलाई स्कीमों को लागू करने में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जायेगी। जरूरतमंद व्यक्ति को लाभ पहुँचाने के लिए उचित व्यवस्था बनाने की ज़रूरत पर ज़ोर देते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारियों को इन स्कीमों का लाभ योग्य लोगों को मिलना यकीनी बनाने के लिए निरंतर निगरानी रखनी चाहिए। मान ने अधिकारियों को सचेत करते हुये कहा कि राज्य सरकार भलाई स्कीमों को लागू करने में किसी तरह की लापरवाही और लिहाज़ को बर्दाश्त नहीं करेगी।

## शार्ट न्यूज

### पुलिस गिरफ्त में 3 शातिर बदमाश

नोएडा। थाना फेस-2 पुलिस ने तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया। तीनों जन सेवा केंद्रों के शटर को तोड़कर चोरी की घटना करते थे। तीनों पहले भी कई बार जेल जा चुके है। जमानत पर बाहर आते ही ये लोग दोबारा से चोरी का करते थे। पुलिस ने इनसे चोरी की मॉल, बाइक और कार बरामद की है। इनकी पहचान शमशाद, अरुण और विकास कश्यप हुई है। तीनों को नोएडा के कुलेसरा बार्डर से गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में तीनों बदमाशों ने बताया कि ये रात में बाइक से रेकी करते थे। बाइक चोरी की है जिसे तीनों ने मिलकर डेढ़ साल पहले नवजीवन अस्पताल के पास से चोरी की थी। इसी तरह बरामद किए गए दोनों लैपटॉप कुलेसरा में ही जन सेवा केंद्र तोड़कर चोरी किए थे। वहीं, बरामद किया गया मोबाइल और करीब 4.50 लाख रुपये 2 महीने पहले ग्राम छोटी मिलक में एक जन सेवा केन्द्र से चोरी किए थे। इसी पैसों से इको कार खरीदी थी। जिससे ये चोरी की घटना को अंजाम दे रहे थे। इन तीनों पर इकोटेक-3 , सेक्टर-39, खोड़ा, सेक्टर-58 , बिसरख , फेस-2 में एक दर्जन मुकदमे दर्ज है। पुलिस इनका आपराधिक रिकार्ड भी खंगाल रही है। ये भी देख रही है कि ये तीनों पहले किन-किन मामलों में जेल जा चुके है। पूछताछ में बताया कि ये देर रात करीब 1 बजे दुकानों के आसपास रेकी करते थे। इसके बाद शटर तोड़कर सामान चोरी करते थे।

### बिल्डर ने फर्जीवाड़ा करके ले लिया आईटीसी क्लेम, 7.27 करोड़ रुपये जमा कराए

गाजियाबाद। जीएसटी सिस्टम ऑनलाइन हो जाने और सख्ती के बावजूद टैक्स चोरी रुक नहीं रही है। राज्यकर विभाग के जोन-2 में अब एक ऐसा मामला सामने आया है जब वैशाली के एक बिल्डर ने फर्जीवाड़ा के जरिए आईटीसी क्लेम करके 3.28 करोड़ रुपये रुपये ले लिए और 3.99 करोड़ का टैक्स राज्यकर विभाग में जमा न करके अपने खाते में रकम जमा कर रखी थी। राज्यकर विभाग की टीम ने फर्म के दस्तावेजों का डाटा खंगाला तो टैक्स चोरी का मामला उजागर हो गया। टीम ने बिल्डर से 7.27 करोड़ रुपये टैक्स के रूप में जमा कराए गए। इसके बाद अब 25.17 लाख रुपये ब्याज जमा कराया जाएगा। जोन-दो के अपर आयुक्त ग्रेड-1 दिनेश कुमार मिश्रा ने बताया कि बिल्डर फर्म की ओर से दाखिल की गई जीएसटी रिटर्न में दिए गए डाटा का विश्लेषण किया गया था। इस दौरान डाटा में गड़बड़ी और बिना पात्रता के 12 फीसदी आईटीसी क्लेम ले लिए जाने का मामला पकड़ा गया। इसके बाद खंड-16 के उपायुक्त मुकेश कुमार को विस्तृत जांच के निर्देश दिए गए। जांच में पाया गया कि सितंबर-2021 से रजिस्टर्ड इस फर्म की ओर से मासिक रिटर्न दाखिल करते हुए 12 प्रतिशत की करदेयता घोषित की गई और घोषित करदेयता का भुगतान आईटीसी के माध्यम से ले लिया गया।

### अयोध्या राम मंदिर के आचार्य बनेंगे मोहित पांडेय

गाजियाबाद। अयोध्या के श्रीराम मंदिर में दूधेश्वरनाथ वेद विद्यापीठ के छात्र मोहित पांडेय का चयन हुआ है। लगभग 3000 हजार पुजारियों के साक्षात्कार में से 20 का चयन किया गया है जिसमें से एक मोहित भी शामिल हैं। चयनित सभी पुजारियों को छह माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा उसके बाद नियुक्ति की जाएगी। वेद विद्यापीठ के आचार्य लक्ष्मीकांत पाढ़ी ने बताया कि मोहित सीतापुर का रहने वाले हैं। उसने दूधेश्वरनाथ वेद विद्यापीठ में सात वर्ष तक सामवेद की शिक्षा ली। सामवेद की शिक्षा पूरी होने के बाद आचार्य की पढ़ाई के लिए तिरुपति चले गए। आचार्य की डिग्री लेने के बाद वह पीएचडी की तैयारी भी कर रहे हैं। उन्होंने इस बीच राम मंदिर के पुजारी के लिए भी आवेदन किया था, जिसमें उनका चयन हो गया है। इनके अलावा ऋषभ शर्मा वहां पहले से ही पुजारी के रूप में तैनात हैं।दूधेश्वरनाथ मंदिर के महंत नारायण गिरि ने बताया कि यह पूरे जिले के लिए गर्व की बात है। इससे पहले आचार्य तयोराज उपाध्याय और आचार्य नित्यानंद को प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने का आमंत्रण आया है।

### स्पा सेंटर में चल रहे देह व्यापार का भंडाफोड़

गुरुग्राम। डीएलएफ फेज-1 में पुलिस ने स्पा सेंटर की आड़ में अवैध रूप से चल रहे देह व्यापार का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से आठ लोगों को हिरासत में लिया। इसमें पांच को पूछताछ के बाद छोड़ दिया है। वहीं, तीन को मामले की जांच में शामिल किया है। एसीपी अपराध के अनुसार पुलिस को कई दिनों से सूचना मिल रही थी कि डीएलएफ कुतुब प्लाजा मार्केट में बने दो स्पा सेंटर यूनिक स्पा और लोटस स्पा सेंटर में अनैतिक कार्य हो रहे हैं। इस पर टीम मौके पर पहुंची और बोगस ग्राहक बनाकर एक पुलिसकर्मी को भेजा गया। यहां उसने जब मामले की पड़ताल की तो सूचना सही पाई गई, जिसके बाद टीम को इशारा कर दिया गया। इस पर टीम ने मौके पर पहुंचकर वहां मौजूद स्पा सेंटर संचालक, मैनेजर, सहित ग्राहकों को काबू किया। पूछताछ के दौरान सामने आया कि चक्करपुर के रहने वाले मेहर मिस्त्री उर्फ प्रीतम और सुजीत द्वारा यह स्पा सेंटर चलाए जा रहे थे। यहां से एक महिला को भी काबू किया गया है। इनके खिलाफ इम्मोरल ट्रैफिकिंग एक्ट 1956 की धारा 3, 4 और 7 के तहत केस दर्ज कर लिया है।

### दिल्ली में एक से छह जनवरी 2024 तक बंद रहेंगे स्कूल, जारी हुई एडवाइजरी

नई दिल्ली। दिल्ली के स्कूलों में शीतकालीन छुट्टियों के लिए शिक्षा विभाग की ओर से दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार, एक जनवरी से छह जनवरी 2024 तक स्कूल बंद रहेंगे। दिल्ली शिक्षा विभाग की ओर से शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए एक जनवरी 2024 से 15 जनवरी 2024 तक के लिए शीतकालीन छुट्टियों की योजना थी। विभाग ने दिल्ली में प्रदूषण को देखते हुए छुट्टियों का ऐलान नहीं किया है। यह शीतकालीन छुट्टियों के लिए घोषणा की गई है। बुधवार को जारी आदेश में विभाग ने इसमें बदलाव करते हुए एक जनवरी 2024 से छह जनवरी 2024 तक दिल्ली के सभी स्कूलों के लिए सर्दियों की छुट्टियों का एलान कर दिया है। दिल्ली के सभी स्कूलों के लिए यह आदेश जारी किया गया है।

### बृजभूषण के खिलाफ पहलवानों के यौन उत्पीड़न मामले में पुलिस ने पेश की लिखित दलीलें

दिल्ली। महिला पहलवानों द्वारा दर्ज कराए गए यौन उत्पीड़न मामले में डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने को लेकर दिल्ली पुलिस ने बुधवार को राजधानी की एक अदालत में लिखित दलीलें पेश की। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 20 दिसंबर की तारीख नियत की है। बृजभूषण शरण सिंह और मामले में सह आरोपी और भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व सहायक सचिव विनोद तोमर अदालत में पेश हुए। पुलिस ने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ मामले में जून को धारा 354, 354 ए समेत अन्य धाराओं में आरोप पत्र दायर किया था। बुधवार को सुनवाई के दौरान अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट हरजीत सिंह जसपाल ने मामले में आरोपियों के साथ-साथ शिकायतकर्ताओं की ओर से पेश होने वाले अधिवक्ताओं को दलीलों की प्रति प्रदान की।

# सीएजी करेगा दिल्ली जल बोर्ड का 15 साल का ऑडिट

## सीएजी के ऑडिट करने के बाद इनके आरोप गलत साबित होंगे

नई दिल्ली। सीएम अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को दिल्ली जल बोर्ड का सीएजी से स्पेशल ऑडिट को लेकर एक बड़ा फैसला लिया है। सीएम ने दिल्ली जल बोर्ड का सीएजी से स्पेशल ऑडिट कराने का आदेश दिया है। सीएजी दिल्ली जल बोर्ड के पिछले 15 साल के कामकाज का ऑडिट करेगा। इसका उद्देश्य डीजेबी में पारदर्शिता लाना है। साथ ही, विपक्ष की ओर से डीजेबी पर सरकारी धन का दुरुपयोग करने के लगाए जा रहे आरोपों की सच्चाई भी दिल्ली की जनता के सामने आ जाएगी।

### डीजेबी का होगा 15 साल का ऑडिट

इस संबंध में सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हमने डीजेबी का 15 साल का ऑडिट करने का ऑर्डर दिया है। सीएजी के ऑडिट करने के बाद इनके आरोप गलत साबित होंगे।

उन्होंने ये भी कहा कि अगर अफसरशाही चुनी हुई सरकार के प्रति जवाबदेह नहीं होगी तो सरकार चलाना मुश्किल हो जाएगा। डीजेबी को फंड



नहीं जारी किए जा रहे हैं, उसकी वजह से दिल्ली में पानी और सीवर की समस्या पैदा होने की संभावना बढ़ गई है।

### ऑडिट से सामने आएगी सच्चाई

दिल्ली जल बोर्ड का सीएजी से ऑडिट कराने को लेकर सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हमने दिल्ली जल बोर्ड में पिछले पंद्रह सालों का ऑडिट कराने का ऑडर दिया है। देश की सबसे बड़ी संस्था सीएजी से यह ऑडिट कराया जाएगा, जिसके बाद सारा दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

अगर किसी अधिकारी ने गड़बड़ की है तो उसे सजा मिलनी चाहिए। लेकिन अगर गड़बड़ नहीं की है तो ये लोग जो रोज उलटे-सीधे आरोप लगाते रहते हैं, उसकी सच्चाई सामने आ जाएगी।

### दिल्ली जल बोर्ड को नहीं जारी हो रहा फंड

सीएम अरविंद केजरीवाल ने डीजेबी का फंड रोक जाने पर कहा कि अफसरशाही अगर चुनी हुई सरकार के प्रति जवाबदेह नहीं होगी तो सरकार चलाना नामुमकिन हो जाएगा। इस समय दिल्ली जल बोर्ड को फंड रिलीज नहीं किए जा रहे हैं।

जिसके चलते दिल्ली में पानी और सीवर की भारी समस्या पैदा होने जा रही है। अभी जलमंत्री आतिशी कई जगहों पर जाकर स्थिति का मुआयना कर रही हैं। कई जगहों पर अब सीवर ओवर फ्लो होने लग गए हैं। मेंटीनेंस की भी समस्या आ रही है जिसे हमें ठीक करना होगा। दिल्ली जल बोर्ड को ग्रांट इन एड की दूसरी इन्सटॉलमेंट रिलीज नहीं की जा रही है, जिसके चलते यह सारी समस्याएं पैदा हो रही हैं।

### विपक्ष के आरोपों पर आतिशी का जवाब

उधर, दिल्ली की जल मंत्री एवं दिल्ली जल बोर्ड की चेयरमैन आतिशी ने इस संबंध में दिल्ली सचिवालय में प्रेस वार्ता कर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में सीएम अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली सरकार भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस रखती है।

दिल्ली सरकार ने पिछले 8 साल में न एक पैसे का भ्रष्टाचार किया है और न एक पैसे का भ्रष्टाचार किया है। ऐसे में अब जब पब्लिक डोमेन में जल बोर्ड को लेकर बार-बार विपक्ष द्वारा सवाल उठाये जा रहे है ऐसे में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल जी ने पारदर्शिता, भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ने और सारे तथ्यों को सामने लाने के लिए दिल्ली जल बोर्ड का सीएजी द्वारा 15 सालों का स्पेशल ऑडिट आर्डर किया है। उन्होंने कहा कि इसके तहत 2008 से अबतक दिल्ली जल बोर्ड का सीएजी द्वारा स्पेशल ऑडिट करवाया जायेगा, ये स्पेशल ऑडिट दिल्ली जल बोर्ड एक्ट और सीएजी के एक्ट के तहत करवाया जायेगा। हम सीएजी के साथ बैठकर ऑडिट की सारी प्रक्रिया तय करेंगे और सीएजी से आग्रह करेंगे की जल्द से जल्द ये स्पेशल ऑडिट करें।

## एबीवीपी का 69वां राष्ट्रीय अधिवेशन होने जा रहा है राजधानी दिल्ली में

नयी दिल्ली। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) का 69वां राष्ट्रीय अधिवेशन गुरुवार यानी 07 दिसंबर से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के बुराड़ी स्थिति दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) मैदान होने जा रहा है।

इस संबंध में दुनिया में छात्रों के सबसे बड़े संगठन एबीवीपी की ओर से अधिवेशन स्थल पर आज संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें बताया गया कि 28 नवंबर को महाराष्ट्र के रायगड किले से शुरू हुई एबीवीपी की हिंदवी स्वराज्य यात्रा दो हजार किमी की दूरी तय करके गुरुवार की सुबह दिल्ली पहुंचेगी। इस मौके पर संगठन के राष्ट्रीय मंत्री होशियार सिंह मीणा, राष्ट्रीय मीडिया संयोजक आशुतोष सिंह, दिल्ली प्रांत इकाई के प्रदेश मंत्री हर्ष अत्री तथा दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ की सचिव अपराजिता उपस्थित रहीं। इस दौरान वक्ताओं ने बताया कि गुरूवार को एबीवीपी के राष्ट्रीय अधिवेशन स्थल पर स्थित दत्ताजी डिडोलकर प्रदर्शनी का उद्घाटन परिषद के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्राध्यापक राजकुमार भाटिया तथा मूर्तिकार नरेश कुमावत द्वारा किया जाएगा। वक्ताओं ने बताया कि परिषद के राष्ट्रीय अधिवेशन के दौरान गुरुवार को 8,500 हजार विद्यार्थी एक साथ वंदे मातरम् का सामूहिक गान करेंगे। इस दौरान 150 दृष्टिबाधित दिव्यांग छात्र तिरंगे के आकार में इस समूह का नेतृत्व करेंगे। वंदे मातरम् सामूहिक ज्ञान में शामिल हो रहे विद्यार्थी अलग-अलग प्रदेशों का नेतृत्व करेंगे।

एबीवीपी के राष्ट्रीय अधिवेशन स्थल पर भारतीय संस्कृति के सुंदर प्रतीक चिह्नों का समावेश किया गया है। अधिवेशन स्थल पर टेंट सिटी को कुल 12 नगरों में विभाजित किया गया है, जिनके नाम संत ज्ञानेश्वर,अहिल्या बाई होलकर,लाचित बरफूकन, भगवान बिरसा मुंडा,पंडित मदन मोहन मालवीय, गुरु तेगबहादुर, सुब्रमण्यम भारती, महाराणा प्रताप, गुरु नानक देव, भगवान विश्वकर्मा, रानी दुर्गावती, रानी लक्ष्मीबाई, रानी मां गाईदिन्ल्यू के नामों पर रखें गए हैं। इसके साथ ही भारत के विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व अलग-अलग माध्यमों से विद्यार्थी परिषद अधिवेशन के लिए बसाई गई टेंट सिटी में दिखाई दे रहा है।

राष्ट्रीय मंत्री ने कहा कि भारत के गौरवशाली इतिहास और अनुपम विरासत की झलक इस राष्ट्रीय अधिवेशन में दिखाई देगी। यह आयोजन शिक्षा, संस्कृति , पर्यावरण क्षेत्र से जुड़े विभिन्न पहलुओं को प्रमुखता से उठाएगा।

## गाजियाबाद में तीन युवकों की लाश मिली

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में बुधवार की सुबह तीन अलग-अलग क्षेत्र में तीन शव मिलने से हड़कंप मच गया। एक 18 साल के युवक का शव शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र में नाले में अर्धनग्न मिला। तो वहीं 25 वर्ष के युवक का शव विजय नगर थाना क्षेत्र में पार्क की बेंच पर मिला। इसके अलावा थाना इंदिरापुरम क्षेत्र में नहर में करीब 40 साल के व्यक्ति का शव मिला।

एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम के मुताबिक 18 से 20 वर्ष के एक युवक का शव तुलसी निकेतन चौकी क्षेत्र में नाले में मिला है। युवक अर्धनग्न स्थिति में मिला है। युवक के कमर से ऊपर शरीर पर कोई कपड़ा नहीं था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अभी तक इस शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

वहीं शालीमार गार्डन से सटे ही थाना इंदिरापुरम में नहर में एक पुरुष का शव मिला है। एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र सिंह के मुताबिक जो शव मिला है, उसकी उम्र 40 से 50 वर्ष के बीच होगी



और संभवत यह नहर में पीछे से कहीं बहता हुआ आया है। इस मृतक की भी शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

वहीं बुधवार की सुबह तीसरा शव विजयनगर इलाके में पार्क की बेंच पर मिला। एसीपी कोतवाली निमिष पाटिल के मुताबिक थाना विजयनगर क्षेत्र के विवेकानंद नगर पार्क में बेंच पर यह शव मिला है। इस युवक का नाम राहुल है, जिसकी उम्र 25 वर्ष है और यह टेंपो चलाता था। पुलिस शालीमार गार्डन और इंदिरापुरम क्षेत्र में मिले शवों के शिनाख्त के प्रयास कर रही है। वहीं तीनों के पोस्टमार्टम रिपोर्ट का भी इंतजार है, जिससे हादसा या हत्या का पता चल सके।

## वीएमएमसी एवं सफदरजंग अस्पताल में सीपीआर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया






नई दिल्ली। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की एक स्वायत्त संस्था, एनबीईएमएस (राष्ट्रीय परीक्षा एवं चिकित्सा विज्ञान बोर्ड) की एक पहल के हिस्से के रूप में, 6 दिसंबर 2023 को जागरूकता फैलाने के लिएसीपीआर के महत्व के बारे मेंसंस्थान के युवाओं और गैर-चिकित्सीय कर्मियों को प्रशिक्षित करने के विचार के साथ, वीएमएमसी एवं सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली में सीपीआर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

इस कार्यक्रम में मेडिकल असेसमेंट एंड रेटिंग बोर्ड,एनएमसी के सदस्य डॉ. जे.एल. मीना उपस्थित थे।चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वंदना तलवार और वीएमएमसी की प्रिंसिपल डॉ. गीतिका खन्ना ने डॉ. जे.एल. मीना का स्वागत और अभिनंदन किया।

डॉ. वंदना तलवार ने प्रतिभागियों को संबोधित किया और उन्हें सीपीआर की सही तकनीक सीखने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि सीपीआर उस व्यक्ति के लिए जीवन रक्षक तकनीक है जिसकी सांस या दिल की धड़कन अचानक बंद हो जाती है।

सीपीआर में मस्तिष्क और अन्य महत्वपूर्ण अंगों में ऑक्सीजन युक्त रक्त प्रवाह को बनाए रखने के लिए पीड़ित को एक दर्शक द्वारा दी गई छाती पर दबाव और बचाव की सांसें शामिल होती हैं।सीपीआर, खासकर अगर तुरंत किया जाए, तो कार्डियक अरेस्ट के शिकार व्यक्ति के बचने की संभावना दोगुनी या तिगुनी हो सकती है। अस्पताल के बाहर कार्डियक अरेस्ट से पीड़ित अधिकांश लोग समय पर सीपीआर न मिलने के कारण मर जाते हैं।

डॉ. जे.एल. मीना ने देश के सभी नागरिकों को सीपीआर सीखने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सीपीआर एक सरल तकनीक है जिसे प्रासंगिक ज्ञान और कौशल रखने वाला कोई भी व्यक्ति कर सकता है और इस तरह जीवन बचा सकता है।

कार्यक्रम में एनबीईएमएस द्वारा उपलब्ध कराया गया एक वीडियो चलाया गया, जिसमें प्रतिभागियों को सीपीआर की सही तकनीक सिखाई गई। इसके बाद नोडल अधिकारी डॉ. निधि अग्रवाल द्वारा एक इंटरैक्टिव सत्र और पुतलों पर सीपीआर की तकनीक का प्रदर्शन किया गया।

उत्साही प्रतिभागियों ने कई प्रश्न पूछे जिनका उनकी संतुष्टि के लिए समाधान किया गया। इस आयोजन से वीएमएमसी के 200 से अधिक गैर-चिकित्सीय कर्मियों और छात्रों को लाभ हुआ। सभी पंजीकृत प्रतिभागियों को आश्वासन दिया गया कि फीडबैक देने और दी गई वेबसाइट पर प्रश्नावली का उत्तर देने के बाद उन्हें भागीदारी का एक डिजिटल प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

## समय से पहले बच्चे का जन्म का खतरा होगा कम

### सीके बिरला अस्पताल ने अब तक कराई ऐसी 2000 सफल डिलीवरी

गुरुग्राम। सीके बिरला अस्पताल गुरुग्राम करीब 2000 प्री-मैच्योर बच्चों की सफल डिलीवरी का जश्न मना रहा है जो यहां नियोनेटल इंटेंसिव केयर यूनिट (एनआईसीयू) वार्ड से हंसते-खेलते अपने घर गए. सीके बिरला अस्पताल ने जश्न का ये कार्यक्रम गुरुग्राम स्थित होटल रेडिसन में मनाया जिसमें डॉक्टर, पैरेंट्स और वो बच्चे मौजूद रहे जिनकी सीके बिरला अस्पताल में सफल प्री-मैच्योर डिलीवरी कराई गई.

अस्पताल के अत्याधुनिक एनआईसीयू से 2000 प्री-मैच्योर बच्चों को सफलतापूर्वक डिस्चार्ज करना अस्पताल की केयर और सुविधा को दर्शाता है. एडवांस मेडिकल तकनीक का उपयोग करके यहां समर्पित डॉक्टरों की टीम काम करती है जो हाई क्वालिटी हेल्थ केयर प्रदान



करते हैं और नवजात शिशुओं को स्वस्थ भविष्य देने में अहम भूमिका निभाते हैं. यह उपलब्धि दुनिया भर में नवजात देखभाल को और बढ़ाने के लिए एक प्रेरणा के रूप में कार्य करती है, जो आने वाले न जाने कितने प्री-मैच्योर शिशुओं के लिए बेहतर परिणाम सुनिश्चित करती है. गुरुग्राम के सीके बिरला अस्पताल में नियोनेटोलॉजी और पीडियाट्रिक्स की कंसल्टेंट डॉक्टर श्रेया दुबे ने कहा, 37 सप्ताह से पहले पैदा हुए प्री-टर्म शिशुओं को विशेष देखभाल की आवश्यकता होती है. एनआईसीयू में रहने के दौरान इन शिशुओं को पर्याप्त केयर मिलने से अच्छे परिणाम आते हैं. डब्ल्यूएचओ के अनुसार, वैश्विक स्तर पर हर साल 15 मिलियन से अधिक प्री-टर्म बच्चे पैदा होते हैं, जिनमें से भारत का योगदान लगभग 24 प्रतिशत है. शिशु मृत्यु दर और पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर में सबसे ज्यादा संख्या प्री-मैच्योर बच्चों की मौत की होती है.

कार्यक्रम के दौरान, डॉक्टरों ने कहा कि गर्भवती महिलाओं के लिए प्रारंभिक और नियमित प्रसवपूर्व जांच काफी अहम होती है, जिससे शरीर के अंदर की समस्याओं का पता लगाने और भ्रूण व उसके विकास पर नज़र रखने में मदद मिलती है. गर्भवती महिलाओं में डायबिटीज, हाई बीपी या डिप्रेशन जैसी परेशानियों को कम करके नवजात शिशुओं के लिए स्वास्थ्य खतरों को कम किया जा सकता है. डॉक्टर श्रेया दुबे ने कहा, ज्यादा आय वाले देशों में, प्रत्येक 10 प्री-टर्म शिशुओं में से नौ को बचाया जाता है, जबकि भारत में यह संख्या बहुत कम है, और यहां प्रत्येक 10 प्री-टर्म शिशुओं में से केवल एक प्री-टर्म जीवित रहता है.

## क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी सस्टेनेबिलिटी रैंकिंग में डीयू का पहले स्थान पर आना गर्व की बात

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के स्ट्रैटेजिक प्लान (2022-2047) को लेकर अकादमिक परिषद की एक विशेष बैठक का आयोजन कुलपति प्रो. योगेश सिंह की अध्यक्षता में हुआ। बैठक के दौरान स्ट्रैटेजिक प्लान के एजेंडे पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान सदस्यों ने स्ट्रैटेजिक प्लान को भविष्य के लिए जरूरी बताते हुए अपने-अपने विचार और सुझाव प्रस्तुत किए। कुलपति ने सभी विचारों और सुझावों को सुनने के पश्चात स्ट्रैटेजिक प्लान कमेटी को इन पर पुन- गंभीरता से विचार करने के लिए कहा। इसके साथ ही कुलपति ने गत दिवस जारी हुई क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी सस्टेनेबिलिटी रैंकिंग में दिल्ली विश्वविद्यालय के भारत में पहले स्थान पर आने पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि यह हम सबके लिए गर्व की बात है। कुलपति ने अकादमिक परिषद के सभी सदस्यों से आह्वान किया कि वह स्ट्रैटेजिक प्लान को ध्यान से देखें और वांछित सुझाव कमेटी को दें। उन्होंने कहा कि कमेटी उन सुझावों पर गंभीरता से विचार करेगी। कुलपति ने कहा कि मसौदे की भाषाई बारीकियों के लिए कमेटी में कुछ भाषाविदों और एडिटरों को भी शामिल किया जाएगा। इसके साथ ही कुलपति ने कमेटी से कहा कि स्ट्रैटेजिक प्लान के मसौदे की सामग्री को जल्द ही एडिट किया जाए। उसके पश्चात सदस्यों के साथ साझा किया जाएगा। उसके पश्चात पुन- अकादमिक परिषद के सदस्यों द्वारा इस पर विचार-विमर्श के उपरांत इसे पास किया जाएगा। कुलपति ने क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी सस्टेनेबिलिटी रैंकिंग पर चर्चा करते हुए बताया कि क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग-सस्टेनेबिलिटी का द्वितीय संस्करण गत दिवस, 05 दिसम्बर को जारी किया गया था। इसके अनुसार दिल्ली विश्वविद्यालय को इस सूची में 220 वां स्थान प्राप्त हुआ है, जबकि भारत में यह पहले स्थान पर रहा है।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आधारित पाठ्यक्रम वीएसी के अंतर्गत डीएसजे में कार्यशाला आयोजित

**नई दिल्ली।** दिल्ली स्कूल ऑफ़ जर्नलिज़्म में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आधारित पाठ्यक्रम वीएसी के अंतर्गत "Ethics and Values in Ancient Indian Tradition" पेपर पर प्राचीन भारतीय परंपराओं के नैतिक मूल्य पर एक कार्यशाला आयोजित की गयी।

इस कार्यशाला में विषय से संबंधित दिल्ली स्कूल ऑफ़ जर्नलिज़्म के छात्रों ने अपने पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन प्रस्तुत



किए। इस प्रस्तुतीकरण में वेद, पुराण, धर्म, पुरुषार्थ, संस्कृति, भारतीय ज्ञान परंपरा, भारत, संस्कार आदि विषयों पर गहन चर्चा हुई। इस चर्चा में मानव मूल्य, नैतिक परंपराओं, भारत और इंडिया के शब्दों पर संवाद, पुरुषार्थ चतुष्ट्य पर विचार विमर्श, वेदों, आधुनिक युग में भारतीय ज्ञान परंपरा की प्रासंगिकता, दंड सहिंता, बौद्ध और जैन परंपरा, नैतिक पत्रकारिता, भारत, जम्बूद्वीप, सोलह संस्कार, भारत और इंडिया डिबेट, गार्गी और मैत्री का वर्णन,भगवद्गीता, रामायण, पत्रकारिता के सन्दर्भ में नैतिक सिद्धांत, राष्ट्र-निर्माण और किंगशिप जैसे विषयों पर छात्रों ने अपने-अपने मत और विचार रखे।

दिल्ली स्कूल ऑफ़ जर्नलिज़्म के प्रथम सेमेस्टर के विभिन्न विद्यार्थियों में ऋतिका, विनीत, हर्षवर्धन, सृष्टि, नंदिनी, श्रेयशी, स्वेतालिमा, प्राची, समीर, शैलेश, आशीष, पुष्कर, शुभांश, विवेक, अंकन, आर्यन, कृष, आयुष, विकास, हिमांशु, राज लुम्बिनी, सियोना और अस्तुति आदि ने भाग लिया।

## गाजियाबाद में अलग-अलग हादसे में दो की मौत

गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना मसूरी क्षेत्र में 23 साल के युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर खुदकुशी कर ली। ट्रेन के लोको पायलट ने इसकी पुष्टि रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स से की है। वहीं दूसरी तरफ थाना विजयनगर क्षेत्र में नेशनल हाईवे क्रॉस करते समय एक युवक को वाहन ने कुचल दिया। पुलिस ने दोनों मामले में शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गाजियाबाद में रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स के सब इंस्पेक्टर कुलदीप कुमार ने बताया की मसूरी स्टेशन मास्टर ने उन्हें जानकारी दी कि मुरादाबाद से आ रही एक मालगाड़ी के आगे एक युवक कूद गया।

कुलदीप कुमार के जब वह मौके पर पहुंचे तो मुरादाबाद से आ रही मालगाड़ी वहीं खड़ी थी और युवक का शव ट्रैक पर पड़ा था। लोको पायलट ने पुलिस को बताया कि यह युवक ट्रेन के आगे आ गया। हॉर्न देने के बाद भी युवक नहीं उठा। जिससे यह हादसा हुआ है। मृतक युवक का नाम हर्ष था और वह हरियाणा के रेवाड़ी का रहने वाला था। पिछले दो महीने से वह मसूरी कस्बे में अपनी ससुराल में रुका था। इस युवक ने सुसाइड क्यों किया, इसको लेकर जांच चल रही है।

## संपादकीय

# महिलाओं के खिलाफ बढ़ती आपराधिक घटनाएं

महिलाओं के खिलाफ आपराधिक घटनाएं मानव समाज के लिए गंभीर चुनौती हैं और इससे उत्पन्न होने वाली चिंताएं समाज में बढ़ती जा रही हैं। एनसीआरबी ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि 2022 में देश भर में महिलाओं के विरुद्ध आपराधिक घटनाओं के कुल चार लाख पैंतालीस हजार दो सौ छप्पन मामले दर्ज किए गए। जबकि इसके पिछले वर्ष यानी 2021 में यह आंकड़ा चार लाख अट्ठाईस हजार दो सौ अठहत्तर और 2020 में तीन लाख इकहत्तर हजार पांच सौ तीन था।

यानी वक्त बीतने के साथ महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों की तस्वीर में कोई सुधार आने के बजाय स्थिति और ज्यादा बिगड़ती जा रही है। माना जाता है कि शहरों में कानून-व्यवस्था से लेकर अन्य उपायों की वजह से आम नागरिकों की सुरक्षा के लिहाज से स्थितियां बेहतर हैं। मगर विडंबना है कि गांवों के मुकाबले शहरों और महानगरों में स्थिति और ज्यादा चिंताजनक हुई है।

### महिलाओं के खिलाफ आपराधिक घटनाएं

**बलात्कार :** महिलाओं के खिलाफ बलात्कार एक गंभीर समस्या है, जिससे विक्षुब्ध और भयभीत माहौल पैदा होता है।

**दहेज़ प्रथा :** दहेज़ प्रथा के कारण महिलाएं समाज में असमानता का सामना कर रही हैं और इसके बढ़ते हुए केसेस उन्हें और भी असुरक्षित कर रहे हैं।

**हिंसा :** महिलाओं के खिलाफ घरेलू हिंसा और उन्हें बुरी तरह से कच्चा छोड़ने की घटनाएं बढ़ रही हैं।

**समाज में सामाजिक असमानता :** समाज में सामाजिक असमानता के कारण महिलाएं कमजोर हो जाती हैं और उनके प्रति अनादर बढ़ती है।

**शिक्षा की कमी :** कुछ क्षेत्रों में महिलाओं को शिक्षा का सुअवसर नहीं मिलता है, जिससे उन्हें अपने हक की जागरूकता नहीं होती।

### समाधान

**शिक्षा :** महिलाओं को शिक्षित बनाना और उन्हें अपने हक की जागरूकता देना समस्या का सही समाधान है।

**कठिन कानूनों की सुधार :** कानूनों में सुधार करके और तेजी से न्याय प्रदान करके समस्या का समाधान किया जा सकता है।

सामाजिक जागरूकता के माध्यम से लोगों को महिलाओं के सच्चे हक की पहचान कराना चाहिए।

महिलाओं के खिलाफ आपराधिक घटनाएं एक गंभीर समस्या हैं और इससे उत्पन्न होने वाली चिंताएं चेतना और समाधान की दिशा में बदलनी चाहिए। शिक्षा, सामाजिक जागरूकता, और सशक्तिकरण के माध्यम से हम समाज में सुरक्षित और समर्थनीय माहौल बना सकते हैं जहां महिलाएं आत्मनिर्भरता और गरिमा के साथ जी सकती हैं।



# अब 'अधिवक्ता संशोधन' विधेयक के जरिये अदालत दलालों से मुक्त होंगी

जबसे वकालत के पेशे में आसान रास्तों से पैसा कमाने की प्रवृत्ति गहरी होती गई है, तबसे मुवक्किल जुटाने की प्रतियोगिता-सी देखी जाती है। इसके लिए बहुत सारे वकील दलालों की मदद लेते हैं।

अदालतों को इंसाफ का मंदिर कहा जाता है। उनमें वकील की भूमिका वादी या प्रतिवादी के कानूनी सहायक की होती है। इसके एवज में वकील फीस तय करते हैं। जो जितना काबिल वकील होता या माना जाता है, उसकी फीस उतनी ही ऊंची होती जाती है। इसलिए इस पेशे में अपनी योग्यता को लगातार बढ़ाते, प्रतिभा को निखारते और तार्किक वक्तृता कौशल को धारदार बनाते रहने की जरूरत महसूस की जाती है।

मगर जबसे वकालत के पेशे में भी आसान रास्तों से पैसा कमाने की प्रवृत्ति गहरी होती गई है, तबसे मुवक्किल जुटाने की प्रतियोगिता-सी देखी जाती है। इसके लिए बहुत सारे वकील दलालों की मदद लेते हैं। मुवक्किल लाने की एवज में उन्हें पैसा देते हैं। ऐसे में दलाल नए और भोले-भाले मुवक्किलों को कई ऐसे वकीलों के बारे में बढ़ा-चढ़ा कर बताते और उनके पास ले जाते हैं, जिन्हें सामान्य प्रतिभा का कहा जा सकता है।

जिन्हें आमतौर पर बहुत कम मुकदमे मिलते हैं। वे मुकदमे को लंबे समय तक खींचते रहते हैं, ताकि उनकी फीस बनती रहे। इस तरह मुकदमे का फैसला होने में भी देर होती है और बहुत सारे लोगों को उचित न्याय नहीं मिल पाता। ऐसे दलाल हर अदालत के बाहर, रेलवे स्टेशनों, बस ठहराव आदि पर मिल जाते हैं।

केंद्र सरकार ने अदालतों को दलालों से मुक्त करने के मकसद से अधिवक्ता संशोधन विधेयक तैयार किया था। अब उसे लोकसभा में भी मंजूरी मिल गई है। इसे पिछले संसद सत्र में ही राज्यसभा में मंजूरी मिल गई थी। इस कानून के बाद अदालत परिसरों में दलालों की पैठ बंद हो जाएगी। अदालतें ऐसे लोगों की सूची तैयार कर सकेंगी, जिन्हें दलाल के रूप में चिह्नित किया जाएगा।

स्वाभाविक ही इससे उम्मीद बनी है कि भोलेभाले लोग कम प्रतिभा वाले या अयोग्य वकीलों के चंगुल में फंसने से बच जाएंगे। इस तरह उन प्रतिभाशाली और योग्य वकीलों को भी मुकदमे मिल सकेंगे, जो किसी तरह के तिकड़म का सहारा नहीं लेते।

योग्य वकील न केवल अपने मुवक्किल को सही सलाह देता और उसके मामले का शीघ्र निपटारा करवाने का प्रयास करता है, बल्कि उसकी दलीलों से न्यायाधीशों को भी कानूनी बारीकियां समझने और उचित निर्णय तक पहुंचने में मदद मिलती है। अयोग्य वकील अदालत और अपने मुवक्किल दोनों का सिर्फ समय बर्बाद करता है। इस लिहाज से अदालतों पर मुकदमे के बोझ से भी कुछ मुक्ति मिलने की उम्मीद की जा सकती है।

मगर दलाली की समस्या सिर्फ अदालतों तक सीमित नहीं है। बहुत सारे छोटे-छोटे कामों में दलालों की वजह से लोगों को बेवजह इधर से उधर भटकना और उलझना पड़ता है। छोटे-मोटे लाइसेंस बनवाने या किसी संस्था आदि का पंजीकरण कराने जैसे कामों में भी इतने तरह की औपचारिकताएं पूरी करनी पड़ती हैं कि उनमें दलालों के लिए भरपूर जगह बन गई है।

सरकारी योजनाओं में शायद ही कोई ऐसा काम हो, जिसमें दलालों की पहुंच न हो। चाहे वह पंचायतीराज व्यवस्था से जुड़े काम हों या फिर तहसीलों में जमीन-जायदाद से जुड़े काम, सबमें दलाल सक्रिय देखे जाते हैं। फिर बड़े सरकारी सौदों में भी बिना दलाल के काम होना कई बार जटिल हो जाता है। रक्षा सौदों में दलाली को लेकर लंबे समय से सवाल उठते ही रहे हैं। इसलिए केवल अदालतों में नहीं, हर ऐसी जगह से दलाली की गुंजाइश खत्म करने का प्रयास होना चाहिए जहां आमजन से जुड़े मसले निपटाए जाते हैं।

# अमित शाह की रणनीति और प्रधानमंत्री का चेहरा, पचास प्रतिशत आबादी पर भाजपा का राज



स्वाती सिंह

तीन राज्यों में भाजपा की प्रचंड जीत ने 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा की जीत पक्की कर दी है। यह कहना इसलिए उपयुक्त है कि इन विधानसभाओं का चुनाव भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चेहरे पर ही लड़ा गया था और लोकसभा का चुनाव भी उन्हीं के नाम पर लड़ा जाना है। जहां हर मीडिया का सर्वे छत्तीसगढ़ में भाजपा की हार बता रहा था, उसे भाजपा कार्यकर्ताओं ने जीत में बदल दिया।

इसके साथ ही मध्य प्रदेश की प्रचंड जीत के पीछे चाणक्य की भूमिका में रहने वाले राष्ट्रीय स्तर पर रहते हुए भी बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं से संपर्क करने की क्षमता कोई रखता है तो वह हैं, गृहमंत्री अमित शाह। मध्य प्रदेश में भाजपा के शीर्षस्थ नेताओं ने बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं से संपर्क साधा और पिछले चुनावों में हारे हुए बूथों को मजबूत करने की चर्चा की और आज उसे विजय में तब्दील कर दिया। अमित शाह हमेशा छोटी-छोटी बातों पर भी ध्यान देते हैं, जिसके कारण जनता ने भाजपा का सम्मान बढ़ाया। आज की तिथि में कहा जाय तो विश्व के किसी भी रणनीतिकार में अमित शाह सर्वश्रेष्ठ हैं।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने पूरे चुनाव के दौरान हर जगह निगाहें गड़ाकर एक-एक कदम बढ़ाते रहे और कार्यकर्ताओं से हमेशा संपर्क बनाकर रहे। भाजपा की यही खूबसूरती है कि यहां कोई भी बड़ा या छोटा नहीं होता। हर पदाधिकारी एक कार्यकर्ता होता है। जनता की सेवा के लिए होता है। यहां अहम के लिए कोई जगह नहीं है।

भाजपा ने कभी नकारात्मक राजनीति नहीं की। हमेशा राष्ट्र को भाजपा ने सर्वोपरि माना और उसी के अनुसार कार्य किया। उसके लिए जीत-हार मायने नहीं रखती, जनता का हित मायने रखता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्र को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में लाने के लिए दिन-रात जतन कर रहे हैं। वहीं गरीबों के लिए उनका दिल धड़कता रहता है। यही कारण है कि जनता भी उनकी हर बात पर विश्वास करती है। एक बार उन्होंने कहा कि सिर्फ कमल ही चेहरा है और जनता ने तीन राज्यों में भाजपा को बहुमत दे दिया।



यह भाजपा कार्यकर्ताओं और अमित शाह जैसे नीति निर्धारक कुशल योजनाकार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसा विश्वव्यापी चेहरे का परिणाम है कि 39 साल पहले 1984 के आम चुनाव में भाजपा को केवल दो सीटें ही हासिल हुई थी, वह पार्टी अब न केवल 12 राज्यों को नियंत्रित करती है, बल्कि यह देश की 41 प्रतिशत आबादी पर भी शासन कर रही है। वहीं, बात करें गठबंधन सरकारों की तो उसमें 50 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या पर शासन करती है। उम्मीद है कि 2024 के आम चुनावों में भाजपा को गठबंधन से भी समर्थन मिलेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जनता से किये हर वादे को निभाने के लिए दिन-रात एक करना। भ्रष्टाचार के लिए लड़ने के साथ ही विपक्ष की नकारात्मक राजनीति भी भाजपा को ऊपर पहुंचाने में आज योगदान कर रही है। कई बार विपक्ष भाजपा की बुराई करते-करते अपने दुश्मन देशों के गुणगान करने से भी गुरेज नहीं करता। अपने जवानों के हौसले तोड़ने के लिए तो कांग्रेस आये दिन वक्तव्य देती रहती है। आज जनता सब कुछ देख रही है और राष्ट्र प्रेम से अभिभूत होकर वह भाजपा को वोट कर रही है। यदि विपक्ष इसी तरह की भूमिका निभाता रहा तो आने वाले दिनों में कई दशकों तक भाजपा सत्ता में बनी रहेगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार की शाम पार्टी कार्यकर्ताओं को अपना विजयी भाषण दिया। पीएम मोदी ने कहा, कुछ लोग कह रहे हैं कि इस हैट्रिक ने 2024 की जीत की गारंटी दी है। आज का जनादेश साबित करता है कि लोगों में भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण और वंशवादी राजनीति के प्रति शून्य सहिष्णुता है। यह अक्षरश-सत्य है और सबके सामने दिख रहा है। पूरा विपक्ष मिलकर भी भाजपा को हरा नहीं सकता। इस चुनाव के बाद विपक्ष खुद ही बिखराव की ओर भी आगे बढ़ने लगेगा, क्योंकि विपक्ष सिर्फ स्वार्थ में गठबंधन कर रहा है। उसका मनोवैज्ञानिक एका नहीं है। आज अधिकांश वहीं पार्टियां कांग्रेस के साथ इंडी गठबंधन बना रही हैं, जो कभी कांग्रेस से विद्रोह कर अलग हुई थीं।

राजस्थान और छत्तीसगढ़ पर भी भाजपा ने एक बार फिर अपनी पकड़ मजबूत की, जिसके बाद देश के 12 राज्यों- उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, असम, छत्तीसगढ़, हरियाणा, उत्तराखंड, त्रिपुरा, मणिपुर, गोवा और अरुणाचल प्रदेश में भाजपा की सरकार है। वहीं, भाजपा की गठबंधन सरकारें महाराष्ट्र, मेघालय, नागालैंड और सिक्किम में फैली हुई हैं। कांग्रेस केवल तीन राज्यों में कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश पर शासन कर रही है। यहां देश की आबादी का केवल 8.51 प्रतिशत हिस्सा शामिल है। वहीं, बिहार और झारखंड में सत्तारूढ़ गठबंधन है, जो कि 19.84 प्रतिशत आबादी पर शासन कर रही है।

राजस्थान की हार और छत्तीसगढ़ में उलटफेर से कांग्रेस की शक्ति कमजोर हो गयी, जिसके बाद उसके गठबंधन के लोग ही उसको धमकी देने में जुट गये हैं। अब कांग्रेस अपने घर को सहेजने में जुट जाएगी।

**(लेखिका पूर्व मंत्री और भाजपा की वरिष्ठ नेता हैं।)**

# विश्व में देश का प्रतिनिधित्व करते शिक्षा, संस्कार और विज्ञान का ज्ञान

वैश्विक परिदृश्य में किसी भी देश की पहचान और उसका महत्व देश की शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता, संस्कारों में अंतर्निहित ज्ञान और देश की सांस्कृतिक विविधता से ही होती हैद्य इसके पश्चात प्राकृतिक संसाधनों का दोहन एवं विज्ञान, तकनीकी एवं व्यापारिक क्षमता से देश की स्थिति का आकलन होता है।

किसी भी राष्ट्र की आधारशिला उस राष्ट्र की संस्कृति, शिक्षा, संस्कार और ज्ञान की कसौटी ही होते है।शिक्षित नागरिक ही महान राष्ट्र का निर्माण करते हैं, और संस्कृति, संस्कार उसे समुर्द्ध देश बनाते हैं। राष्ट्र निर्माण में हर नागरिक का महत्वपूर्ण योगदान होता है। आज का नवजात शिशु कल का सफल नागरिक होता है, उसकी शिक्षा-दीक्षा और संस्कार से ही देश की सफलता निर्भर होती है। कक्षा की पिछली सीट पर बैठे किसी आइंस्टीन की तलाश के लिए पारखी की नजरों की आवश्यकता होती है। जिसे नकारा घोषित कर विद्यालय से निकाल दिया जाता है, वही बालक आगे चलकर युग परिवर्तनकारी सापेक्षता का विशिष्ट सिद्धांत दे जाता है. न्यूटन के गति के सिद्धांत हमारे जिंदगी को द्रुतगति से आगे की ओर अग्रसर करते हैं। यह ऐसे बालक जो जो आगे चलकर बनी बनाई परंपरा तथा लीक से हटकर चलते हैं, और परंपराओं पर गहरी चोट करते हैं। जो समाज से सुना, उसे सुनकर रह नहीं जाते हैं, और जो समाज में उसने देखा, सिर्फ देख कर नहीं रह जाते हैं, बल्कि देख सुनकर उस पर चिंतन मनन कर नई धारणा तथा सिद्धांतों को प्रतिपादित करते हैं और विश्व को उसकी सौगात भी देते हैं। हमें इन महान बालकों को गरीब बस्तियों से लेकर गली मोहल्ले और शहरों में खोजना चाहिए। बेंजामिन फ्रैंकलीन कि अपनी राय है कि बिना वैचारिक स्वतंत्रता के बुद्धि जैसी कोई चीज हो ही नहीं सकती है। हम वर्तमान में जिस समाज में हैं और जिस समाज से हमने सभ्यता का विकास की शुरुआत की है, उसका जब सूक्ष्म विश्लेषण करते हैं तो यही पाते हैं कि अपनी आजादी के तमाम तामझाम बनाने वाला इंसान दिन प्रतिदिन अपनी की बनाई दुनिया के बोझ तले गुलाम होता जा रहा है।

आज हमारी शिक्षा व्यवस्था ऐसी हो गई है, कि बचपना बस्ते के बोझ तले दबता चला जा रहा है। हमारी शिक्षा व्यवस्था को ऐसा होना चाहिए कि बच्चों को किताबी कीड़ा बनाने के बजाय उसकी नैसर्गिक रचनात्मक प्रतिभा को उभार कर जीवन उपयोगी बनाएं। बच्चों का मूल्यांकन सिर्फ इसी आधार पर नहीं होना चाहिए कि उसने कितने अंक प्राप्त किए हैं, बल्कि यह देखा जाना चाहिए कि उसकी रूचि किस क्षेत्र में ज्यादा है, और वह जीवन में इस क्षेत्र में आगे बढ़ कर एक सफल इंसान और समाज के लिए कितना उपयोगी हो सकता है, और वह खेल, साहित्य, संस्कृति, विज्ञान में कितना अपनी शक्ति और क्षमता के हिसाब से क्या प्रदर्शन कर सकता है।

माता-पिता तथा अभिभावकों को भी इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए कि उसे जबरिया डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक या अधिकारी बनाने की बजाय उसकी रूचि हो को मद्देनजर रखकर उसका कैरियर चुनने की आजादी देने में मदद करनी चाहिए। अधिकांश भारतीयों ने जो अनुसंधान या नई खोजें की हैं, वह सब विदेशों में जाकर ही वहीं की सुविधाएं प्राप्त कर, परिणाम दे सके हैं।




# सत्ता के लिए शक्ति प्रदर्शन में जुटी वसुंधरा



रमेश सर्राफ धमोरा

राजस्थान विधानसभा के चुनाव में भाजपा को 115 सीटों का पूर्ण बहुमत मिलने के बाद वहां अब मुख्यमंत्री पद को लेकर जोर आजमाईस शुरू हो गई है। राजस्थान का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा इसको लेकर दिल्ली में बैठकों का दौर जारी है। वही पार्टी नेता मुख्यमंत्री पद के लिए अपनी-अपनी लाबिंग में जुटे हुए हैं। मुख्यमंत्री कौन बनेगा इसका फैसला तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही करेंगे। लेकिन राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया भी मुख्यमंत्री पद की रेस में अपनी दावेदारी मजबूती से जता रही है।

चुनावी नतीजे घोषित होने के बाद वसुंधरा राजे ना तो स्वयं दिल्ली गई ना ही उन्हें दिल्ली से किसी बड़े नेता ने बुलाकर चर्चा की। वसुंधरा राजे सिंधिया जयपुर स्थित अपने आवास पर भाजपा के नवनिर्वाचित विधायकों से मिलकर उनका समर्थन जुटा रही है। चर्चा है कि वसुंधरा राजे से अब तक करीबन 30 विधायकों की चर्चा मुलाकात हो चुकी है। वैर से विधायक बने बहादुर सिंह कोली व नसीराबाद से चुनाव जीते रामस्वरूप लांबा ने खुलकर वसुंधरा राज्य को मुख्यमंत्री बनाने की मांग की है। मालवीय नगर से विधायक कालीचरण सर्राफ भी वसुंधरा की पैरवी करते नजर आ रहे हैं।

डीडवाना से निर्दलीय चुनाव जीते यूनुस खान जिनका भाजपा ने इस बार टिकट काट दिया था। उसके बाद भी वह निर्दलीय चुनाव जीतने में सफल रहे। वह वसुंधरा राजे को मुख्यमंत्री बनाने के लिए पूरी लाबिंग में लगे हुए हैं। लोगों का कहना है कि वसुंधरा समर्थक होने के चलते ही यूनुस खान का टिकट काटा गया था और अब वह फिर से वसुंधरा राज्य को मुख्यमंत्री बनवाकर अपनी धमक दिखाना चाहते हैं। यूनुस खान वसुंधरा राजे की दोनों बार की सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं।

2013 से 18 के वसुंधरा राजे के मुख्यमंत्री के कार्यकाल में यूनुस खान, कालीचरण सर्राफ, अशोक परनामी, राजपाल सिंह शेखावत, प्रताप सिंह सिंघवी जैसे लोगों की एक चौकड़ी बनी हुई थी। जो वसुंधरा राजे को हर वक्त घेरे रहती थी। इसी चौकड़ी के कारण वसुंधरा राजे आमजन से कट गई थी। स्थिति यहां तक आ गई थी कि उस दौरान कई वरिष्ठ विधायकों की लगातार प्रयास के उपरांत भी महीनों तक वसुंधरा राजे से मुलाकात नहीं हो पाती थी। वसुंधरा राजे के सिपाहसालारों के मनमाने फैसलों के चलते ही 2018 में भाजपा को करारी हार झेलनी पड़ी थी। उसके बाद से ही



वसुंधरा राजे भाजपा में साइड लाइन कर दी गई थी।

अब वसुंधरा राजे का पूरा प्रयास है कि कैसे भी करके विधायकों का समर्थन प्राप्त कर तीसरी बार प्रदेश का मुख्यमंत्री बना जाए।

यदि इस बार वसुंधरा राजे मुख्यमंत्री बनने से चूक जाती है तो फिर उन्हें राजनीति के बियाबान में जाने से कोई नहीं रोक सकेगा। जयपुर में वसुंधरा राजे द्वारा भाजपा विधायकों से फेस टू फेस बातचीत करने के घटनाक्रम पर भाजपा आलाकमान पूरी नजर रखे हुए हैं।

मुख्यमंत्री पद की रेस में शामिल अन्य कई नेताओं का मानना है कि पार्टी के विधायक पार्टी के किसी भी नेता से मिलने के लिए स्वतंत्र हैं। लेकिन मुख्यमंत्री वही बनेगा जिनका नाम आलाकमान द्वारा घोषित किया जाएगा।

राजस्थान में मुख्यमंत्री पद को लेकर वसुंधरा राजे के अलावा विद्याधर नगर सीट पर सबसे अधिक वोटो से जीतने वाली राजसमंद की सांसद दीया कुमारी, झोटवाड़ा से विधायक बने जयपुर ग्रामीण के सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़, केंद्र सरकार में जल संसाधन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, राज्यसभा सांसद व सवाई माधोपुर से विधायक बने डॉक्टर किरोडी लाल मीणा, केंद्र सरकार में कानून राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, भूपेंद्र यादव, संघ से जुड़े पूर्व संगठन महासचिव प्रकाश चंद्र अग्रवाल, ओम माथुर, तिजारा से नवनिर्वाचित विधायक व अलवर के सांसद बाबा बालक नाथ सहित करीबन एक दर्जन नेताओं के नाम चर्चा में है।

भाजपा में यह तो तय है कि मुख्यमंत्री वही बनेगा जिसका नाम दिल्ली में बैठ बड़े नेता तय करेंगे। मगर मुख्यमंत्री पद के लिए सबसे सशक्त दावेदार बनकर उभरी वसुंधरा राजे सिंधिया को भी हल्के में नहीं लिया जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस बात का अच्छे से पता है कि राजस्थान भाजपा में आज भी वसुंधरा राजे से बड़ा कोई लोकप्रिय चेहरा नहीं है। अगले पांच महीनो के बाद लोकसभा चुनाव होने वाले हैं। जिसको प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया जाएगा उनके कंधों पर लोकसभा चुनाव जीतवाने की जिम्मेदारी भी होगी। 2014 व 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रदेश की सभी 25 सीटों पर जीतती आ रही है। ऐसे में मुख्यमंत्री पद के चयन पर लोकसभा चुनाव की छाप भी देखी जाएगी।

हालांकि भाजपा को पर्याप्त बहुमत मिलने के कारण फिलहाल तो मुख्यमंत्री पद के लिये जिसका भी नाम तय किया जाएगा उसे सभी विधायक स्वीकार कर लेंगे। लेकिन देर सवेर पार्टी के अंदर वसुंधरा राजे के रूप में एक चिंगारी धधकती रहेगी। जिसे जब भी हवा मिलेगी तब उसे शोला बनते देर नहीं लगेगी। विधानसभा चुनाव में वसुंधरा राजे के काफी समर्थक चुनाव जीते हैं। चुनावों के दौरान उन्होंने करीबन 40 से अधिक विधानसभा क्षेत्र में प्रचार किया था। जिनमें से बड़ी संख्या में विधायक जीत कर आए हैं।

हालांकि पार्टी आलाकमान ने वसुंधरा के समय चर्चित चौकड़ी में शामिल रहे यूनुस खान, राजपाल सिंह शेखावत, अशोक परनामी, कैलाश मेघवाल जैसे बड़े नेताओं का टिकट काटकर उन्हें पार्टी की मुख्य धारा से अलग-थलग कर दिया है। वहीं नरपत सिंह राजवी चित्तौड़गढ़ सीट पर अपनी जमानत जब्त करवाकर प्रभावहीन बन चुके है। मगर यही सब लोग आज भी वसुंधरा राज्य के खास सलाहाकार बने हुए हैं तथा उन्ही की सलाह पर वसुंधरा राजे राजनीति कर रही है।

अगले कुछ दिनों में राजस्थान में भाजपा विधायक दल के नेता का चुनाव हो जाएगा। इसके बाद ही पता चलेगा कि वसुंधरा राजे नेता बनती है या अन्य किसी नेता को मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी दी जाती है। भाजपा आलाकमान वसुंधरा राजे को किस तरह शांत रख पायेगा इसका पता तो आने वाले कुछ दिनों में ही चल पाएगा। बहरहाल वसुंधरा राजे आज भी मुख्यमंत्री पद की रेस में सबसे आगे नजर आ रही है। यदि वक्त ने उनका साथ दिया तो उनका मुख्यमंत्री बनना तय लग रहा है। क्योंकि प्रदेश की राजनीति में जितनी स्वीकार्यता वसुंधरा राजे की है उतनी भाजपा के अन्य किसी भी नेता की नहीं है। आज मुख्यमंत्री कि दौड़ में शामिल अधिकांश नेताओं को कभी ना कभी वसुंधरा राजे ने ही राजनीति में आगे बढाया था। वैसे राजनीति को सम्भावनावों का खेल कहा जाता है। यहां एन वक्त पर कब क्या हो जाये किसी को पता नहीं रहता है। चेला चीनी बन जाता है और गुरु गुड़ ही रह जाता है।

## शार्ट न्यूज

### लखनऊ में 50 घरों पर चला बुलडोजर

**लखनऊ।** लखनऊ में कुकरैल नदी के किनारे बसे 50 घरों पर बुलडोजर चल रहा है। बुधवार सुबह लखनऊ विकास प्राधिकरण के अफसर फोर्स के साथ बुलडोजर लेकर पहुंचे। बुलडोजर को देखते ही भिकमपुर बस्ती के लोग जुट गए। सभी रास्ते को घेरकर खड़े हो गए। फिर पुलिस कर्मियों ने लोगों को किसी तरह से हटाया। इस दौरान एक महिला सड़क पर बैठ गई। इसके बाद प्रशासन ने लोगों को घर खाली करने को कहा। मगर जब किसी ने घर खाली नहीं किया, तो प्रशासन ने बुलडोजर चलवा दिया। रोते-बिलखते लोगों ने अफसरों से घरों को खाली करने का मौका मांगा। फिर प्रशासन ने लोगों को सामान खाली करने के लिए 2 घंटे की मोहलत दी। इस दौरान महिलाएं रोती हुई मलबे से सामान बटोरती नजर आईं। उन्होंने कहा कि यह गांव हमारा है। अवैध बस्ती नहीं है। यहां सैकड़ों सालों से रह रहे हैं। हालांकि, प्रशासन का कहना है कि यह अवैध अतिक्रमण है। कुकरैल नदी के किनारे 2000 से ज्यादा घर बने हैं। जिन्हें LDA, नगर निगम, PWD और सिंचाई विभाग ने खाली करने का नोटिस दिया है। इसमें मंदिर-मस्जिद भी हैं। इससे पहले मंगलवार को LDA और जिला प्रशासन की टीम कब्जा हटाने के लिए चेतावनी दी थी। तब भी लोगों ने जमकर विरोध किया।

### युवती ने पेड़ से लटककर की सुसाइड

**सोनभद्र।** सोनभद्र में बुधवार को एक युवती घर से 50 मीटर दूर पेड़ से लटक कर सुसाइड कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमॉर्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी भिजवा दिया और मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई। घटना बभनी थाना क्षेत्र के करमघट्टी की है। करमघट्टी निवासी 21 वर्षीय मालती कुमारी का शव घर से 50 मीटर दूर परास के पेड़ में दुपट्टे के सहारे लटकता मिला। परिजनों के मुताबिक सुबह मालती अपनी छोटी बहन के साथ शौच के लिए निकली थी। मालती घर से कुछ दूर गई और पेड़ पर चढ़ गई। पेड़ पर चढ़ने के बाद वह अपने दुपट्टे को गले में बांधकर कूद गई। इसके बाद उसकी छोटी बहन रेखा दौड़कर घर गई और जानकारी दी। परिजन दौड़कर मौके पर पहुंचे तब तक , उसकी मौत हो चुकी थी। जिसके बाद पिता राम लखन ने घटना की सूचना पुलिस को दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी भिजवा दिया। युवती ने फांसी क्यों लगाई इसकी जानकारी नहीं हो पाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### गैंगस्टर माफियाओं पर एक्शन मोड में पुलिस

बाराबंकी। गैंगस्टर माफियाओं के विरुद्ध बाराबंकी पुलिस ऐक्शन मोड में है। जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर राजस्व और पुलिस टीम ने गो तस्करी के अवैध कारोबार में लिप्त हिस्ट्रीशीटर गैंगस्टर आरोपी रहमत अली की 55 लाख की संपत्ति जब्त कर दी। एसपी दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर डीएसपी रघुवीर सिंह ने पुलिस टीम के साथ गैंगस्टर ऐक्ट के तहत ढोल-नगाड़े से मुनादी कराई। पुलिस के अनुसार, अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र निवासी कस्बा मोहल्ला काजीपुर 2 वार्ड 7 के रहमत अली की संपत्ति कुर्क कर दी गई। एसपी ने बताया कि आरोपी की अवैध कारोबार से अर्जित की गई चल/अचल सम्पत्ति (कीमत लगभग 55 लाख रुपये) चिह्नित कर आख्या दी गई थी। जिला मजिस्ट्रेट के कुर्की के आदेश पर डीएसपी रघुवीर सिंह, फतेहपुर कोतवाली इंस्पेक्टर धीरेन्द्र कुमार सिंह, मोहम्मदपुर खाला थाने के इंस्पेक्टर अनिल सिंह, राजस्व व भारी पुलिस बल के साथ मोहल्ला काजीपुर वार्ड-07 स्थित पक्के मकान को कुर्क कर दिया।

### पुलिस ने 4 जुआरी को किया गिरफ्तार

**बिलासपुर।** बिलासपुर में मंडी में एक आढ़ती की फड़ पर पत्तों की हार-जीत लगाकर जुआ खेलते 4 लोगों को पुलिस ने दबिश देकर रंगे हाथों दबोच लिया। तलाशी में उनके कब्जे से करीब 31 हजार 180 रुपए की नगदी व ताश के पत्ते आदि बरामद किए गए हैं। रामपुर जिले के बिलासपुर में प्रभारी निरीक्षक नवाब सिंह को मंगलवार की रात मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि हाईवे पर नवीन मंडी परिसर में एक आढ़ती की फड़ पर कुछ लोग पत्तों की हार-जीत लगाकर जुआ खेल रहे हैं। इस पर कोतवाल पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंच गए और उक्त लोगों की चारों तरफ से घेराबंदी कर ली। उक्त लोग भागने का प्रयास करने लगे। इस पर पुलिस ने सभी को दौड़ लगाकर धर-दबोच लिया। वहीं तलाशी में उक्त लोगों के कब्जे से 31 हजार 180 रुपए की नगदी व ताश के पत्ते आदि बरामद किए गए हैं। उसके बाद पुलिस सभी को कोतवाली ले आई। पकड़े गए लोगों में मोहल्ला शिवबाग मंडी निवासी विजय कुमार जैन उर्फ टिंकू पुत्र ओमप्रकाश, मोहल्ला शीरी मियां असलम पुत्र नियाज बहादुर व कुर्थिया फाजलपुर गांव निवासी राजपाल पुत्र मोहर सिंह शामिल हैं।

### पुलिस ने चोरी की घटनाओं का किया खुलासा

देवरिया। देवरिया में सदर कोतवाली पुलिस ने चोरी की तीन वारदातों को अंजाम देने वाले गिरोह के 5 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी किए गए गहने और सामान बरामद हुए हैं। पांचों आरोपियों को पुलिस ने न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से कोर्ट ने उन्हें न्यायायिक हिरासत में जेल भेज दिया। शहर के भीखमपुर रोड स्थित एक दुकान और साहू लेडिज वर्ल्ड में 15 नवंबर की रात में चोरों ने हाथ साफ किया। 17 नवंबर को सोमनाथ मंदिर के निकट कुष्ठाश्रम के सामने सौंदर्य प्रसाधन की दुकान शालिनी सिरेमिक में ताला तोड़कर चोरों ने लाखों का माल उड़ा दिया। 29 नवंबर को गांव गए प्रशांत सिंह पुत्र ईश्वर दयाल सिंह निवासी गरुलपार के घर से चोरों ने गहने और रूपए उड़ा दिए थे। ताबड़तोड़ चोरी की घटनाएं एक तरफ पुलिसिया गश्त की पोल खोल रही थीं वहीं खुलासे का दबाव भी पुलिस पर बढ़ता जा रहा था। सब इंस्पेक्टर हरिनाथ यादव और रेलवे स्टेशन चौकी इंचार्ज संजय सिंह चंदेल बुधवार को क्षेत्र में गश्त पर थे तभी मुखबिर ने चीनी मिल ग्राउंड के पास कुछ संदिग्धों के होने की जानकारी दी।

### पुलिस ने दो आरोपियों को किया अरेस्ट

आजमगढ़। आजमगढ़ के निजामाबाद थाना क्षेत्र में 29 नवंबर को 450 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद हुई थी। इस मामले में सभी आरोपी गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गए थे। मामले की विवेचना में जुटी पुलिस ने घटना में शामिल दो आरोपियों को अंग्रेजी शराब के साथ बुधवार को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में सोचन वर्मा और राजेश यादव हैं। इन्हें मुबारकपुर के शेरपुर तिराहे से अरेस्ट किया गया है। आपको बता दें कि 29 नवंबर को पुलिस ने एक गाड़ी से बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की थी। इसकी कीमत लगभग 28 लाख रुपए थी। इस मामले में आरोपी फरार हो गए थे। घटना के बाद से लगातार इस मामले में आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी हुई थी। पुलिस से पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त राजेश ने बताया, उसके भांजे अभिषेक यादव के मित्र प्रमोद ने विदेशी शराब से लदी ट्रक को लाकर सोचन की दुकान के सामने खड़ा किया था। इसमें सोच वर्मा, राजेश यादव, अभिषेक यादव, प्रमोद व अन्य कुछ लोगों ने मिलकर ट्रक में चोकर की बोरियों से शराब की पेटियों को छुपाकर बिहार राज्य में ले जाने वाले थे।

### चित्रकूट में 4 सगे भाइयों को उम्रकैद

चित्रकूट। चित्रकूट में पांच रुपए के विवाद में चचेरे भाई को घर में घुसकर मौत के घाट उतारने के मामले में चार सगे भाईयों को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही सभी पर 12,500 रुपए का जुर्माना लगाया है। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्यामसुंदर मिश्रा ने बताया कि बीती 17 जनवरी 2017 को डाक बंगला मऊ की निवासी प्रेमा देवी पत्नी छंगूलाल यादव ने मऊ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। प्रेमा के अनुसार उसके पुत्र लवलेश यादव व उमेश उर्फ लाला यादव पुत्र चन्ना यादव के बीच पांच रुपए के लेनदेन को लेकर विवाद हुआ था। विवाद को मौके पर मौजूद लोगों ने समझाकर शांत करा दिया था, लेकिन इसके बाद 17 जनवरी 2017 को रात नौ बजे उमेश अपने भाई दिनेश उर्फ टेनी, राजू व भईयवा पुत्र गण चुन्ना यादव के साथ लाठी, कुल्हाड़ी व बाका लेकर आया।

# महामानव थे बाबा साहब, उनके आदर्शों से लें प्रेरणा, विभाजनकारी ताकतों से रहें सावधान : योगी

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महापरिनिर्वाण दिवस पर डॉ भीमराव आंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर परिनिर्वाण दिवस पर बाबा साहब को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने आधुनिक भारत के निर्माण में डॉ आंबेडकर के योगदान को याद किया। सीएम योगी ने बुधवार को सबसे पहले हजरतगंज स्थित अटल चौक पर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके उपरांत मुख्यमंत्री विधानसभा मार्ग स्थित डॉ. आंबेडकर महासभा परिसर पहुंचे। इस दौरान अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर महामानव थे, जिनके सपनों को साकार करने का कार्य डबल इंजन की सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि आज कुछ लोग समाज को बांटकर देश को कमजोर करने का कार्य कर रहे हैं। हमें ऐसे लोगों से सावधान रहना होगा।

मुख्यमंत्री ने डॉ भीमराव आंबेडकर के विचारों पर बोलते हुए कहा कि बाबा साहब ने कहा था कि हम सबसे सबसे पहले और सबसे अंत में भारतीय है। आज कुछ लोग भारत को कोसते हैं और भारतीयता का अपमान करते हैं। जातीयता के नाम पर समाज में खाई उत्पन्न करने का काम करते हैं। ऐसे लोग सच मायने में बाबा साहब का अपमान करते हैं। बाबा साहब को भी लालच देने का काम हुआ था, मगर बिना झुके और बिना डिगे वे भारत और भारतीयता के लिए काम करते रहे। दुनिया में कहीं भी दबे कुचले समाज को बुलंद करने की बात आती है तो लोगों के दिमाग में बाबा साहब आंबेडकर का नाम आता है।



उन्होंने कहा कि बाबा साहब के सपनों को साकार करने के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार अनेक कार्य कर रही है। बाबा साहेब के पंच तीर्थों की स्थापना का कार्य प्रधानमंत्री मोदी ने किया। हमने जाति नहीं बल्कि उसकी आवश्यक्ताओं के आधार पर कार्य किया। 2014 के पहले आवास एक सपना होता था। आज देश के 4 करोड़ लोगों के पास अपना पक्का आवास है। लक्ष्य है कि जो बचे हैं उन्हें भी उपलब्ध कराएंगे। गांव हो या शहर हर दलित, वंचित और गरीब को आवास उपलब्ध कराएंगे। हर घर शौचालय अभियान मैला ढोने की कुप्रथा का उपचार बना। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुर्भाग्य से कोरोना अगर 2014 से पहले आता तो क्या हम बच पाते, क्योंकि तब की सरकार के पास कोई दृष्टि नहीं थी।

उन्होंने बताया कि 1970 में इन्सेफलाइटिस बीमारी आई, जिसके चलते 40 साल में 50 हजार बच्चों की मौत हुई थी। ये बच्चे दलित और अल्पसंख्यक समाज के थे। आज इस बीमारी को पूरी तरह से नियंत्रित कर लिया गया है।

ऐसे ही कोरोना में प्रधानमंत्री ने अपने लीडरशिप में हर योजना की निगरानी की। गरीब को राशन उपलब्ध कराना, फ्री में जांच, उपचार और वैक्सीन उपलब्ध कराया गया। ऐसा पूरी दुनिया में कहीं नहीं हुआ। पहले की सरकार चेहरा देखकर कार्य करती थी। कोई दलित समर्थक होता था कोई दलित विरोधी।

जो दलित समर्थक थे वो भी उनके नाम पर रोटी सेंकते थे। कभी कोई मुसहर, वनटांगिया, बहरिया, सहिरया, कोल, चेरो के बारे में नहीं पूछता था। बाबा साहब ने इनके उत्थान के लिए कार्ययोजना बनाने की बात कही थी, मगर 70 साल तक इन्हे वोट देने से भी वंचित रखा गया।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों का आह्वान किया कि वह एक बार श्रमिकों के बच्चों के लिए बनाये गये अटल आवासीय विद्यालय जाकर देखें कि वहां कैसी व्यवस्था की गई है। उन्होंने अभ्युदय कोचिंग की चर्चा करते हुए कहा कि इसमें अधिक से अधिक दलित बंधुओं के बच्चे कम्पटीशन की तैयारी कर रहे हैं।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण, एमएलसी लाल जी प्रसाद निर्मल, महापौर सुषमा खर्कवाल सहित तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# यूपी के 9 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी

## मिचौंग के असर से थमी बारिश, 4 दिन तक तापमान में होगी बढ़ोतरी

**कानपुर।** यूपी में दो दिन बारिश के बाद बुधवार को मौसम साफ है। कानपुर में देर रात हल्की बारिश हुई। जबकि लखनऊ में बादल छाए हैं। 24 घंटे में यूपी के 24 जिलों में कुल 2 मिमी. बारिश हुई है।

मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि साइक्लोन मिचौंग आंध्र तट से टकराकर उत्तर दिशा में बढ़ा है। यूपी में इसके असर से बारिश का दौर थम सकता है। यही नहीं, आज से अगले 4 दिनों तक तापमान बढ़ सकता है। बुधवार को भी यूपी के 9 जिलों में बारिश का अनुमान है। इनमें पूर्वांचल के जिले शामिल हैं।

कानपुर की सीएसए यूनिवर्सिटी के मौसम विज्ञानी डॉ. एसएन सुनील पांडेय के मुताबिक पूर्वी यूपी के चित्रकूट, कौशांबी, प्रतापगढ़, जौनपुर, प्रयागराज, मिर्जापुर, वाराणसी,



गाजीपुर और सोनभद्र में बारिश की संभावना है।

### मिचौंग रोकेगा उत्तर-पश्चिम से आने वाली ठंडी हवाएं

डॉ. पांडेय के मुताबिक, साइक्लोन मिचौंग की वजह से उत्तर-पश्चिम से आने वाली ठंडी हवाएं बाधित हो गई है।

इसके चलते उत्तर भारत समेत यूपी के तापमान में बढ़ोतरी होगी। ये 10 दिसंबर तक जारी रहेगा। बादलों की आवाजाही बनी रहेगी। धूप भी निकलेगी।

### इन शहरों में हुई बारिश

बीते 24 घंटे में अमेठी, अयोध्या, बहराइच, बलरामपुर, बाराबंकी, बस्ती, गोंडा, हरदोई, कन्नौज, कानपुर सिटी, कानपुर देहात, रायबरेली, खीरी, लखनऊ, सिद्धार्थनगर, सीतापुर, आगरा, बरेली, इटावा, कासगंज, जालौन, झांसी, महोबा, शाहजहांपुर में बारिश रिकॉर्ड की गई।

### गोरखपुर सबसे गर्म, बरेली रहा सबसे ठंडा

यूपी में सबसे ज्यादा दिन गोरखपुर का गरम रहा। यहां 28.2 तापमान दर्ज हुआ। वहीं, रात सबसे ज्यादा बरेली की ठंडी रही। यहां न्यूनतम तापमान 10.6 तक लुढक गया।

### बिजनौर लापरवाही बरतने पर एसओ-हल्का इंचार्ज और सिपाही निलंबित

बिजनौर। बिजनौर के बढ़ापुर में रविवार को पेड़ काटने के विवाद में एक ही परिवार के चार लोगों पर टीवी एक्टर द्वारा गोली चलाने के मामले में एसपी ने बड़ी कार्यवाही करते हुए लापरवाही बरतने पर बढ़ापुर एसओ, हल्का इंचार्ज व बीट कांस्टेबल को निलंबित कर दिया है। पूरे प्रकरण की जांच एसपी पूर्वी को सौंपी। बिजनौर के बढ़ापुर थाना क्षेत्र के कुआ खेड़ी खदरी गांव में रविवार को यूकेलिप्टिस के पेडों को काटने को लेकर टीवी एक्टर भूपेंद्र व0 गांव के रहने वाले गुरदीप के परिवार के चार लोगों पर लाइसेंसी रिवाल्वर से गोलियां बरसा दी थी। गोलीबारी में गुरदीप के बेटे गोविंद उम्र 23 वर्ष के मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि गुरदीप सिंह उसकी पत्नी बीरो भाई यह दूसरा बेटा बॉबी उर्फ अमरीक सिंह घायल हो गया था। पुलिस ने इस मामले में भूपेंद्र सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# हमीरपुर में बगैर लाइसेंस संचालित है 110 मदिरालय

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में खाद्य सुरक्षा विभाग से लाइसेंस लिये बगैर 110 सरकारी शराब की दुकानों का संचालन हो रहा है।

इस सिलसिले में खाद्य सुरक्षा विभाग ने जिला आबकारी अधिकारी की लापरवाही की लिखित शिकायत शासन से की है। विभाग ने हाल में तीन शराब की दुकानों का चालान कर मामले को एडीएम कोर्ट में पेश किया है।

खाद्य सुरक्षा विभाग के सहायक आयुक्त राम अवतार यादव ने बुधवार को बताया कि जिले में 280 अंग्रेजी व देशी शराब की दुकाने संचालित है,शासन के सख्त आदेश है कि हर शराब की दुकान संचालक को हर साल मार्च में ही खाद्य सुरक्षा विभाग से लाइसेंस लेना होगा। लाइसेंस शुल्क दो हजार रुपये वार्षिक निर्धारित किया गया है।

उन्होने बताया कि शासनादेश लागू हुये दो साल से ज्यादा हो गया है लेकिन काफी मशक्कत के बाद 170 दुकानदारों ने खाद्य सुरक्षा विभाग से लाइसेंस बनवाया है,शेष प्रतिष्ठानों के लिये जिलाधिकारी बराबर आदेश दे रहे है मगर जिला आबकारी अधिकारी इस मामले में कोई सुनवायी नही कर रहे है जिससे राजस्व का नुकसान हो रहा है।

सहायक आयुक्त ने बताया कि आबकारी विभाग के साथ कई बैठके भी की गयी है मगर बैठकों में आबकारी अधिकारी उच्चाधिकारियों को गुमराह कर अपना पल्ला झाड़ लेते है।

शासन के सख्त आदेश है कि विना लाइसेंस लिये दुकानदार को गोदाम से शराब कतई न दी जाये। मगर विभागीय अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नही दे रहे है। बिना लाइसेंस के दुकान संचालित करने पर एक लाख रुपये तक के जुर्माने का प्राविधान रखा गया है।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने मौदहा क्षेत्र के फत्तेपुरवा अंग्रेजी शराब व ,भमई गांव स्थित देशी शराब की दुकान समेत तीन दुकानों का चालान कर मामले को एडीएम अरुण कुमार मिश्रा की कोर्टे मे पेश किया है ताकि इन दुकानों पर जुर्माना लगाया जा सके।

# सैप्टिक टैंक में गिरने से सिपाही समेत भाई की मौत

**हमीरपुर।** हमीरपुर में सैप्टिक टैंक में गिरकर एक सिपाही और उसके बड़े भाई की मौत हो गई। हादसा टैंक का ढक्कन टूटने से हुआ है। ढक्कन टूटने से सिपाही टैंक के अंदर चला गया था। अपने छोटे भाई को बचाने के लिए बड़ा भाई भी टैंक में कूद गया। काफी देर तक परिवार के लोगों को जब अंदर से कोई आवाज सुनाई नहीं दी तो उन लोगों ने दोनों को आवाज लगाई। लेकिन अंदर सी कोई आवाज नहीं आई। जिसके बाद करीब 2 घंटे तक दोनों की तलाश की गई। उसके बाद दोनों को बाहर निकाला गया। परिवार के लोग दोनों को लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां दोनों को मृत घोषित कर दिया गया।

सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ये घटना हमीरपुर के सुमेरपुर थाना क्षेत्र की है। सुबह 10 बजे के करीब ये घटना हुई है। मरने वाले सिपाही का नाम लाल बहादुर (32) है। वो अभी कौशांबी में तैनात था। बड़े भाई का नाम राम सेवक कुशवाहा (35) था।

# गरीबों को सरकारी अन्न का मोहताज बना दिया : मायावती

लखनऊ। केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार की मुफ्त राशन योजना पर कटाक्ष करते हुये बहुजन समाज पार्टी (बसपा) मायावती ने कहा कि महंगाई और बेरोजगारी के चलते देश की 81 करोड़ से अधिक गरीब आबादी का जीवन सरकारी अन्न का मोहताज बनाना संविधान निर्माता बाबा साहब डा भीमराव अंबेडकर के विकसित भारत के सपने को तोड़ने के समान है। डा अंबेडकर की जयंती के मौके पर मायावती ने बुधवार को कहा कि रोटी-रोजी के अभाव से ग्रसित 81 करोड़ से अधिक गरीब व जरूरतमन्द परिवारों को पेट पालने के लिए सरकारी अन्न के जीवन पर मोहताज बना देना ना तो देश



की आज़ादी का सपना था और ना ही यह मानवतावादी संविधान के निर्माता बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर ने भी कभी ऐसा सोचा था।

उन्होने कहा कि विभिन्न चुनाव परिणामों से लगता है कि ये दबे-कुचले व उपेक्षित लोग अगर अपने परिवार के ऐसे बेहाल और बदहाल जीवन से खुश नहीं हैं, लेकिन लोग इतना साहस भी नहीं दिखा पा रहे हैं कि वे चुनाव में अपना विरोध दर्ज कराकर सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय की नीतियों पर चलने वाली देशहित की अच्छी सरकार चुनने का सार्थक प्रयास कर सकें।

बसपा अध्यक्ष ने कहा कि महंगाई की जबरदस्त मार से हर दिन जूझ रहे गरीब, मजदूर बेरोजगारी एवं शिक्षा व स्वास्थ्य की बुनियादी सुविधा के अभाव से पीड़ित है, ऐसे में देश के आगे बढ़ने व विकास करने का सरकारी दावा कैसे संभव है। केन्द्र व यूपी सरकार के पास धन का अभाव नहीं है,इसके बावजूद लोगों का जीवन गरीबी, बेरोजगारी व तंगी से बदहाल है। हकीकत यह है कि कुछ मुट्ठीभर शासक वर्ग के जातिवादी लोगों तथा पूंजीपतियों व धन्नासेठों को छोड़कर बाकी सभी लोगों को हर दिन चुभता है। उन्होने कहा कि बहुजन समाज का लगातार ग़रीब, बेरोजगार, शोषित-पीड़ित, उपेक्षित, लाचार, मजबूर और सत्ता से दूर रहना यह साबित करता है कि देश की सत्ताधारी पार्टियों ने शिक्षा और सरकारी नौकरी में आरक्षण सहित इन्हें इनका कानूनी हक देने के उत्तरदायित्व को कभी भी सही से नहीं निभाया है जिस कारण वे लोग आज भी सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक व शैक्षणिक स्तर पर आत्मनिर्भर नहीं बन पायें है।

# सीतापुर में उत्तराखंड के दो युवकों की हादसे में मौत

## उत्तराखंड से लखनऊ शादी में जा रहे थे दोनों युवक, डिवाइडर से टकराने से हुआ दर्दनाक हादसा

सीतापुर। सीतापुर में शादी समारोह में उत्तराखंड से राजधानी लखनऊ जा रहे बाइक सवार दर्दनाक सड़क हादसे का शिकार हो गये। तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे डिवाइडर से टकरा गई। इस दर्दनाक हादसे में बाइक के परखच्चे उड़ गए और उस पर सवार दो युवकों की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

घटना रामकोट थाना इलाके की है। यहां तेज रफ्तार बाइक सवार दर्दनाक हादसे का शिकार हो गये। जानकारी



के अनुसार, उत्तराखंड राज्य के गढ़वाल काशीपुर निवासी विजय सिंह रावत पुत्र भरत सिंह रावत अपने एक दोस्त के साथ यामाहा र्स्न बाइक पर सवार होकर एक शादी समारोह में शामिल होने लखनऊ जा रहे थे। बीती देर रात नेशनल हाइवे 30 पर रामकोट थाना इलाके में बाइक अचनाक डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गये।

### दो दोस्तों की मौत

दर्दनाक हादसे में बाइक सवार दोनों दोस्तों गंभीर घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले की सूचना परिजनों को देकर शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### सीतापुर में शातिर अपराधी गिरफ्तार

सीतापुर । उत्तर प्रदेश मे सीतापुर जिले के बिसवां क्षेत्र में पुलिस ने बुधवार को एक सशस्त्र मुठभेड़ में एक शातिर अपराधी को घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक सीतापुर चक्रेश मिश्रा ने बताया कि साबित अली निवासी थाना सकरन जाललीपुर आज एसओजी और बिसवां पुलिस की मुठभेड़ में शारदा नहर पटरी के पास घायल हो गया। इस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। यह अटरिया एवं राजस्थान तथा बिसवां क्षेत्र के कई अपराधों में संलिप्त था और इसकी तलाश की जा रही थी।

# रायबरेली में गोगामेड़ी की हत्या को लेकर सड़कों पर प्रदर्शन

**रायबरेली।** रायबरेली में करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेडी की हत्या के विरोध में रायबरेली जिले में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। बता दे की करणी सेना के नेताओं ने राजस्थान कांग्रेस सरकार को आड़े हाथों लेते हुए आरोप लगाया कि अगर कांग्रेस सरकार समय पर सुरक्षा दे देती तो इतनी बड़ी घटना नहीं हो सकती थी न की जा सकती थी। बता दे की रायबरेली में करणी सेना के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने शहर की डिग्री कॉलेज चौराहे पर स्थित शहीद चौक पर इकट्ठा होने के बाद कैंडल मार्च निकालकर अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेडी को श्रद्धांजलि देते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा व सरकार से मांग की है कि इस हत्याकांड की जांच एनआईए व सीबीआई से कराकर जल्द से जल्द दोषियों को फांसी दी जाए। करणी सेना के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह राजपूत ने कहा कि जिस तरीके से निर्मम हत्या हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष जी की गई। इसकी जिम्मेदार कांग्रेस पार्टी अगर समय रहते राष्ट्रीय अध्यक्ष जी को सुरक्षा दी जाती तो किसी की हिम्मत नहीं थी कि कोई राष्ट्रीय अध्यक्ष तक पहुंच सकता।


# सैप्टिक टैंक में गिरने से सिपाही समेत भाई की मौत

हमीरपुर। हमीरपुर में सैप्टिक टैंक में गिरकर एक सिपाही और उसके बड़े भाई की मौत हो गई। हादसा टैंक का ढक्कन टूटने से हुआ है। ढक्कन टूटने से सिपाही टैंक के अंदर चला गया था। अपने छोटे भाई को बचाने के लिए बड़ा भाई भी टैंक में कूद गया। काफी देर तक परिवार के लोगों को जब अंदर से कोई आवाज सुनाई नहीं दी तो उन लोगों ने दोनों को आवाज लगाई। लेकिन अंदर सी कोई आवाज नहीं आई। जिसके बाद करीब 2 घंटे तक दोनों की तलाश की गई। उसके बाद दोनों को बाहर निकाला गया। परिवार के लोग दोनों को लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ये घटना हमीरपुर के सुमेरपुर थाना क्षेत्र की है।


# कौशांबी में लड़कियों की तस्करी करने वाले गिरफ्तार

## गाजीपुर से अगवा कर ले जाई जा रही युवती बदमाशों के चंगुल से छूटकर पहुंची थाने, पुलिस से की शिकायत

एजेंसी

कौशांबी। कौशांबी की कोखराज पुलिस ने लड़कियों की तस्करी करने वाले गैंग को गिरफ्तार किया है। गाजीपुर से तस्करी के लिए जा रही पीड़िता ने खुद आरोपियों के चंगुल से छूटकर पुलिस को इस मामले की जानकारी दी। तस्करी में लिप्त 5 बदमाश, एक कार, 4 मोबाइल और



आरोपियों के पहचान पत्र पुलिस ने कस्टडी में लिए हैं।एएसपी समर बहादुर के मुताबिक, थाना पुलिस ने एक मुकदमा अपहरण का दर्ज किया था। जिसकी छानबीन के दौरान 5 बदमाश व तस्करी कर राजस्थान ले जाई जा रही युवती बरामद हुई है। युवती गाजीपुर जनपद की रहने वाली है। जिसकी सूचना पुलिस को प्रेषित की गई है। आरोपियों के नेटवर्क मे शामिल एजेंट की तलाश पुलिस कर रही है।

## शार्ट न्यूज

### टाटा मोटर्स का ध्यान वितरण प्रणाली में बदलाव पर, पेश किए ढुलाई के नए छोटे वाहन

नयी दिल्ली। भारत में कमर्शियल वाहनों की सबसे बड़ी विनिर्माता कंपनी टाटा मोटर्स का मानना है कि देश में तेजी से बढ़ते शहरीकरण, ई-कॉमर्स, खपत में तेजी, तथा वितरण में एक जगह बने केंद्र से मामल को दुकानों और ग्राहकों तक पहुंचाने के लिए उपयुक्त परिवन प्रणाली के विकास पर ध्यान देने की जरूरत है। कंपनी के एक अधिकारी ने कहा,शहरीकरण और ई-कामर्स के उभार के चलते एक हब (केंद्र) बना कर माल के वितरण का मॉडल विकसित हुआ है, लेकिन अब तक माल को बेहतरीन ढंग से एक जगह तक पहुंचाने में सक्षम और प्रभावी ट्रांसपोर्टेशन को उतना महत्व नहीं दिया गया है। टाटा मोटर्स ने इस जरूरत को पूरा करने के लिए कुछ नए छोटे वाणिज्यक वाहन पेश किए है। इस अवसर यहां मंगलवार को एक कार्यक्रम में कंपनी के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर गिरीश वाघ का कहना है,तेजी से बढ़ते शहरीकरण, फलती-फूलती ई-कॉमर्स की व्यवस्था, खपत में बढ़ोतरी, एक हब पर केंद्रित माल के वितरण का मॉडल विकसित हुआ है, लेकिन अब तक माल को बेहतरीन ढंग से एक जगह तक पहुंचाने में सक्षम और प्रभावी ट्रांसपोर्टेशन को उतना महत्व नहीं दिया गया है। कंपनी ने नए छोटे कामर्शियल वाहन इंट्रा वी70, इंट्रा वी20 गोल्ड और ऐस एचटी+ पेश किए हैं।

### किआ ने चार्जिंग स्टेशनों के लिए की साझेदारी

नयी दिल्ली। प्रीमियम कार निर्माता किआ इंडिया ने के-चार्ज का अनावरण करते हुये माइकिया ऐप के उपयोगकर्ताओं को देश भर में 1000 से अधिक ईवी चार्जिंग स्टेशनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कई कंपनियों के साथ साझेदारी की है। कंपनी ने आज यहां कहा कि किआ गैर-किआ ग्राहकों तक इस चार्जिंग नेटवर्क तक पहुंच बढ़ा रहा है, जिससे भारतीय ईवी उपयोगकर्ताओं को रेंज चिंता पर काबू पाने में सहायता प्रदान की जा रही है। यह रणनीतिक कदम विभिन्न कार्यों को एक उपयोगकर्ता-अनुकूल स्मार्टफोन ऐप में समेकित करके ग्राहक सेवाओं को बढ़ाने की किआ की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। किआ ने इस पहल को सक्षम करने के लिए 5 चार्जिंग प्वाइंट ऑपरेटरों (सीपीओ) के साथ सहयोग किया है जिसमें स्टेटिक, चार्जजोन, रिलक्स इलेक्ट्रिक, लायन चार्ज और ई-फिल चार्जिंग ऑपरेटर शामिल है। किआ ने अपने ग्राहकों को अपने चार्जिंग स्टेशनों के माध्यम से 3 महीने की मुफ्त चार्जिंग की पेशकश करने के लिए रिलक्स इलेक्ट्रिक के साथ एक विशेष गठजोड़ भी किया है। ऑनबोर्डेड सीपीओ ईवी चार्जिंग उद्योग में अग्रणी हैं, जो पर्याप्त नेटवर्क, वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाएं और सुरक्षा प्रोटोकॉल प्रदान करते हैं। इन सीपीओ को माइकिया ऐप पर एकीकृत करने का काम न्यूमोसिटी टेक्नोलॉजीज द्वारा किया जाता है - जो सीएमएस सेवाओं में अग्रणी है।

### 6.8 फीसदी की दर से बढ़ेगी देश की अर्थव्यवस्था

नई दिल्ली। बुनियादी ढांचे के विकास पर सरकार के निरंतर ध्यान देने और कारोबार सुगमता को बढ़ावा देने से देश की अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष 2023-24 में 6.8 फीसदी की दर से बढ़ेगी। 2024-25 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर सात फीसदी पर पहुंच जाएगी। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने बुधवार को यह उम्मीद जताई है। सीआईआई के अध्यक्ष आर दिनेश ने एक इंटरव्यू में कहा कि 6.8 फीसदी की वृद्धि दर उद्योग निकाय के पहले के अनुमान 6.5 - 6.7 फीसदी से अधिक होगी। दिनेश टीवीएस सप्लाई चेन सॉल्यूशंस के कार्यकारी वाइस चेयरमैन भी हैं। सीआईआई प्रमुख ने वृद्धि अनुमान साझा करते हुए कहा, 'शुरुआत में हमने 6.5-6.7 फीसदी कहा था। अब हम कह रहे हैं कि मौजूदा वर्ष यह 6.8 फीसदी होने जा रही है और अगले साल हम इसके सात फीसदी होने की उम्मीद कर रहे हैं। पहली छमाही में यह 6.8 फीसदी रही। मैं यही कहूंगा कि यह एक रुढ़िवादी आकंड़ा है, क्योंकि यदि आप देखें कि पहली छमाही में क्या हुआ है, तो हम यहां रुढ़िवादी हो रहे हैं।' हाल के राज्यों के विधानसभा चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि शेयर बाजार और उद्योग नीति में निरंतरता के पक्ष में हैं।

### पांचवीं बार 100 सबसे शक्तिशाली महिलाओं की लिस्ट में सीतारमण

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को फोर्ब्स की ओर से जारी विश्व की 100 सबसे शक्तिशाली महिलाओं की सूची में शामिल किया गया है। यह पांचवी बार है जब उनका नाम इस सूची में है। इस लिस्ट में उनके अलावा तीन अन्य भारतीयों को भी जगह दी गई है। फोर्ब्स की लिस्ट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, एचसीएल की सीईओ रोशनी नाडर मल्होत्रा, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया की अध्यक्ष सोमा मंडल और बायोकॉन की फाउंडर किरण मजूमदार-शॉ का नाम शामिल है। निर्मला सीतारमण को इस बार 100 सबसे प्रभावशाली महिलाओं की सूची में 32वां स्थान मिला है। वहीं, अन्य तीन भारतीय महिलाओं में शामिल एचसीएल की सीईओ रोशनी नाडर मल्होत्रा को 60वें, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया की अध्यक्ष सोमा मंडल को 70वें और बायोकॉन की फाउंडर किरण मजूमदार-शॉ 76वें स्थान पर जगह मिली है। गौरतलब है कि ये लगातार 5वीं बार है जब निर्मला सीतारमण ने इस सूची में जगह बनाई है। साल 2022 में वे 36वें स्थान पर रही थीं। इस बार उन्हें 4 पायदान ऊपर जगह दी गई हैं। वहीं 2021 में उनको 37वां स्थान मिला था। फोर्ब्स की ओर से जारी विश्व की 100 सबसे शक्तिशाली महिलाओं की सूची में शीर्ष चार स्थानों पर राजनीतिक पृष्ठभूमि की महिलाओं को जगह दी गई है।

### शनिवार को अवकाश समेत हफ्ते में पांच दिन कामकाज की मांग कर रहे बैंक

नई दिल्ली। भारत के बैंकिंग क्षेत्र ने औपचारिक रूप से सभी शनिवार को आधिकारिक अवकाश के रूप में घोषित करने का प्रस्ताव दिया है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने शनिवार को संसद में इस बात की पुष्टि की। इंडियन बैंक्स एसोसिएशन (आईबीए) द्वारा पांच दिवसीय कार्य सप्ताह को लागू करने की मांग के बारे में पूछे जाने पर वित्त राज्य मंत्री भागवत कराड ने कहा कि आईबीए ने इस संबंध में एक प्रस्ताव मिला है। 2015 के बाद से भारत में बैंकों ने हर महीने के दूसरे और अंतिम चौथे शनिवार को सार्वजनिक अवकाश मनाया है। सार्वजनिक बैंकों द्वारा पांच दिवसीय कार्य सप्ताह की मांग लंबे समय से की जा रही है। आईबीए देश में बैंकों का बड़े पैमाने पर प्रतिनिधित्व करता है। इसमें सार्वजनिक और निजी बैंक, भारत में विदेशी बैंक, सहकारी बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक और सभी भारतीय वित्त संस्थान शामिल हैं। बैंक क्षेत्र 15 लाख से अधिक लोगों को रोजगार देता है। हालांकि, वित्त मंत्रालय के जवाब में यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि क्या प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया गया है या निकट भविष्य में इस पर विचार किया जा सकता है। इसकी जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया कि यदि इसे मंजूरी मिल जाती है तो काम के घंटे बढ़ाने के साथ-साथ पांच दिवसीय कार्य सप्ताह में बदलाव किया जा सकता है।

### आईईएस अधिकारी जितेश जॉन बने आईडीबीआई के कार्यकारी निदेशक

नई दिल्ली। भारतीय आर्थिक सेवा के अधिकारी जितेश जॉन ने भारतीय दिवालिया एवं शोधन अक्षमता बोर्ड (आईबीबीआई) के कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। इससे पहले वह ऊर्जा मंत्रालय में आर्थिक सलाहकार के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय बैठक बुधवार से शुरू हो रही है। एमपीसी के नतीजे शुक्रवार को आएंगे। ?माना जा रहा है कि केंद्रीय बैंक एक बार फिर से रेपो दर को 6.5 फीसदी पर यथावत रख सकता है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों का कहना है कि आरबीआई चालू वित्त वर्ष में रेपो दर में परिवर्तन नहीं करेगा। केयर रेटिंग्स ने कहा, इस बैठक में आरबीआई वित्त वर्ष 2024 के लिए अपने पहले के विकास अनुमानों को 20-30 बीपीएस तक संशोधित कर सकता है। देश के सेवा क्षेत्र की गतिविधियां नवंबर, 2023 में घटकर एक साल के निचले स्तर पर आ गईं। कंपनियों को नए आर्डर मिलने की गति घटने और काम पूरा करने की धीमी रफ्तार से यह गिरावट आई है। मंगलवार को जारी एसएंडपी ग्लोबल भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक पिछले महीने घटकर एक साल के निचले स्तर 56.9 पर आ गया।

# सेंसेक्स और निफ्टी एक बार फिर नये रिकॉर्ड स्तर पर

मुंबई। अमेरिका और भारत दोनों देशों में महंगाई में कमी और यील्ड में गिरावट से विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के निवेश में तेजी आने से स्थानीय स्तर पर यूटिलिटीज़, पावर, तेल एवं गैस कैपिटल गुड्स और ऊर्जा समेत सोलह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत सेंसेक्स और निफ्टी आज एक बार फिर नये रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गये।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 357.59 अंक अर्थात् 0.52 प्रतिशत की छलांग लगाकर सार्वकालिक उच्चतम स्तर 69,653.73 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 82.60 अंक यानी 0.4 प्रतिशत उछलकर 20,937.70 अंक हो गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.19 प्रतिशत की तेजी के साथ 35,115.78 अंक और स्मॉलकैप 0.18 प्रतिशत चढ़कर 41,174.45 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3895 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1930 लाभ जबकि 1824 नुकसान में रहे वहीं 141 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 29 कंपनियों में तेजी जबकि 21 में गिरावट रही।

वित्तीय सलाह देने वाली कंपनी जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि राज्य में विधानसभा चुनावों के बाद निवेशकों की उम्मीदें बढ़ी हैं, जो नीति की निरंतरता की पुष्टि करता है। अमेरिकी और भारतीय दोनों बाजारों में मुद्रास्फीति में कमी और यील्ड में गिरावट से एफआईआई की लिवाली बढ़ी है। साथ ही चीन की क्रेडिट रेटिंग में कटौती और भू-राजनीतिक तनाव में कमी और तेल की कीमतों में गिरावट से घरेलू बाजार में तेजी आई। अमेरिकी मंदी के जोखिम में कमी और गर्मियों में मजबूत मांग की उम्मीद ने आईटी समूह में एक मजबूत उछाल और बिजली क्षेत्र की गति को बढ़ाया



है। वहीं, आशाजनक दृष्टिकोण के बावजूद घरेलू प्रीमियम मूल्यांकन चिंताओं के कारण अल्पकालिक मुनाफवासूली हो सकती है। इसके अलावा लंबे समय तक बने रहने वाले अल नीनो के जोखिम, जलाशयों के स्तर में गिरावट और कम बुआई के कारण रिज़र्व बैंक (आरबीआई) वित्त वर्ष 2024 की दूसरी छमाही की आर्थिक विकास वृद्धि दर को अनुमान को बढ़ाने और भविष्य के मुद्रास्फीति अनुमानों को कम कर सकता है।

इससे उत्साहित निवेशकों की लिवाली कि बदौलत बीएसई 16 समूहों में तेजी रही।

इस दौरान यूटिलिटीज 3.00, कमोडिटीज़ 0.25, सीडी 0.24, ऊर्जा 1.12, एफएमसीजी 1.03, इंडस्ट्रियल्स 0.80, आईटी 1.46, ऑटो 0.07, कैपिटल गुड्स 1.25, धातु 0.47, तेल एवं गैस 1.96, पावर 2.41, टेक 1.18 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.12 प्रतिशत चढ़ गए।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.27, जर्मनी का डैक्स 0.13, जापान का निक्केई 2.04, हांगकांग का हैंगसेंग 0.83 प्रतिशत मजबूत रहा। वहीं, चीन के शंघाई कंपोज़िट में 0.11 प्रतिशत की गिरावट रही।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 239 अंक की तेजी लेकर 69,534.93 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से दोपहर से पहले 69,395.01 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली की बदौलत कारोबार के अंतिम चरण में यह 69,744.62 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत पिछले दिवस के 69,296.14 अंक के मुक़ाबले 0.52 प्रतिशत चढ़कर 69,653.73 अंक हो गया।

इसी तरह निफ्टी 96 अंक बढ़कर 20,950.75 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 20,852.15 अंक के निचले जबकि 20,961.95 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 20,855.10 अंक की तुलना में 0.40 प्रतिशत मजबूत होकर 20,937.70 अंक पर रहा।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में विप्रो 3.60, आईटीसी 2.51, एलटी 2.31, टीसीएस 2.08, टाटा मोटर्स 1.99, नेस्ले इंडिया 1.60, इंफ़ोसिस 1.40, बजाज फाइनेंस 1.04, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.03, रिलायंस 0.95, एचसीएल टेक 0.94, पावरग्रिड 0.90, एशियन पेंट 0.80, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.46, टेक महिंद्रा 0.43, बजाज फिनसर्व 0.40, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.35, एचडीएफसी बैंक 0.23, टाटा स्टील 0.15 और टाइटन 0.01 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, एनटीपीसी 1.52, एक्सिस बैंक 1.05, अल्ट्रासिमको 1.04, आईसीआईसीआई बैंक 1.01, मारुति 0.87, भारती एयरटेल 0.65, इंडसइंड बैंक 0.47, कोटक बैंक 0.43, एसबीआई 0.05 और सन फार्मा के शेयर 0.01 प्रतिशत के नुकसान में रहे।

# भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में नवाचार की होगी अहम भूमिका : अमिताभ कांत

नयी दिल्ली। जी-20 में भारत के शेरपा अमिताभ कांत ने बुधवार को कहा कि 2047 तक भारत को 35 लाख करोड़ डालर की अर्थव्यवस्था के साथ विकसित देश बनाने में नवाचार की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

उन्होंने कहा,बौद्धिक संपदा (आईपी) अधिकार नए-नए आविष्कारों को बढ़ावा देने की किसी देश की योग्यता को दर्शाते हैं। कांत यहां छठे आईपी कॉन्क्लेव एंड इंटीलेक्चुअल प्रॉपर्टी टैलेंट सर्च एक्ज़ामिनेशन (आईपीटीएसई) अवॉर्ड्स समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयासों से आज पेटेन्ट आवेदन दाखिल करने में लगने वाले समय को कम करके अमेरिका और जापान की तरह किया जा चुका है। उन्होंने कहा,छोटे और मझोले शहरों से आने वाले स्टार्टअप्स भी नवाचार कर सकते हैं, क्योंकि तकनीक का लाभ



उठाने के लिए उनके पास बुनियादी ढांचा है और वे संपदा के निर्माण में योगदान दे रहे हैं। कार्यक्रम में दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूति सी. हरि शंकर ने जनरेटिव एआई और आईपी पर अपनी बात रखते हुए, कहा,एआई और आईपी साथ-साथ चलते हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर, न्याय के लिहाज से एआई और आईपी के इंटरैक्शन पर कोई निर्णायक कानूनी स्थिति नहीं है। एआई से जनरेट होने वाले कंटेन्ट की किस सीमा तक सुरक्षा हो और आईपी राइट्स की सुरक्षा में एआई का किस हद तक दखल रहेगा, ऐसे सभी मामले बहुत पेचीदा हो गये हैं। उन्होंने कहा, हमें देखना होगा कि वैश्विक और भारतीय न्यायशास्त्र इस मामले में कैसे विकसित होता है। डायरेक्टर शैक्षिक संस्था इपेथिकॉन के उद्यम आईपीटीएसई के निदेशक हितैषी त्रिवेदी ने कहा,नैसकॉम और एरिक्सन सहित उद्योग जगत की भागीदारों तथा आईपी जैसे विषय में बढ़ती रुचि की वजह से आईपीटीएसई 2023 में स्टूडेंट्स, स्टार्ट-अप और युवा प्रोफेशनल्स की उत्साहजनक भागीदारी देखी गई। इस सम्मेलन में एरिक्सन के वाइस प्रेसिडेंट (पेटेंट विकास) गैब्रिएल मोहस्लर ने कहा, भारत के होनहारों का ध्यान खींचने के लिए आईपीटीएसई की शुरूआत की गई है। एरिक्सन, नवाचार क्षमता को बेहतर बनाने और भारत को एक नवाचार के वैश्विक केंद्र के रूप में विकसित करने की भारत सरकार की सोच का समर्थन करता है। कार्यक्रम में आईपीटीएसई प्रतिभागियों को पुरस्कार के लिए स्कूल, विश्वविद्यालय, संकाय और काम करने वाले पेशेवर के आधार पर आंका गया स्कूल श्रेणी में ग्रेटर नोएडा की रागी शर्मा, जेपोर, ओडिशा के अनुराग श्रीराम स्वारो और भोपाल के हर्ष शर्मा को, विश्वविद्यालय श्रेणी में दिल्ली विश्वविद्यालय के कृष्णांशु कपूर, मराठवाड़ा मित्र मंडल के शंकरराव चव्हाण लॉ कॉलेज, पुणे की ईशा परांडे और कमिंस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग फॉर वुमेन से प्राची मुधोलकर शामिल है। एक्रोपोलिस इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, इंदौर की आकांक्षा द्विवेदी और भुवनेश शर्मा क्रमश: फैकल्टी और वर्किंग प्रोफेशनल श्रेणियों में शीर्ष पुरसकार दिया गया।

# 2024 में दुनियाभर में 4.7 अरब होंगे हवाईयात्री

**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन महानिदेशक विली वॉल्श ने भारत को लेकर आशावादी होने की बात कही है। उन्होंने दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते नागरिक उड्डयन बाजारों को लेकर एक सवाल पर कहा, भारत एक बेहद रोमांचक बाजार है और वह बहुत आशावादी हैं। उन्होंने बताया कि आईएटीए का अनुमान है कि 2023 में शुद्ध लाभ 23.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर, जबकि अगले साल (2024 में) वैश्विक एयरलाइन उद्योग को 25.7 बिलियन डॉलर का रहने की उम्मीद है।

बुधवार को आईएटीए महानिदेशक विली वॉल्श ने कहा, अगले साल (2024 में) दुनियाभर के एयरलाइन उद्योग 964 बिलियन अमेरिकी डॉलर राजस्व अर्जित करेंगे। यह ऐतिहासिक उच्च स्तर होगा।

300 से अधिक एयरलाइनों के समूह-IATA के मुखिया ने कहा, शुद्ध लाभ और राजस्व बढ़ने का प्रमुख कारण यात्री और कार्गो- दोनों क्षेत्रों में सामान्य से अधिक वृद्धि की उम्मीद है।

स्विटजरलैंड के जिनेवा में पत्रकारों से बात करते हुए आईएटीए महानिदेशक विली वॉल्श ने कहा, 2024 में 40.1 मिलियन उड़ानों का संचालन किए जाने की उम्मीद है। यह आंकड़ा 2019 के 38.9 मिलियन और 2023 में अपेक्षित 36.8 मिलियन उड़ानों से भी अधिक है। उन्होंने कहा कि एयरलाइन उद्योग का परिचालन लाभ बढ़कर 49.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। इस साल परिचालन लाभ 40.7 बिलियन डॉलर रहने का अनुमान है।

आईएटीए के अनुसार 2024 में लगभग 4.7 बिलियन लोग हवाई यात्रा करेंगे। विमानों यात्रियों की संख्या इतनी अधिक कभी नहीं रही। यह ऐतिहासिक ऊंचाई होगी।

## फेडरल बैंक देगा ई-प्रोक्योरमेंट और ई ऑक्शन सेवाएं

नयी दिल्ली। फेडरल बैंक अब ई-प्रोक्योरमेंट और ई-ऑक्शन सिस्टम से जुड़ गया है। निजी क्षेत्र के इस बैंक ने ये सुविधाएं देने के लिए एनसीडीईएक्स ई-मार्केट लिमिटेड (एनईएमएल) के साथ करार किया है। एनईएमएल एक नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव एक्सचेंज लिमिटेड (एनसीईएक्स) की स्वामित्व वाली सहयोगी ईकाई है। एनसीडीईएक्स 90 कमोडिटी के ट्रेडिंग प्लेटफार्म में अहम हिस्सेदारी रखता है।

बैंक ने जारी बयान में कहा कि इस रणनीतिक साझेदारी से राज्य और केंद्र सरकारों को ई-प्रोक्योरमेंट के लिए एडवांस सॉल्यूशन मिलेगा। इस प्लेटफार्म के जरिए किसान एनईएमएल प्लेटफार्म पर अपनी उपज बिक्री के लिए दर्ज करवा सकेंगे। प्लेटफार्म पर दर्ज कृषि उपज को सरकार दिए गए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएनपी) पर खरीद लेगी। इसके बाद वह फेडरल बैंक अपने प्लेटफार्म से लिंक एनईएमएल प्लेटफार्म के जरिए कृषि उपज का बेहद अहम सरकारी पेमेंट कराएगा। इसके साथ ई ऑक्शन भी सरकार को सारी प्रमुख कमोडिटी के उचित मूल्य निर्धारित करके उसकी खरीदारी में मदद करेगा। इसके लिए वह बेहतर ढंग से प्राइस डिस्कवरी करेगा। उल्लेखनीय है कि नीलामी में आने वाली सभी बोलियों में सबसे उचित मूल्य के चुनाव की प्रक्रिया को प्राइस डिस्कवरी कहते हैं। इससे बिचौलियों की भूमिका खत्म होगी।

## मासिक जीएसटी वसूली में और बढोतरी की गुंजाइश : शशांक प्रिया

नई दिल्ली। केंद्रीय अप्रत्यक्ष एवं सीमाशुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के विशेष सचिव एवं सदस्य (जीएसटी) शशांक प्रिया ने बुधवार को कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की वसूली अच्छी चल रही है तथा इसमें अभी और वृद्धि की गुंजाइश है।

यहां जीएसटी पर उद्योगमंडल एसोचैम के राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, हमारा कर राजस्व (मासिक जीएसटी वसूली) लगातार 1.6 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो रहा है। हम इसे और बढाएंगे क्योंकि अभी ऐसे क्षेत्र हैं जहां राजस्व का दोहन किया जा सकता है।

उन्होंने कहा हम जीएसटी अनुपालन को आसान बनाने पर विचार कर रहे हैं, लेकिन साथ ही, हम यह भी देखना चाहते हैं कि अनुपालन में नियमितता बरती जाए, कर विवरण दाखिल करने तथा कर-भुगतान समय पर हो। हम एक राष्ट्र, एक कर, एक बाजार की यात्रा पर निकले हैं और हमें मैदानी स्तर पर आने वाली इन समस्याओं के समाधान की दिशा में लगातार काम करते रहने की जरूरत है।

शशांक प्रिया ने यह भी कहा कि सीबीआईसी ने एक बड़ा फैसला किया है कि अब उसका अपना अपना 'बैक एंड सिस्टम' यानी हिसाब-किताब रखने का प्रभाग नहीं होगा बल्कि इस काम को जीएसटीएन के बैक एंड सिस्टम पर ले जाया जाएगा। ऐसा इसलिए किया जा रहा है क्यों कि बोर्ड के सामने फील्ड स्तर पर, डेटा हानि की समस्याएं आ रही थीं।

उन्होंने कहा, ' हमने महसूस किया है कि अगर हम सभी एक ही बैक-एंड सिस्टम पर काम करेंगे तो राज्यों और केंद्र के बीच एक तालमेल होगा।

उन्होंने यह भी कहा कि हर शिकायत के लिए केंद्र पर आश्रय ठीक नहीं होता।

कानून के कुछ प्रावधानों के कार्यान्वयन में उत्पन्न होने वाली समस्याओं के समाधान के लिए जमीनी स्तर पर शिकायत निवारण तंत्र, राज्य समन्वय समिति की बैठकों की व्यवस्था और तंत्र स्थापित किए जा चुके हैं।

प्रतीक जैन, अध्यक्ष, एसोचैम की राष्ट्रीय अप्रत्यक्ष कर परिषद के चेयरमैन प्रतीक जैन ने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि जीएसटी ने सभी राज्यों में एक कानून और समान कर दरों के साथ संरचनात्मक सरलता ला दी है।

पर उद्योग जगत का मानना है कि अब विधायी पहलुओं से अधिक, कर प्रशासन को अब सुव्यवस्थित करने तथा हितधारकों को एक साथ आ कर परस्पर राय-मशवरा के साथ आगे बढ़ने का दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है।

एसोचैम की राष्ट्रीय अप्रत्यक्ष कर परिषद के सह-अध्यक्ष एसोचैम रितेश कनोडिया ने जीएसटी से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण मुद्दे जिन पर तत्काल विचार करने की आवश्यकता पर बल दिया जिनमें ऑडिट की बहुलता और नोटिसों की ऊंची संख्या, ऐसे पुराने मामले जिनमें कर की मांग की पुष्टि हो चुकी है, ब्याज जमा कर दिया गया है पर क्रेडिट का मुद्दा फंसा हुआ है तथा माफी योजना में कुछ कानूनी अस्पष्टताओं के आधार जीएसटीआर 2ए-3बी के नोटिस के संबंध में रियायत जैसे मुद्दे शामिल हैं।

# सरकार ने खाद के भाव स्थिर रख किसानों को वैश्विक झटकों से बचाया : मांडविया

नयी दिल्ली। केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को कहा कि केंद्र ने किसानों के लिए रासायनिक उर्वरकों के दामों की स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए पिछले 2-3 वर्ष के दौरान जिंसों की वैश्विक कीमतों में उछाल का पूरा बोझ अपने कंधे पर उठाया है।

उन्होंने कहा कि यही कारण है भारत में एक ऐसे दौर में उर्वरकों की खपत में स्थिरता बनी रही और कृषि उत्पादन में नए रिकार्ड बने जबकि विश्व में उत्पादन में गिरावट दर्ज की गयी। श्री मांडविया यहां उर्वरक उद्योग के एक सम्मेलन का उद्घाटन कर रहे थे। इसका अयोजन फर्टिलाइजर एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएआई) ने किया था। रसायन एवं उर्वरक मंत्री ने कहा कि सरकार ने देश में उर्वरकों का उत्पादन बढ़ाने, आपूर्ति के दौरान बिखराव और हेराफेरी रोकने के कई उपाय किए हैं। उन्होंने कहा कि इससे उत्पादकता के नए रिकार्ड बने हैं। आत्मनिर्भरता के लिए सरकार के



प्रयासों से यूरिया उत्पादन की करीब 30 लाख टन वार्षिक क्षमता के कारखानों का उद्धार किया गया जो बंद पड़े थे। उन्होंने कहा कि एक दो साल में उर्वरक उत्पादन की नयी क्षमताएं चालू होंगी।' मांडविया ने कहा कि सरकार फॉस्फेट और पोटाश आधारित उर्वरकों के लिए कच्चे माल की आपूर्ति की भरोसेमंद व्यवस्था करने में भी लगी है। उन्होंने कहा कि 'प्रधानमंत्री प्रणाम' पहल के तहत धरती की पारिस्थितिकी को सुरक्षित रखने के लिए उर्वरक के संतुलित प्रयोग, वैकल्पिक उर्वरकों के प्रयोग को प्रोत्साहित करने ,जैविक खेती को बढ़ावा देने और संसाधनों के संरक्षण की प्रौद्योगिकी के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा ।

उन्होंने इस क्षेत्र में नैनो यूरिया और नैनो डीएपी जैसे नवाचारों तथा खेतों में ड्रोन से उर्वरकों और दवाओं के छिड़काव में महिलाओं को जोड़ने की नमो ड्रोन दीदी योजना जैसी पहल का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयासों का लक्ष्य है कि किसानों को उर्वरकों की पर्याप्त मात्रा में और समय पर आपूर्ति कर 14 करोड़ किसान परिवारों की मदद की जाए और नए उभरते वैश्विक उर्वरक बाजार में भारत की भूमिका को महत्वपूर्ण बनाया जाए।

### एलटी फूड्स के दावत बासमती को आस्ट्रेलिया में शीर्ष रेटिंग

नयी दिल्ली। वैश्विक स्तर पर खाद्य उत्पादों का कारोबार कर रही भारतीय मूल की कंपनी एलटी फूड्स ने बुधवार को कहा कि ऑस्ट्रेलिया में कैनस्टार ब्लू की नवीनतम रेटिंग में उसके दावत ब्रांड बासमती को सूखे चावल के विभिन्न वैश्विक ब्रांडों के बीच शीर्ष ब्रांड घोषित किया गया है। कैनस्टार ब्लू उपभोक्ता समीक्षा और तुलना वेबसाइट है जो आस्ट्रेलियाई में 300 से अधिक उपभोक्ता वस्तुओं की रेटिंग और सूचनाएं प्रकाशित करती है। एलटी फूड्स की एक विज्ञप्ति के अनुसार कैनस्टार ब्लू ब्रांडेड खाद्य वस्तुओं की रेटिंग उनके स्वाद, बनावट, पैकेजिंग सुविधा, विविधता, रेंज और समग्र संतुष्टि के मानदंडों पर उपभोक्तओं की राय लेकर करती है। कंपनी के अनुसार उसकी नयी रेटिंग में कंपनी के दावत ब्रांड बासमती को फाइव स्टार का स्कोर दिया गया। एलटी फूड्स लिमिटेड के सीईओ (भारत, सुदूर पूर्व) रितेश अरोड़ा ने कहा, यह सम्मान वैश्विक स्तर पर हमारे उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता और संतोषजनक पाक अनुभव प्रदान करने की हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रमाण है।'

### अमेरिकी एजेंसी की जांच में अडाणी को क्लीनचिट, हिंडनबर्ग की मंशा पर उठाए सवाल

नई दिल्ली। (पीएमए) हिंडनबर्ग मामले में अडाणी ग्रुप को बड़ी राहत मिली है। अमेरिकी सरकार की एक एजेंसी ने हिंडनबर्ग के आरोपों को अपनी जांच में अप्रासंगिक बताया है। अमेरिकी एजेंसी की रिपोर्ट का खुलासा होते ही घरेलू शेयर बाजार में आज अडाणी ग्रुप की कंपनियों के शेयरों में जोरदार तेजी आ गई। इस साल की शुरुआत में शॉर्ट सेलर कंपनी हिंडनबर्ग ने अडाणी ग्रुप पर शेयरों की ओवर प्राइसिंग करने और एकाउंटिंग में हेरफेर करने जैसे कई गंभीर आरोप लगाए थे। इन आरोपों के खुलासे के बाद अडाणी ग्रुप के सभी शेयरों में जबरदस्त गिरावट आ गई थी। अब अमेरिका की एजेंसी इंटरनेशनल डेवलपमेंट फाइनेंस कॉर्प ने अडाणी ग्रुप पर हिंडनबर्ग की ओर से लगाए गए आरोपों पर अपनी जांच पूरी कर ली है। इस जांच के बाद अडाणी ग्रुप को न केवल क्लीन चिट दिया गया है बल्कि अडाणी पर लगाए हेराफेरी के आरोपों को भी गलत करार दिया गया है। इसके साथ ही हिंडनबर्ग की मंशा पर भी सवाल उठाया गया है। अमेरिकी एजेंसी की रिपोर्ट आने के बाद घरेलू शेयर बाजार में अडाणी ग्रुप की कंपनियों के शेयरों में जोरदार तेजी दर्ज की गई। ग्रुप की प्रमुख कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज के शेयर आज 16.91 प्रतिशत की तेजी के साथ 2,959.35 रुपये के स्तर पर पहुंच गए। इसी तरह अडाणी पोर्ट्स के शेयर 15.3 प्रतिशत की मजबूती के साथ 1,013.10 रुपये के स्तर पर बंद हुए। इसके अलावा अडाणी ग्रीन एनर्जी और अडाणी एनर्जी सॉल्यूशन के शेयर 20 प्रतिशत की उछाल के साथ क्रमश: 1,348.50 रुपये और 1,084.40 रुपये के स्तर पर बंद हुए। ग्रुप की अन्य कंपनियों में अडाणी विल्मर 9.94 प्रतिशत की छलांग लगा कर 380.65 रुपये के स्तर पर, अडाणी पावर 15.81 प्रतिशत की मजबूती के साथ 538.15 रुपये के स्तर पर, अडाणी टोटल गैस के शेयर 19.88 प्रतिशत की बढ़त के साथ 877.85 के स्तर पर, अंबुजा सीमेंट 7.27 प्रतिशत की तेजी के साथ 509.05 रुपये के स्तर पर, एसीसी 8.20 प्रतिशत उछल कर 2,184.8 रुपये के स्तर पर और एनडीटीवी के शेयर 18.48 प्रतिशत की बढ़त के साथ 266.65 रुपये के स्तर पर बंद हुए।

## शार्ट न्यूज

### 'होप्स' पर टिकी है दिल्ली की होप

नयी दिल्ली । देर से ही सही दिल्ली की फुटबॉल का ग्राफ दिन-पर-दिन और मैच-दर-मैच ऊपर चढ़ रहा है। सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करने वाले दिल्ली के पुरुष खिलाड़ियों के बाद अब महिला खिलाड़ी भी तेजी से आगे बढ़ रही हैं, जिसका बड़ा प्रमाण है 'होप्स' फुटबॉल क्लब। 'होप्स' क्लब ने 2022-23 की दिल्ली महिला प्रीमियर लीग का खिताब जीतकर बड़ी पहचान बनाई थी। होप्स देश के शीर्ष आठ महिला क्लबों में शामिल है, जिसे इंडियन वुमन लीग (आईडब्लूएल) में खेलने का सम्मान मिला है। साल 2023-24 की आईडब्लूएल के लिए होप्स ने दिल्ली के डॉ. अम्बेडकर स्टेडियम को अपना होम ग्राउंड बनाया है। नौ दिसम्बर को खेले जाने वाले पहले मैच में होप्स को कर्नाटक के किक स्टार्ट क्लब से खेलना है, जिसके लिए क्लब के अध्यक्ष संजय यादव और कप्तान अनुष्का सैमुअल आशावान हैं। संजय ने कहा कि उनकी टीम अपने मैदान का लाभ उठाने के लिए पूरी तरह तैयार है। कप्तान अनुष्का के अनुसार हम अपने होम मैदान पर खेलकर विजयी शुरुआत करना चाहती हैं और किसी प्रकार का कोई दबाव महसूस नहीं कर रही है। संजय ने बताया कि उनकी टीम पूरी तरह फिट है। दो विदेशी खिलाड़ी घाना से हैं और अनुष्का की अगुआई में सभी लड़कियां इस बार हट कर प्रदर्शन करने के लिए कटिबद्ध है।

### मनाली में दो से छह जनवरी तक विंटर कार्निवाल होगा आयोजित

कुल्लू। हिमाचल प्रदेश के मनु की नगरी मनाली में दो से छह जनवरी तक राष्ट्रीय स्तरीय विंटर कार्निवाल आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुख्खू इस विंटर कार्निवाल का शुभारंभ करेंगे। यह जानकारी बुधवार को यहां मनाली विधानसभा के विधायक एवं राष्ट्रीय स्तरीय विंटर कार्निवाल आयोजन समिति के अध्यक्ष भुवनेश्वर गौड़ ने तैयारी को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने कहा कि आपदा के बाद मनाली पर्यटकों के स्वागत के लिए पूरी तरह से तैयार है। विंटर कार्निवाल आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य मनाली तथा कुल्लू जिला में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देना है। इस विंटर कार्निवाल से पूर्व क्रिसमस डे से लेकर न्यू ईयर तक भी मनाली में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। ताकि यहां आने वाले पर्यटक प्रदेश सहित कुल्लू जिला की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर से परिचित हो सकें। उन्होंने कहा कि आयोजन को सफल बनाने के लिए इस दौरान माल रोड रंग बिरंगी लाइटों से सजाया जाएगा तथा पर्यटक को जिले की समृद्ध संस्कृति से रूबरू करवाने के लिए माल रोड पर एक स्टेज बनाया जाएगा जहां पर 25 दिसंबर यानी क्रिसमस डे से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। गौड़ ने कहा कि मनाली विंटर कार्निवाल का मुख्य आकर्षण विंटर क्वीन रहेगा।

### एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप में भारत ने न्यूजीलैंड को हराया

सैंटियागो। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2023 के अपने चौथे मुकाबला 3-3 से बराबरी पर समाप्त होने के बाद हुए पेनल्टी शूट आउट में न्यूजीलैंड को 3-2 से हरा दिया। भारत की ओर से निर्धारित 60 मिनट में रोपनी कुमारी ने आठवें मिनट में, ज्योति छत्री ने 17वें मिनट, और सुनेलिता टोप्पो ने 53वें मिनट में एक-एक गोल किया। जबकि न्यूजीलैंड की ओर से इसाबेला स्टोरी ने 11वें, मेडलिन हैरिस ने 14वें और रियाना फो ने 49 वे मिनट में गोल किए। निर्धारित समय पर मुकाबला 3-3 की बराबरी से छूटने पर पेनल्टी शूटआउट में साक्षी राणा और प्रीति भारत के लिए मौके भुनाने में सफल रहीं, जबकि मुमताज खान ने सडन डेथ में गोल किया। दूसरी ओर न्यूजीलैंड की हन्ना कॉटर और रियाना फो ही गोल कर सकी। मुकाबले के पहले क्वार्टर में रोपनी कुमारी ने आठवें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर भारत को बढ़त दिलाई। हालाँकि उसके बाद न्यूजीलैंड की इसाबेला स्टोरी ने 11 वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर गोल से स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद मैडलिन हैरिस ने 14 मिनट में मैदानी गोल कर न्यूजीलैंड को आगे कर दिया। भारत ने दूसरे क्वार्टर में आक्रामक रुख अपनाया और ज्योति छत्री ने 17 वें मिनट में गोल कर मुकाबले को फिर से बराबरी पर ला दिया।

### टी-20 विश्वकप के मद्देनजर अधिक से अधिक ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी आईपीएल में भाग ले

सिडनी 06 दिसंबर (वार्ता) ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने कहा है कि अगले साल होने वाली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अधिक से अधिक ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को भाग लेना चाहिए ताकि वे टी-20 विश्वकप की तैयारी कर सकें। मैक्सवेल ने कहा कि एकदिवसीय विश्वकप जीतने के बाद ऑस्ट्रेलिया की नजर अब अगले साल जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्वकप पर है। उन्होंने कहा कि जब तक उनके पैर चलेंगे वह आईपीएल खेलते रहेंगे। भारत से लौटकर एक सप्ताह आराम करने के बाद मैक्सवेल अब बिग बैश लीग (बीबीएल) में मेलबर्न स्टार्स के कप्तान के रूप में खेलेंगे। वह आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टीम का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा, आईपीएल में मैं अपने करियर के आखिर तक खेलता रहूंगा। संभवतः यह मेरे करियर का आखिरी टूर्नामेंट होगा। जब तक मैं चल-फिर सकता हूं, तब तक मैं आईपीएल खेलता रहूंगा। आईपीएल का मेरे करियर में बहुत अहम योगदान रहा है। इस टूर्नामेंट में स्तरीय खिलाड़ी और कोच हिस्सा लेते हैं, जिनसे आपको बहुत कुछ सीखने को मिलता है। आप इस टूर्नामेंट में दो महीने तक एबी डीविलियर्स और विराट कोहली जैसे खिलाड़ियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खेलते हैं, जो किसी के जीवन का भी सबसे बड़ा अनुभव होगा।

### वांग ने चीन की स्थिति पर दिया जोर

बीजिंग। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने बुधवार को ताइवान मुद्दे पर चीन की गंभीर स्थिति पर जोर दिया। वांग ने अमेरिका से चीन के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करने, 'ताइवान की स्वतंत्रता' की किसी भी ताकत का समर्थन और मिलीभगत नहीं करने का आग्रह किया। वांग, जो चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो के भी सदस्य हैं, ने अमेरिका के साथ एक फोन कॉल पर यह टिप्पणी की। उन्होंने अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से बुधवार को इस संबंध में टेलीफोन पर बातचीत की। गौरतलब है कि चीन ताइवान को अपने अधिकार क्षेत्र में होने का दावा करता है जबकि ताइवान खुद को 'आजाद देश' मानता है। अमेरिका समेत कुछ अन्य देश ताइवान को किसी का अधीन नहीं मानते जिसके कारण पूरा मामला पेचिदा हो चुका है।

### किर्गिस्तान में इन्फ्लुएंजा ए- एच3एन2 के मामले आये सामने

बिश्केक। मध्य एशियाई देश किर्गिस्तान के दक्षिण में ओश शहर में इन्फ्लूएंजा ए एच3एन2 के मामले सामने आये है। यहां स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकरी दी। मंत्रालय के रोग निवारण और राज्य स्वच्छता और महामारी विज्ञान पर्यवेक्षण विभाग ने कहा कि प्रयोगशाला परीक्षण के नतीजों से पता चला है कि शहर में कई मरीज़ इन्फ्लूएंजा ए एच3एन2 पॉजिटिव है। मंत्रालय ने कहा कि यह बीमारी मौसमी है और देश में हर साल दर्ज की जाती है। प्रयोगशाला के परिणामों से देश में तीव्र श्वसन वायरल संक्रमण का पता चला है, जिसमें पैरेन्फ्लुएंजा, बोकावायरस, रेस्पिरेटरी सिंकाइटियल वायरस, मौसमी कोरोनावायरस, एडेनोवायरस और मेटान्यूमोवायरस शामिल हैं। लेकिन बिश्केक में महामारी की स्थिति स्थिर है। किर्गिस्तान में पिछले सप्ताह में 5,737 तीव्र श्वसन वायरल संक्रमण और फ्लू के मामले दर्ज किए गए थे। बीमारों में 67.2 प्रतिशत 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चे हैं, इस तरह कुल 3,858 मामले हैं।

# एचएआर और घुम्मनहेड़ा राइजर, सैल्यूट, मार्कंडेश्वर और नामधारी इलेवन अपने मुकाबले जीते

नयी दिल्ली। पहली हॉकी इंडिया जूनियर और सब जूनियर पुरुष अकादमी चैंपियनशिप 2023 के चौथे दिन (जोन ए) में सब जूनियर वर्ग में एचएआर हॉकी अकादमी और घुम्मनहेड़ा राइजर अकादमी ने अपने मुकाबले जीते तथा जूनियर वर्ग में आर्मी बॉयज स्पोर्ट्स कंपनी, सैल्यूट हॉकी अकादमी, मार्कंडेश्वर हॉकी अकादमी और नामधारी इलेवन ने अपने-अपने मैच जीत दर्ज की।

### एचएआर हॉकी अकादमी ने भाई बहलो अकादमी भगता को हराया

सब जूनियर वर्ग के पहले मैच में एचएआर हॉकी अकादमी ने भाई बहलो अकादमी भगता को 14-0 से हराया। एचएआर हॉकी अकादमी के लिए साहिल ने सातवें, 20वें, 22वें, 27वें, 43वें मिनट और मोनू ने 12वें, 28वें, 30वें, 48वें मिनट में नौ गोल किए जबकि अमरजीत ने 41वें , 53 वें मिनट में अमन ने 18वें अंकित ने 21वें और गोयत सौरभ ने 51 वें मिनट में गोल किए।

### घुम्मनहेड़ा राइजर अकादमी ने चीमा हॉकी एकेडमी को हराया

सब जूनियर वर्ग के दूसरे मैच में घुम्मनहेड़ा राइजर एकेडमी ने चीमा हॉकी एकेडमी को 18-1 से हराया। घुम्मनहेड़ा राइजर के लिए कुणाल नें दूसरे, छठे, 22वें, 59वें और फलसवाल पंकज ने 29वें, 49वें, 52वें, 60वें ने चार-चार गोल किए। कटारिया हितेश नें चौथे, 15वें, 38वें मिनट में हैट्रिक बनाई। प्रियाश ने 37वें , 53वें मिनट में दो गोल किए, जबकि जतिन ने सातवें, निशांत ने 10वें, जय ने 45वें, कुमार मंदीप ने 53वें और युवराज सिंह और 55 वें मिनट एक-



एक गोल किया। वहीं चीमा हॉकी अकादमी के लिए एकमात्र गोल गोयलप्रीत सिंह ने 23वें मिनट में किया।

### आर्मी बॉयज़ स्पोर्ट्स कंपनी ने भाई बहलो अकादमी भगता को हराया

जूनियर वर्ग के पहले मैच में आर्मी ब्वॉयज स्पोर्ट्स कंपनी ने भाई बहलो अकादमी भगता को 10-0 से हराया। आर्मी बॉयज स्पोटर्स के लिए आशीष ने 21वें, 39वें, समीर ने 28वें, 35वें और अंकुश ने 23वें, 41वें मिनट में, जबकि नितेश शर्मा ने छठे, मंजीत ने 14वें , रमन ने 32वें और कुमार साहिल ने 43वें मिनट में एक-एक गोल किया।

### सैल्यूट हॉकी अकादमी ने घुम्मनहेड़ा राइजर अकादमी को हराया

जूनियर वर्ग के दूसरे मैच में सैल्यूट हॉकी अकादमी ने घुम्मनहेड़ा राइजर अकादमी को 3-1 से हराया। विश्वजीत ने पांचवें मिनट में सैल्यूट हॉकी अकादमी के लिए पहला गोल किया लेकिन घुम्मनहेरा राइजर्स अकादमी के कप्तान युवराज सिंह नें 34 वें मिनट में तीसरे क्वार्टर में बराबरी कर ली।

अंतिम क्वार्टर में सैल्यूट हॉकी अकादमी के लिए योगेश ने 51वें मिनट और जतिन नें 60 वें मिनट में गोल कर टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज की।

### मार्कंडेश्वर हॉकी अकादमी ने चीमा हॉकी अकादमी को हराया

जूनियर वर्ग के तीसरे मैच में मारकंडेश्वर हॉकी अकादमी ने चीमा हॉकी अकादमी को 4-2 से हराया। मार्कंडेश्वर हॉकी अकादमी के लिए करमबीर सिंह ने 29वें, 47वें ने दो गोल किए, जबकि कुमार परवीन ने 50वें और साहिल ने 57वें मिनट में एक-एक गोल किया। चीमा हॉकी अकादमी के लिए चरणजीत सिंह ने 26वें और दिव्यांशु शर्मा ने 48वें मिनट गोल मार्कंडेश्वर हॉकी अकादमी प्रतियोगिता में अपनी पहली जीत हासिल की।

### नामधारी इलेवन ने राजा करण हॉकी अकादमी को हराया

जूनियर वर्ग के चौथे मैच में नामधारी इलेवन ने राजा करण हॉकी अकादमी को 6-1 से हराया। नामधारी इलेवन के कप्तान नवराज सिंह ने 19वें, 49वें मिनट में गोल किया और यश बुध नें 11वें, युवराज सिंह ने 24वें, पावेल सिंह ने 50वें और रामपाल शर्मा नें 57वें मिनट में एक-एक गोल किया। राजा करण हॉकी अकादमी के लिए एकमात्र गोल राघव ने 51वें मिनट में चौथे क्वार्टर में किया।

## दूसरे टेस्ट की पहली पारी में न्यूजीलैंड ने बंगलादेश को 172 रन पर समेटा

मीरपुर। न्यूजीलैंड ने ग्लेन फिलिप्स, मिचेल सैंटनर के तीन-तीन विकेट और एजाज पटेल के दो विकेट की बदौलत मेजबान बंगलादेश को आज यहां दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में 172 रनों पर समेट दिया।

शेर-ए-बांग्ला नेशनल स्टेडियम में खेले जा रहे इस मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश अपने चार शीर्ष बल्लेबाजों जाकिर हुसैन आठ रन, महमुदुल हसन जॉय 14 रन, मोमिनुल हक पांच रन और नजमुल शान्तो को नौ रन को 15 ओवर तक टीम के 47 स्कोर पर पवेलियन भेज दिया था।

मुशफिकुर रहीम 35 रन पर गेंद को हाथ से रोकने के प्रयास में आउट हुए। इसे क्रिकेट की भाषा में 'हैंडलिंग द बॉल' कहा जाता हैं। इसके साथ ही वह इस तरह आउट होने वाले पहले बंगलादेशी क्रिकेटर हैं। वह जब 41ओवर की चौथी गेंद पर आउट हुये उस समय टीम का स्कोर 104 रन था। इसके बाद शहादत हुसैन 31 रन फिलिप्स के हाथों कैच आउट करा दिया। नुरुल हसन सात रन पर आउट होने वाले बंगलादेश के सातवें बल्लेबाज थे। मेहदी हसन मिराज 20 रन बनाकर आउट हुये। तैजुल इस्लाम छह रन, शोरिफुल इस्लाम 10 रन बनाकर आउट हुये। नईम हसन 13 रन बनाकर नाबाद रहे।

और बंगलादेश की पूरी टीम पहली पारी में 66.2 ओवर में 172 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।

न्यूजीलैंड की ओर से ग्लेन फिलिप्स, मिचेल सैंटनर ने तीन-तीन विकेट लिये। वहीं एजाज पटेल के दो बल्लेबाजों को आउट किया। टिम साउदी को एक विकेट मिला।

### क्षेत्ररक्षण में बाधा पहुंचने पर आउट होने वाले पहले मुशिफकुर बंगलादेशी बल्लेबाज

**मीरपुर।** विकेटकीपर बल्लेबाज मुश्फिकुर रहीम क्षेत्ररक्षण में बाधा पहुंचाने के कारण आउट होने वाले बंगलादेश के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। शेर-ए-बांग्ला नेशनल स्टेडियम में आज बंगलादेश और न्यूजीलैंड के बीच खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के पहले दिन के 41वें ओवर के दौरान काइल जेमीसन की गेंद को बल्ले से खेलने के बाद मुश्फिकुर ने अपने दाहिने हाथ से रोका। इसके बाद न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों ने अपील की और टीवी अंपायर अहसान रजा ने मुश्फिकुर को आउट करार दिया। पहले ऐसे आउट होने को 'हैंडल्ड द बॉल' की श्रेणी में रखा जाता था। लेकिन 2017 में आईसीसी के नियमों में हुए परिवर्तन के बाद इसे 'ऑब्स्ट्रक्ट द फ़ील्ड' या 'फ़ीलि्डंग में बाधा' की श्रेणी में ही रखा जाने लगा।

## मैं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी कर सकता हूं : डुप्लेसी

एजेंसी

**अबु धाबी।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डुप्लेसी ने कहा कि टी-20 विश्वकप से पहले वह एक बार फिर से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी कर सकते हैं और उन्होंने टीम के रॉब वाल्टर के साथ इस संदर्भ में बात की हैं।

डुप्लेसी ने अबू धाबी टी-10 लीग में कहा, मुझे ऐसा लगता है कि मैं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में फिर से वापसी कर सकता हूं।

उन्होंने कहा, हम पिछले कुछ वर्षों से इस बारे में बात कर रहे हैं। हमने अगले साल होने वाले टी-20 विश्व कप के टीम संतुलन के बारे में बात की है। इसके अलावा नए कोच के साथ और कई चीज़ों के बारे में बात हुई है।



उल्लेखनीय है कि डुप्लेसी ने आखिरी बार टी-20 में तीन साल पहले 2020 में और आखिरी अंतरराष्ट्रीय टेस्ट मैच फरवरी 2021 में खेला था। डुप्लेसी घरेलू स्तर के साथ-साथ दुनिया भर की टी-20 लीगों में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी वर्ष आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स के लिए खेलते हुए डुप्लेसी ने 14 मैचों में 730 रन बनाए थे। वह इस साल आईपीएल में दूसरे सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। हालांकि सफेद गेंद के क्रिकेट से आधिकारिक तौर पर कभी संन्यास नहीं लेने के बावजूद टूर्नामेंट के पिछले दो संस्करणों के लिए उनके नाम पर विचार नहीं किया गया।

सोमवार को दक्षिण अफ्रीका के सफेद गेंद के कोच वाल्टर ने कहा था कि डुप्लेसी, क्विंटन डिकॉक और राइली रूसो जैसे खिलाड़ियों के नाम पर अगले साल जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेले जाने वाले टी-20 विश्व कप के लिए विचार किया जाएगा।


# सूरज पर बना 60 पृथ्वी जितना बड़ा गड्ढा

## इससे तेज सोलर तरंगें धरती की तरफ आ रहीं, सेटेलाइट और रेडियो कम्युनिकेशन टूटने का खतरा

नासा के वैज्ञानिकों ने सूरज की सतह पर एक बहुत बड़े गड्ढे का पता लगाया है। इसकी चौड़ाई 8 लाख किलोमीटर है। आसान भाषा में समझें तो यह इतना बड़ा है कि इसमें हमारी 60 पृथ्वी समा सकती हैं। इस बड़े गड्ढे को कोरोनल होल नाम दिया गया है। वैज्ञानिकों के मुताबिक कोरोनल होल से सोलर विंड पृथ्वी की तरफ आ रही हैं। इससे रेडियो और सैटेलाइट कम्युनिकेशन टूट सकता है।

लाइव साइंस न्यूज के मुताबिक कोरोनल होल सूरज की भूमध्यरेखा यानी इक्वेटर पर बना है। इसकी खोज 2 दिसंबर 2023 को ही हो गई थी, लेकिन अगले 24 घंटे में इसकी चौड़ाई बढ़कर 8 लाख किमी हो गई। कोरोनल होल से पृथ्वी की तरफ सोलर विंड आने का सिलसिला 4 दिसंबर से लगातार जारी है। इसके असर से लोगों को आसमान में चमकदार रोशनी देखने मिल सकती है।

एक वैज्ञानिक ने बताया- कोरोनल होल का अचानक बड़ा होना चिंता की



बात है। ऐसा इसलिए, क्योंकि इससे रेडिएशन निकल रहे हैं और तेज रेडिएशन वाली तरंगें तेजी से पृथ्वी की तरफ आ रही हैं। इससे पृथ्वी पर जीपीएस सिस्टम और वायरलेस उपकरण प्रभावित हो सकते हैं। हालांकि इससे मोबाइल नेटवर्क, इंटरनेट और बिजली की लाइनों पर असर होने की आशंका नहीं है।

### धरती पर रेडियो कम्युनिकेशन भी टूट सकता है

वैज्ञानिकों का कहना है कि इस बड़े गड्ढे की वजह से पृथ्वी पर जियोमैग्नेटिक तूफान आ सकता है। इस तूफान का सीधा असर पृथ्वी के केंद्र में बनने वाले चुंबकीय क्षेत्र यानी पृथ्वी की मैग्नेटिक फील्ड पर होगा।

यही चुंबकीय क्षेत्र हमें सूर्य पर आने वाले तूफानों के प्रभावों (सोलर विंड) से बचाता है।

अगर सूर्य पर जियोमैग्नेटिक तूफान आया, तो मैग्नेटिक फील्ड पर असर होने की वजह से धरती सोलर विंड को नहीं रोक पाएगी। इससे पृथ्वी पर रेडियो ब्लैकआउट हो सकता है। यानी रेडियो कम्युनिकेशन पूरी तरह टूट सकता है।

### सूर्य की मैग्नेटिक फील्ड फटने से बनते हैं कोरोनल होल

नेशनल ओशनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन के मुताबिक कोरोनल होल्स तब बनते हैं जब सूरज को एक ही जगह पर थामे रखने वाली मैग्नेटिक फील्ड अचानक फट जाती है।

इससे उतने एरिया में गैप हो जाता है। इस गैप वाली जगह पर गहरे रंग का गड्ढा हो जाता है। फिर इससे तेजी से रेडिएशन निकलते हैं। इस बार भी ऐसा ही हो रहा है।

### कोरोनल होल को देखने के लिए अल्ट्रावायलेट लाइट जरूरी

लाइव साइंस की रिपोर्ट के मुताबिक कोरोनल होल आमतौर पर सनस्पॉट की तरह होते हैं, लेकिन जहां सोलर स्पॉट्स को विशेष तरह के उपकरणों के जरिए देखा जा सकता है, वहीं कोरोनल होल्स को देखने के लिए अल्ट्रावॉयलेट लाइट की जरूरत होती है।

### कोरोनल होल कितने दिन रहेगा, वैज्ञानिक भी नहीं जानते

साइंटिस्ट फिलहाल यह नहीं जानते कि कोरोनिल होल सूरज पर कितने समय तक रहने वाला है। पिछली बार यानी मार्च में जो कोरोनल होल बना था वह 27 दिनों तक सूरज पर रहा था। अगर कोरोनल होल लंबे समय तक बना रहता है, तो इसका असर भी उतने ही समय तक बरकरार रहेगा।

# पन्नू ने भारतीय संसद पर हमले की धमकी दी

## कहा- 13 दिसंबर तक अटैक करेंगे; 2001 में इसी दिन अफजल गुरु ने हमला किया था

भारत सरकार के अधिकारी पर अमेरिका में खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू को मारने की कोशिश के आरोपों के बीच पन्नू ने एक और धमकी भरा वीडियो जारी किया है। इसमें पन्नू ने भारत की संसद की नींव को हिला देने की बात कही है। पन्नू ने कहा है कि वो 2001 में संसद पर हुए हमले की बरसी यानी 13 दिसंबर तक हमला करेगा।

पन्नू के वीडियो में एक पोस्टर नजर आ रहा है, जिसमें उसकी फोटो के बगल में 2001 हमले के दोषी अफजल गुरु की फोटो है। उसे 2013 में फांसी की सजा दी गई थी। पन्नू इसमें खालिस्तानी समर्थकों के साथ दिल्ली बनेगा खालिस्तानी का नारा लगाता भी नजर आ रहा है। पन्नू की धमकी के बाद भारत की सिक्योरिटी एजेंसियों और




दिल्ली पुलिस नई दिल्ली में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने में जुट गई है।

### आईएसआई की कश्मीर-खालिस्तान डेस्क कर रही पन्नू की मदद

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सुरक्षा एजेंसियों ने कहा है कि पन्नू के वीडियो को देखकर इस बात की आशंका है कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की K-2(कश्मीर-खालिस्तान) डेस्क पन्नू का साथ दे रही है। उसी ने पन्नू को इस वीडियो की स्क्रिप्ट भी दी थी।

दूसरी तरफ, अमेरिका के डिप्टी NSA जोनाथन फाइनर ने भारत दौरे पर विदेश मंत्री एस जयशंकर और NSA अजीत डोभाल से मुलाकात की।

### नाइजीरिया : सेना के ड्रोन हमले में मारे गये 85 नागरिक

लागोस। नाइजीरियाई सेना के ड्रोन से उत्तर पश्चिमी कडूना राज्य में सशस्त्र समूहों को निशाना बनाकर किये गये हमले में गलती से कम से कम 85 नागरिकों की मौत हो गयी है। देश की सबसे घातक सैन्य बमबारी दुर्घटनाओं में से एक पर जबरदस्त आक्रोश फैल गया। राष्ट्रपति बोला अहमद टीनुबू ने मंगलवार को इस मामले की जांच के आदेश दिए। सेना ने स्वीकार किया कि उसके एक ड्रोन से रविवार को तुदुन बीरी गांव पर गलती से हमला हो गया। उस दौरान निवासी एक त्योहार मना रहे थे। सेना ने हताहतों का कोई आंकड़ा नहीं दिया, लेकिन आपातकालीन अधिकारियों और निवासियों ने कहा था कि कम से कम 85 लोग मारे गए, जिनमें से कई महिलाएं और बच्चे थे।

### वनों की कटाई से उत्सर्जन को कम करने को सुरक्षा सूचना प्रणाली आवश्यक : मिश्रा

नयी दिल्ली/दुबइ। राष्ट्रीय मानवधिकार आयोग (एनएचआरसी) के अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) अरुण मिश्रा ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन के नकारात्मक प्रभाव को कम करने और प्रशिक्षण के माध्यम से क्षमता निर्माण कार्यक्रमों हेतु वनों की कटाई एवं वनों के क्षरण से उत्सर्जन को कम करने के लिए एक सुरक्षा सूचना प्रणाली का होना आवश्यक है। मिश्रा ने दुबई में एनएचआरआई कॉप28 संगोष्ठी में 'जलवायु परिवर्तन और मानव अधिकार- राष्ट्रीय मानव अधिकार संस्थानों की भूमिका' विषय पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन का मानव अधिकारों पर बहुत बड़े पैमाने पर प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि ध्रुवीय बर्फ के पिघलने, समुद्र के जलस्तर में वृद्धि, बढ़ते सूखे, उच्च घनत्व वाली वर्षा, चक्रवात, बाढ़, भूस्खलन और जंगल की आग से सबसे अधिक गरीबों को नुकसान होता है। न्यायमूर्ति मिश्रा ने कहा कि जलवायु परिवर्तन युद्ध के अलावा प्रवासन के प्रमुख कारणों में से एक है। उन्होंने कहा कि अन्य हितधारकों के अलावा, एनएचआरआई को पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन से प्रभावित लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए काम करना होगा, जिसके परिणामस्वरूप आश्रय, आजीविका, शिक्षा और स्वास्थ्य के अधिकारों सहित मानव अधिकारों का उल्लंघन होता है।

### फिलीपींस में बस दुर्घटना में 17 की मौत

मनीला। फिलीपींस के मध्य एंटीक प्रांत में मंगलवार दोपहर हुई एक यात्री बस दुर्घटना में मरने वालों की संख्या को पहले बतायी गयी संख्या 29 से संशोधित कर 17 कर दिया गया है। स्थानीय अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मंगलवार को हुए हादसे पहले मृतकों की संख्या 29 बताई गई थी। प्रांतीय आपदा जोखिम प्रबंधन कार्यालय के प्रमुख ब्रोडरिक ट्रेन ने आज एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि 16 लोगों की दुर्घटना स्थल पर मौत हो गई, जबकि एक की स्थानीय अस्पताल में मौत हो गई। उन्होंने कहा कि सात अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए और उनका इलाज चल रहा है। एंटीक गवर्नर रोडोरा कैडियाओ ने पूर्व में घोषित मौतों और चोटों के आंकड़ों के लिए माफी मांगी उन्होंने दुर्घटना क्षेत्र में सेल फोन सिग्नल की कमी के लिए गलत संचार को त्रुटियों को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने यह भी सुधारा कि बस में केवल 24 लोग सवार थे, 53 लोग नहीं, जैसा कि पहले बताया गया था। बस कंपनी ने भी एक बयान जारी कर पुष्टि की कि बस में केवल 24 यात्री थे, जिसमें कहा गया कि चालक, किराया कलेक्टर और एक निरीक्षक सहित उनके तीन कर्मचारी दुर्घटना में मारे गए। बस इलोइलो शहर से पश्चिम की ओर एंटिक प्रांत में सैन जोस डी ब्यूनाविस्टा की ओर जा रही थी, तभी हामटिक शहर में 15 मीटर गहरी खाई में गिरने से पहले यह एक कंक्रीट सड़क अवरोध से टकरा गई।

### गहरे अंतरिक्ष में संचार में सक्षम दूरबीन स्थापित

कैनबरा। ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कैनबरा में बुधवार को अंतरिक्ष यात्रियों के साथ संचार करने में सक्षम एक नया टेलीस्कोप स्थापित किया गया। आधिकारिक तौर पर ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी में क्वांटम ऑप्टिकल ग्राउंड स्टेशन से अंतरिक्ष में डेटा भेजने और प्राप्त करने के लिए अनुकूली ऑप्टिकल तकनीक तथा लेजर का उपयोग करता है, जिससे अगली पीढ़ी के अंतरिक्ष मिशनों और उसके यात्रियों के साथ संचार और फिल्मांकन की अनुमति मिलती है। कैनबरा के पश्चिम में ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी (एएनयू) माउंट स्ट्रोमलो वेधशाला पर स्थापित यह स्टेशन उन्नत संचार प्रौद्योगिकियों पर अनुसंधान भी करेगा। एएनयू इंस्टीट्यूट फॉर स्पेस के निदेशक अन्ना मूर ने सरकारी मीडिया ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (एबीसी) को बताया, वैश्विक संचार के लिए अगली पीढ़ी की क्षमता के मामले में यह विश्व में पहला है। स्टेशन का निर्माण ऑस्ट्रेलियाई राजधानी क्षेत्र (एसीटी) की सरकार और ऑस्ट्रेलियाई अंतरिक्ष एजेंसी की चंद्रमा से मंगल ग्रह की पहल के समर्थन से किया गया है।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस D 85 सेक्टर 6 नोएडा से मुद्रित एवं 240 A अंसल चैंबर II, 6 भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली 110066 से प्रकाशित

संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# भाजपा यूपी के ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ाएगी जनाधार, मंत्रियों को सौंपी ज़िलों की जिम्मेदारी

लखनऊ। (पीएमए)तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में मिली सफलता से उत्साहित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर उत्तर प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार की योजनाओं की जानकारी देकर अपनी पकड़ मजबूत करने की दिशा में प्रयास शुरु कर दिये है।

पार्टी के प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंश ने बताया कि 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' से गांव-गांव में जनमानस को जोड़ने का काम पार्टी के कार्यकर्ता करेंगें।

गरीब के आवास,निःशुल्क राशन, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, शिक्षा, चिकित्सा, सुरक्षा, हर रसोई तक गैस, किसान का सम्मान, श्रमिक को काम तथा देश की आर्थिक व सामरिक समृद्धि की गारन्टी के साथ यात्रा प्रदेश के प्रत्येक गांव तक पहुंचकर विकसित भारत के संकल्प को जनमानस के सामने प्रस्तुत करेगा। पार्टी की मंडल स्तर पर गठित 15 सदस्यीय टीम गांव, गली मोहल्ले, मजरे, टीले तक पहुंचकर यात्रा को जनमानस से जोड़ने का माध्यम बनेगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक समेत प्रदेश सरकार के सभी मंत्री विकसित भारत का लेखा-जोखा लेकर यात्रा का नेतृत्व करेगें। प्रदेश के सभी प्रभारी मंत्री अपने प्रभार के जिलों में यात्रा का नेतृत्व करेगें। सभी सांसद, विधायक सहित सभी जनप्रतिनिधि 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के साथ लोक दरबार में पहुंचेगें। उन्होने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी छह दिसम्बर को गौतमबुद्ध नगर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का नेतृत्व करेगें। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बुलन्दशहर तथा ब्रजेश पाठक लखनऊ में यात्रा की अगुवाई करेगें। प्रदेश महामंत्री (संगठन धर्मपाल सिंह जी भी बुलन्दशहर में मौजूद रहेगें वहीं सुरेश कुमार खन्ना लखनऊ, सूर्य प्रताप शाही आजमगढ़, स्वतंत्र देव सिंह प्रयागराज, लक्ष्मी नारायण चौधरी अलीगढ, नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी कानपुर, जेपीएस राठौर हरदोई, श्रीमती बेबी रानी मौर्या आगरा, श्रीमती गुलाब देवी बदायूं, बलदेव ओलख पीलीभीत, श्रीमती विजय लक्ष्मी गौतम संतकबीरनगर,अजीत पाल सिंह फिरोजाबाद, सतीश शर्मा कुशीनगर तथा जसवन्त सैनी बागपत में यात्रा में सम्मिलित रहेगें।

श्री यदुवंश ने बताया कि 500 से अधिक रथ प्रदेश के प्रत्येक गांव तक जन संवाद का माध्यम बनें हैं। प्रत्येक रथ एक दिन में दो से अधिक गांवों में पहुंचेगें। विकसित भारत के संकल्प में गरीब का आर्थिक व सामाजिक विकास समाहित है, इसलिए प्रत्येक गांव में मोदी सरकार व योगी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित भी किया जाएगा तथा अब तक विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से छूटे पात्र लोगों की सूची भी तैयार की जाएगी। भाजपा कार्यकर्ता गांव में यात्रा पहुंचने के एक दिन पूर्व स्वच्छता अभियान से ग्रामीणों को जोड़ने का कार्य करेगें।

# आदि शक्ति मां पाटन मंदिर में मां पाटेश्वरी भवन का हुआ लोकार्पण



**रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत**

बलरामपुर।श्री पाटन देवी मंदिर प्रागण में मां पाटेश्वरी भवन का निर्माण महन्थ मिथलेश नाथ महराज के अथक प्रयास से भव्य,सुसज्जित,सुंदर 24 कमरों 3 डॉरमेट्री हाल एक ससज्जित मीटिंग हाल आदि का निर्माण कराया गया है। शुभारम्भ के अवसर पर महन्थ मिथलेश नाथ महराज ने बताया कि दर्शनार्थियों को अच्छी सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मां पाटेश्वरी भवन का शुभारंभ कर दिया गया है।जिससे मंदिर ने दर्शन हेतु आए श्रद्धालुओं को रुकने हेतु व्यवस्था प्रदान की जायेगी। उक्त अवसर पर हनुमानगढ़ी मंदिर के महंत राजू दास महराज,नीम शरण से आए स्वामी विद्या चेतन ,चचाई राम मठ उरला के पंचाननपुरी पुजारी,तुलसीदास गीता प्रेस गोरखपुर,ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रवीण सिंह विकी,श्रीनाथ बाबा मठ से आए महंत कौशलेंद्र गिरी,बुलंदशहर से आए संग्राम,आदेश , राजू पहलवान अरुण गुप्ता रूपेश कुमार सहित लोग उपस्थित रहे राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड बहराइच शाखा अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# क्षय रोग एक गंभीर बीमारी : सीएमओ डॉ. देश दीपक पाल



गाजीपुर। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ देश दीपक पाल की अध्यक्षता में बुधवार को सीएमओ कार्यालय सभागार में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत प्रेस कान्फ्रेंस आयोजित की गई।इस दौरान सीएमओ ने 23 नवंबर से पाँच दिसंबर तक संचालित किए गए विशेष सक्रिय क्षय रोगी खोज अभियान की समीक्षा की। साथ ही जनपद में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम और निक्षय पोषण योजना की जानकारी दी।

मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि गाजीपुर की आबादी लगभग 43.55 लाख के सापेक्ष सक्रिय क्षय रोगी खोज अभियान में लक्षित 20 प्रतिशत आबादी को कवर किया गया। इस दौरान करीब लक्षित 8.66 लाख लोगों की स्वास्थ्य टीम के द्वारा घर-घर जाकर स्क्रीनिंग की गई। इस दौरान 267 टीम तैनात की गई थीं। दस दिवसीय अभियान में टीम के द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष करीब 7.81 लाख लोगों की स्क्रीनिंग की गई। इसमें 2948 व्यक्तियों में टीबी के संभावित लक्षण पाये गए, जिन्हें जांच के लिए भेजा गया। इसमें सिर्फ 31 व्यक्ति पॉज़िटिव पाये गए।66 व्यक्तियों की पहचान क्लीनिकली और रेडियोलोजी द्वारा निदान किया गया।इस तरह कुल 101 टीबी रोगियों की पहचान सक्रिय टीबी रोगी खोज अभियान में की गई। इन सभी मरीजों का तत्काल नोटिफिकेशन करते हुये उपचार शुरू किया गया। इसके साथ ही इस वर्ष जनपद में जनवरी से अबतक 5711 लक्ष्य के सापेक्ष 4206 रोगियों (सरकार व निजी क्षेत्र) को नोटिफ़ाई किया गया। इसमें ड्रग सेंसेटिव टीबी मरीजों की संख्या 4108 और ड्रग रजिस्टेंट टीबी रोगियों की संख्या 98 है। इन सभी रोगियों का उपचार चल रहा है। इसके साथ ही उन्हें निक्षय पोषण योजना के तहत उपचार के दौरान हर माह 500 रुपये की आर्थिक मदद भी दी जा रही है। इस वर्ष अब तक जनपद की नोटिफिकेशन को लेकर उपलब्धि 74 फीसदी है।उन्होंने बताया कि जनपद में पिछले वर्ष जनवरी से नवंबर तक कुल 4299 टीबी रोगियों को नोटिफ़ाइ किया गया था। इसमें से 3776 टीबी रोगी का उपचार पूरा हो चुका है, जिसकी उपलब्धि 88 प्रतिशत है।

## अधिवक्ता पुत्र के शोक में संयुक्त बार के वकीलों ने नही किया कार्य

बलिया। (पीएमए) सिविल के अधिवक्ता रणजीत कुमार सिंह के युवा पुत्र भानु प्रताप सिंह गत रात्रि निमंत्रण में तिखमपुर गए हुए थे लेकिन लगभग भोर करीब साढ़े चार बजे सदर अस्पताल में एंबुलेंस द्वारा उनकी लाश ही वापस आया। परिजनों के पहुंचने पर डॉक्टर द्वारा अधिवक्ता पुत्र को मृतक घोषित कर दिया था डॉक्टर के सूचना पर कोतवाली पुलिस ने दो लड़को को उठाकर पुछताछ कर रही है जो वास्तव में अधिवक्ता पुत्र की मृत्यु कैसे हुई ? सदर अस्पताल में धीरे धीरे अधिवक्ताओं की संख्या बढ़ने लगी और पोस्टमार्टम की बात करने लगे। शाम लगभग 4बजे अधिवक्ता पुत्र का पोस्टमार्टम हुआ। पोस्टमार्टम का रिपोर्ट शुक्रवार को मिलने के उपरांत ही मृत्यु के कारण का पता चल सकेगा। जो फिलहाल हर व्यक्ति जानने को आतुर है। युवा पुत्र के संदिग्धावस्था में हुई मौत से जगदीशपुर में सन्नाटा पसरा हुआ है और ढाढस वालो का तांता लगा हुआ है क्योंकि अधिवक्ता के साथ ही एक कुशल सामाजिक कार्यकर्ता भी है। अधिवक्ता पुत्र के शोक में सिविल क्रिमिनल एवं कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने शोक व्यक्त करने के उपरांत दिनभर न्यायिक कार्य नही किए। और अधिवक्ता के दु:ख के घड़ी में उनके घर पहुंच ढाढस बढ़ाया।

# कुत्तों का हमारे जीवन मे महत्व



(योगेंद्र कुमार )
मानद पशु कल्याण जनप्रतिनिधि
(भारतीय पशु कल्याण बोर्ड)

कुछ दिनों से देखने मे आया है कि शहरों में कुत्तों के काटने की सूचनायें अधिक मिलने लगी है, ऐसा नही की कुत्तों के काटने की घटना पहले नही होती थी , ये घटनाएं पहले भी होती थी , आज कल इन बेजुबानों के प्रति कुछ लोगों के मन मे इनके प्रति कुछ गलत भ्रांतियां बनाने लगी है , मै इस लिख के मध्यम से बताना चाहूंगा कि, हमारे धार्मिक ग्रंथों में लिखा का की जब स्वर्ग जाने के लिए पांडवों को रास्ता नही मिला तो रास्ते दिखने के लिए भैरव बाबा ने कुत्ते का रूप धारण करने पांडवों को स्वर्ग का रास्ता दिखाया था तथा रोज एक रोटी कुत्तों को देना भी शुभ माना जाता है , कुत्ता एक घरेलू जानवर है यह हमेशा घरों के आसपास ही रहता है ,ओर जहां अपनापन मिलता है कुत्तें उनकी रक्षा भी करते है,अभी हाल में ही कश्मीर में उग्रवादियों से मुठभेड़ में सेना का कुत्ता जिसका नाम केंट था, उसने देश के लिए अपना जीवन निछावर कर दिया, ऐसे अनेकों कुत्तें देश की सेवा में लगे है ,ये बेजुबान हमारे घर और देश की सीमाओं की भी रक्षा करते है ।

मैने इसके व्यवहार पर नजदीक से नजर रखी , कई चौकाने वाली बातों का पता चली , आपने देख होगा कि जब हम बाइक या साइकिल से जाते है तो गली के कुत्तें हमारे पीछे दौड़ते है और हम अपनी बाइक भी तेजी से दौड़ते है जिससे दुर्घटना हो जाती है, मै आपको बताना चाहूंगा कि जैसे ही कुत्ते हमारे पीछे दौड़े , हम रुक जाए और उन्हें तेजी से डांटे , या प्यार से बोले वो भी तुरंत रुक जायेगे , हम घर मे जब कुत्तें को पालते है तो उसे ज्यादा समय तक जंगीर से बांध कर रखते है जिस कारण वो चिड़चिड़े हो जाते है और काट खाने लगते है, हमे पालतू कुत्तों को कम से कम या बिल्कुल भी नही बांधना चाहिए , कोई कुत्ता घायल , बीमार हो जाता है तो लोग उसे दुदकरने लगते है और उसे भागने के लिये उसे मारते भी है ऐसे कुत्तें उत्तेजित हो कर काट खाते है अगर हम जरा सी इंसानियत दिखाए ओर इनका इलाज करवा दे तो काटने की घटना से बच सकते है , अक्सर देखने मे आया है है कि कई लोग कुत्तों को बेवजह मारते है , ऐसे कुत्तें पीटने के बाद दूसरी जगह जा कर लोगो को काटते है, हम इनके प्रति करुणा रखे तो ऐसी घटना ना घाटे,कई बार देखने मे आया है कि लोग कुत्तों से तंग आ कर उन्हें दूसरी जगह छोड़ आते , वह नई जगह पर जा कर उत्तेजित हो जाते है और लोगों को काट खाने लगते है अगर आपको कुत्तों से कोई परेशानी है तो उसका हल निकले, न कि उसे दूसरी जगह पर जा कर छोड़े हम सब इन छोटी 2 बातों पर ध्यान दे तो कुत्तों के काटने की घटनाओं पर नियंत्रित कर सकते है ।

बहुत से लोग कहते है कि कुत्तों की जन्म दर बहुत अधिक है , मै बताना चाहूंगा कि अगर एक कुर्तियां 6 बच्चो को जन्म देती है तो उनमें से लगभग 1 या 2 बच्चें बच पाते है बाकी बच्चों की बहुत से कारणों से म्रत्यु हो जाती,एक बात बहुत महत्वपूर्ण है कि बहुत सी जगह में कुत्तों की संख्या बहुत बढ़ गई है , इनको रोकने की बहुत जरूरत है , कुत्तों की जन्मदर रोकने के लिए सबसे कारगर उपाय इनकी नसबन्दी है, आज कल केंद्र व राज्य सरकार ने अनेकों मुफ्त नसबन्दी केंद्र बना रखे है तथा अनेको ह्लह्र भी इस क्षेत्र में काम कर रही है , मै सभी पशु प्रेमियों से आग्रह करुगा की जहाँ भी कुत्ते अधिक संख्या में दिखे वह जा कर इनकी नसबन्दी करवाये जिससे इनकी संख्या नियंत्रित हो सके,ओर कुत्तों के काटने की घटनाओं में कमी आ सके ।

# बाल श्रम निरोधक ऑपरेशन मुक्ति अभियान की चल रही कारगर मुहिम

## पाँच बच्चों को रॉबर्ट्सगंज क्षेत्र में बाल श्रम से कराया गया मुक्त

सोनभद्र । अनवरत सफलता के सोपान पर अग्रसर है बाल श्रम से मुक्ति की मुहिम सोनभद्र - सोनञ्चल में। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के आदेश - अनुपालन व जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह तथा पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह के आदेश अनुक्रम में जिले के नोडल अधिकारी बाल श्रम उन्मूलन एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी निगहबानी में इसके सापेक्ष रँग ला रहा अभियान नए आयाम सँग।जिला बाल संरक्षण अधिकारियों सुधांशु शेखर शर्मा की अध्यक्षता में चली जबरदस्त मुहिम पहुंची अच्छे मुकाम पर और थाना राबर्टसगंज में बाल श्रम उन्मूलन



अभियान बढ़ी उत्तम आयाम तक जहां 05 बच्चो को बाल श्रम से मुक्त कराया गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी द्वारा मौकेपर उपस्थित सभी लोगों को बाल श्रम न कराने की हिदायत देते हुए सन्देश दिया गया बाल श्रम न करने - कराने का। बताया गया कि बाल श्रम कराना कानूनन अपराध है, यदि कोई व्यक्ति किसी बालक से बाल श्रम कार्य कराते हुए पाया गया तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही होगी। बाल श्रम पर पूर्णतः नियंत्रण करने का जनसमुदाय संकल्पित हो , बच्चों को बाल श्रम में लिप्त न करके शिक्षा की धारा से जोड़ें , प्रासंगिक व समीचीन बातों को प्रचारित करने की अपील भी की बाल संरक्षण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा ने। जिला बाल संरक्षण इकाई से ओ0 आर0 डब्ल्यू0 शेषमणि दुबे ने थाना राबर्टसगंज अन्तर्गत कस्बा मे बाल श्रम के विरूद्ध जागरूकता एवं रेस्क्यू हेतु ऑपरेशन मुक्ति अभियान चलाये जाने के तथ्यों को उध्दृत करने के साथ ही कहा कि चार संबन्धित नियोक्ताओं के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही फ़ौरीतौर पर की गयी है तथा पाँच बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराया गया है और यह मुहिम साफल्य के सोपान पर अग्रसर है। बताया कि बाल श्रम से मुक्त कराये गये बच्चों को मुख्य मन्त्री बाल सेवा योजन सामान्य से नियमानुसार जोड़ा जायेगा।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन

हरदोई। (पीएमए) आज विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम विकास खण्ड माधौगंज के ग्राम हरपुरा व बाबटमऊ में मुख्य अतिथि माननीय विधायक आशीष सिंह, आशू जी द्वारा दोनो ग्रामो में यात्रा की अगवानी की गई ।जिसमें ग्राम प्रधान व खण्ड विकास अधिकारी भी उपस्थिति रहे। विकास खण्ड सण्डीला के ग्राम सांक व टिकरा बरार में मानीय विधायिका अलका अर्कवंशी जी द्वारा दोनो जगह पर यात्रा कार्यक्रम की आगवानी की गई जिसमें गांम प्रधान व खण्ड विकास अधिकारी भी मौजूद रहे। विकास खण्ड सुरसा के ग्राम ढोलिया में माननीय ब्लाक प्रमुख धनजंय मिश्रा जी एवं ग्रम प्रधान व खण्ड विकास अधिकारी , विकास खण्ड सुरसा के ही ग्राम जूरा में भाजपा मण्डल अध्यक्ष रजनीश कुमार व जिला पंचायत सदस्य धरेन्द्र सिंह धीरू, ग्राम प्रधान व खण्ड विकास अधिकारी, विकास खण्ड अहिरोरी के ग्राम कोट में माननीय जिला पंचायत अध्यक्षा प्रेमावती,ग्राम प्रधान व खण्ड विकास अधिकारी द्वारा प्रतिभाग किया गया।विकास खण्ड अहिरोरी के ग्राम गडेउरा में भाजपा उपाध्यक्ष विकास तिवारी ,ग्राम प्रधान व खण्ड विकास अधिकारी , विकास खण्ड टडियावां मे ग्राम नरायनपुर ग्रंट एवं सडिला में ग्राम प्रधान व खण्ड विकास अधिकारी, विकास खण्ड बाबवन के ग्राम उधरनपुर में मण्डल अध्यक्ष देश दीपक दीक्षित,मुख्य अतिथि/ जन प्रतिनिधियों द्वारा ग्राम वासियों को सम्बोधित करते हुये बताया कि यह कार्यक्रम समस्त योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को संतृप्त करने के उद्देष्य से किया जा रहा है।

# गोवा के राज्यपाल पीएस श्रीधरन पिल्लई को अणुव्रत पत्रिका भेंट की गई

गोवा। गोवा के गवर्नर पीएस श्रीधरन पिल्लई से राज भवन में अणुव्रत विश्व भारती की संगठन मंत्री डॉ,कुसुम लुनिया एवं का. स. स. डॉ.धनपत लुनिया ने शिष्टाचार भेंट की ।अणुव्रत अनुशास्ता आचार्य श्री महाश्रमण जी के दीक्षा कल्याण महोत्सव एवं मुंबई प्रवास के बारे में बताया, तब उन्होने दर्शन करने की भावना जतायी ।अणुव्रत दर्शन व आचार संहिता व अणुव्रत विश्व भारती की संक्षिप्त जानकारी देते हुए गवर्नर साहब को डॉ. धनपत लुनिया ने अणुव्रत पटका पहनाकर वर्धापित किया। अणुव्रत अमृत महोत्सव वर्ष की जानकारी दी तथा अणुव्रत पत्रिका भेंट करते हुए इसमें भी आर्टिकल भेजने का राज्यपाल महोदय से निवेदन किया। डॉ. कुसुम लुनिया ने अपनी पुस्तक सीक्रेट्स ऑफ हेल्थ भेट की जिसे उन्होने सहर्ष स्वीकार करते हुए शाकाहार के स्वास्थ्य वर्धक पहलु को



उल्लेखित किया। विशेष ज्ञातव्य रहे कि सर्वप्रथम राज्यपाल महोदय ने हाल ही में प्रकाशित अपनी तीन नई पुस्तकें भेंटकर लुनिया दम्पति का स्वागत किया ।जिनके नाम इसप्रकार हैं 'हेरिटेज ट्रीज ऑफ गोवा', 'वेन पैरलल लाइंस मीट' और 'एंते प्रिय कविताकाल' ('माय डियर पोएम्स' - कलेक्शन्स ऑफ़ पोयम्स) एवं एक चौथी पुस्तक माईसिक्सटीन मन्थ एज गवर्नर भी भेंट की।

पिल्लई गोवा संपूर्ण यात्रा शुरू करने और उसे पूरा करने वाले पहले राज्यपाल हैं जिसमें 40 विधानसभा क्षेत्रों के 400 से अधिक गांव आते हैं।


## माह दिसम्बर का खाद्यान्न वितरण प्रारंभ

गोरखपुर। (पीएमए)जिला पूर्ति अधिकारी रामेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जनपद के सभी अंत्योदय कार्ड धारकों (35 किग्रा खाद्यान्न एवं 3 किग्रा चीनी) एवं पात्र गृहस्थी लाभार्थियों (5 किग्रा प्रति यूनिट) के लिए माह दिसंबर का खाद्यान्न वितरण दिनांक 5 दिसंबर से प्रारंभ हो चुका है। खाद्यान्न वितरण दिनांक 20 दिसंबर तक चलेगा। उक्त अवधि में लाभार्थी प्रातः 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक (ई-पास मशीन के खुले रहने के समय तक) संबंधित दुकान पर जाकर खाद्यान्न प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि यदि किसी कार्ड धारक को उचित मूल्य की दुकान के वितरण के संबध में कोई शिकायत हों तो वह अपनी शिकायत संबंधित उपजिलाधिकारी अथवा कार्यालय जिला पूर्ति अधिकारी में प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त शिकायतों पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही करते हुए समुचित समाधान सुनिश्चित किया जायेगा।

# पल्स पोलियो अभियान के साफल्य हेतु जिला टास्क फोर्स की हुई बैठक

## पल्स पोलियों अभियान की सफलता को सभी विभाग समन्वय बनाकर करें कार्य : जिलाधिकारी

**सोनभद्र ।** कलेक्ट्रेट सभागार में पल्स पोलियों अभियान दिसम्बर के सफल संचालन के समुद्देश्य से जिला टास्क फोर्स की बैठक में जिलाधिकारी ने पल्स पोलियों अभियान को सफल बनाने के लिए की गयी तैयारियों की बिन्दुवार समीक्षा की। डीएम ने कहा कि पल्स पोलियों अभियान में 0 से 05 वर्ष के बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाया जाना है जिसकी संख्या 317939 है। पल्स पोलियों अभियान के दौरान 10 दिसम्बर को 1092 बूथों पर पोलियो ड्राप पिलायी जायेगी और इस दिन पोलियो ड्राप पीने से जो बच्चें वँचित रह जायेगें उन्हें 11 से 15 दिसम्बर तक 698 टीमों द्वारा घर-घर जाकर पोलियों की खुराक पिलायी जायेगी। इस अभियान को सफल बनाने हेतु 36



ट्राजिट टीमें एवं 07 मोबाईल टीमें बनायी गयी है जिसके माध्यम से भ्रमणशील रहते हुए पल्स पोलियो अभियान की निगरानी भी की जायेगी ।जिलाधिकारी ने समीक्षा में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए यह सुनिश्चित करने को कहा कि पल्स पोलियों अभियान के दिन सभी प्राथमिक विद्यालय खुले रहेगें एंव अध्यापक उपस्थित होकर बुलावा टोली के माध्यम से बच्चों को बूथ पर लाने का प्रयास करेगें। बूथ दिवस के अवसर पर सभी आगनबाड़ी कार्यकर्त्री एंव सुपरवाइजर भी बूथ पर उपस्थित रहेगीं एंव बच्चों को पोलियो बूथ पर लाने में सहयोग करेगी। जिलाधिकारी ने समीक्षा सभा में इस बात पर खास तवज्जो दी कि पल्स पोलियों अभियान के दौरान सभी विभाग आपस में समन्वय बनाते हुए इस अभियान को सफल बनायेगें तथा इस अभियान के दौरान इस बात का विशेष ध्यान दिया जाय कि कोई भी बच्चा पोलियों की खुराक पीने से वंचित ना रहे और इसमें किसी स्तर पर शिथिलता न बरती जाय।

# शार्ट न्यूज

## पीएमएवाई के तहत 14 लाख से अधिक पूर्ण मकानों के साथ यूपी ने बनाया कीर्तिमान

लखनऊ। (पीएमए) आवास योजना (पीएमएवाई) उत्तर प्रदेश में नए कीर्तिमान बना रही है। उत्तर प्रदेश ने प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के कार्यान्वयन में पिछले कुछ वर्षों से अपना स्थान सबसे आगे बनाए रखा है। इसी क्रम में अब उत्तर प्रदेश ने 14 लाख से अधिक पूर्ण आवासों के रिकॉर्ड को पार कर लिया है। नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में हाल ही में हुई बैठक में राज्य के निरंतर बेहतर प्रदर्शन के साथ ही जल्द पूरी होने वाली परियोजनाओं की प्रगति पर प्रकाश डाला गया। नगर विकास के अधिकारी ने बताया कि पीएम आवास योजना के तहत उत्तर प्रदेश में 17 लाख 65 हजार से ज्यादा आवासों को स्वीकृत किया गया है। इसके तहत अब तक 17 लाख से अधिक आवास धरातल पर नजर आ रहे हैं। वहीं, 59 हजार आवासों का काम जल्द शुरू होने वाला है। साथ ही 14 लाख एक हजार से ज्यादा आवास बनाकर पूर्ण हो चुके हैं, जो बहुत बड़ी उपलब्धि है। जो आवास पूर्ण हो चुके हैं उनमें 12 लाख 12 हजार से ज्यादा आवास बेनिफिशियरी एलईडी कंस्ट्रक्शन (बीएलसी) के तहत बने हैं, जबकि 34 हजार से ज्यादा आवास अफोर्डेबल हाउसिंग इन पार्टनरशिप (एएचपी) के तहत तो एक लाख 55 हजार से ज्यादा आवास क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी स्कीम (सीएलएसएस) के तहत पूर्ण किए गए हैं। इन आवासों को पात्र लाभार्थियों में आवंटित किए जाने की प्रक्रिया भी तेजी से जारी है। बैठक में लखनऊ की अवध विहार योजना में लाइट हाउस प्रोजेक्ट का निर्माण चर्चा का केंद्र बिंदु रहा।

## शासन के मंशानुसार वर्षों से लंबित मामलों का जल्द से जल्द से करें निस्तारण : राज्यमंत्री'

गोरखपुर। (पीएमए)प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री (राजस्व विभाग) अनूप प्रधान की अध्यक्षता में सर्किट हाउस स्थित एनेक्सी भवन में जनपद के विभिन्न धाराओं में दायर राजस्व/चकबंदी वादों के निस्तारण की प्रगति की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में राज्य मंत्री जी ने उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता के अंतर्गत विभिन्न न्यायालय यथा उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, न्यायिक तहसीलदार, नायब तहसीलदार न्यायालय में दर्ज धारा 24(भूमि पैमाईश), धारा 116(बंटवारा), धारा 80(गैर कृषि भूमि उपयोग), धारा 67 (अवैध कब्जा) के अंतर्गत 3 वर्ष व 5 वर्ष से अधिक सभी लंबित मामलों को गंभीरतापूर्वक लेते हुए संतुष्टिपरक, गुणवत्तापरक व शीघ्र निस्तारण करने का निर्देश दिया। राज्य मंत्री जी ने कहा कि सभी अधिकारी विभिन्न राजस्व वादों में तथा धारा 24 के अंतर्गत भूमि का सीमांकन करते समय दोनों पक्षों की आपत्तियां सुनें और पक्ष विपक्ष को समान महत्व देते हुए कार्यवाही करने व वादों के निस्तारण के दौरान गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। बैठक के दौरान ही उन्होंने विभिन्न धाराओं में वादों के निस्तारण के दौरान एक तरफा आदेश पारित करने से बचने की सलाह दी एवं उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता का पूर्णतः अनुपालन करते हुए ही वादों के निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद में चकबंदी के कार्य/वादों का भी तीव्र निस्तारण का निर्देश बंदोबस्त अधिकारी को दिया।

## भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर पुष्पांजलि सभा का आयोजन

गाजीपुर। (पीएमए) भारत रत्न बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर के 67वें महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर बाबा साहब को स्मरण करते हुए उनको श्रद्धांजलि दिये जाने हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में पुष्पांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 अरूण कुमार सिह, मुख्य राजस्व अधिकारी व कलेक्ट्रेट परिवार के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों ने भारत रत्न बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर के छवि चित्र पर पुष्पांजलि तथा फूल माला चढाकर नमन किया। जिलाधिकारी ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुये उनके जीवन संघर्षों को याद किया तथा उनके शिक्षा, सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक, न्यायायिक योगदान पर चर्चा की।उन्होंने कहा कि भारत रत्न बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर का 67वां परिनिर्वाण दिवस है। बाबा साहेब के संघर्ष ने लाखों लोगों में आशा का संचार किया और उनके प्रयासों ने भारत को ऐसा व्यापक संविधान प्रदान किया जिसे कभी नहीं भुलाया जा सकता। यह दिवस हम सबको उनके द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों एवं मूल्यों पर चलने के लिए पुनर्संकल्पित होने की प्रेरणा देता है। यही कारण है कि जाति आधारित भेद भाव के विरूद्ध लड़ाई, सामाजिक न्याय की प्रतिस्थापना, सशक्तीकरण के साधनों के रूप में शिक्षा पर विशेष जोर एवं समावेशी व समतावादी समाज की स्थापना के सन्दर्भ में उनका दर्शन आज पहले से भी अधिक प्रासंगिक हो गया है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 को

गाजीपुर। (पीएमए) उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ से प्राप्त निर्देशानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दिनांक 09.12.2023 को जनपद न्यायालय, गाजीपुर, वाह्य न्यायालय सैदपुर एवं मुहम्मदाबाद व ग्राम न्यायालय जखनियां के साथ-साथ अन्य सरकारी प्रतिष्ठानों में किया जाएगा। विजय कुमार-प्ट, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजीपुर के द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व की भांति माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निर्देशित प्रकरण यथा उत्तराधिकार प्रमाण पत्र संबंधी, छोटे व लघु दाण्डिक वाद, पारिवारिक वाद, धारा-138 एन.आई.एक्ट, स्टाम्प वाद/पंजीयन वाद, मोटर अधिनियम वाद, चकबंदी वाद, श्रम वाद, उपभोक्ता फोरम वाद, वाट-माप प्रचलन अधिनियम वाद, कराधान प्रकरण, बिजली चोरी के वाद, सुलह समझौता एवं मध्यस्थता के माध्यम से वैवाहिक विवाद को परिपक्व कराकर आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में पूर्व की तुलना में ज्यादा से ज्यादा वादों का निस्तारण कर, आमजन को लाभान्वित करते हुए, राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है।

## खेत की हल्की सिचाई करें

गाजीपुर। (पीएमए) जिला कृषि रक्षा अधिकारी गाजीपुर ने बताया है कि इस समय सर्दी का मौसम होने के साथ ही घना कोहरा एवं पाला पड़ रहा है जिसके कारण आलू, सरसो, मटर में रोग एवं कीट लगने की प्रबल सम्भावना है, फसलों को पाला से बचाव के लिए खेत की हल्की सिचाई करें एवं फसल की निरन्तर निगरानी करते है। आलू फसल की पत्तियों में किसी भी प्रकार का दाग- धब्बा दिखाई दे एवं छल्ले के आकार में बढता जाये तो समझे की झुलसा रोग का प्रकोप हो गया है इस रोग से बचाव के लिए आलू की फसल पर मैकोंजेब 75 प्रतिशत डब्ल्यू0पी0 फफूँदनाशक रसायन की 2 ग्राम मात्रा/लीटर पानी में घोलकर 10 दिन के अन्तराल पर 2 छिडकाव करें। मटर की फसल को तुलसीता रोग रोग से बचाव के लिए किसान बन्धू मैकोंजेब 75 प्रतिशत डब्ल्यू0पी0/जिनेब 75 प्रतिशत डब्ल्यू0पी0 की 2.0 किग्रा मात्रा अथवा कॉपरआक्सीक्लोराइड 50 प्रतिशत डब्ल्यू0पी0 की 3.0 किग्रा मात्रा 800 लीटर पानी में धोलकर प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव करें। सरसो की फसल में चेंपा कीट से बचाव के लिए क्लोरोपाइरीफास 20 प्रतिशत ई0सी0 दवा की 0.75 ली0 मात्रा को 800 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें।

## सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर दान करने की अपील

आजमगढ़। (पीएमए) जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ले0 कर्नल वीरेन्द्र सिंह (अ0प्रा0) ने अवगत कराया है कि 07 दिसम्बर, 2023 को सशस्त्र सेना झंडा दिवस वर्ष -2023 मनाया जाना है। सशस्त्र सेना झण्डा दिसव सन् 1949 में 07 दिसम्बर को पहली बार मनाया गया था। पिछले 74 वर्षों से सशस्त्र झण्डा दिवस उन शहीदों व जीवित सैनिकों के सम्मान में मनाया जाता है। जिन्होने बहादुरी के साथ दुश्मन का मुकाबला कर देश का सम्मान व देश की सरहदों को सुरक्षित रखा है। उन्होने आजमगढ़ जनपद के सभी नागरिकों से अपील किया है कि 07 दिसम्बर सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के शुभ अवसर पर बढ़ चढ़ कर खुले दिल से दान करें। इस धनराशि का उपयोग केन्द्रीय सैनिक बोर्ड शहीदों व पूर्व सैनिकों के जरूरत मन्द आश्रितां की सहायता के लिए करता है।